आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 28°C | 14°C |

इनसाइड न्यूज

भाजपा हिंदुस्तानियत पर पैदा कर रही है संकट, देश में एक ही तरह...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 17 नवंबर, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 37 | www.janexpresslive.com/epaper

बच्चियों ने वर्कशॉप की कमाई बाढ़... 12

# योगी जैसे सीएम की कल्पना मुश्किलः राजनाथ

■ लखनऊ में वीरांगना ऊदा पासी की बंदूक लिए प्रतिमा का अनावरण किया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीएम योगी की जमकर तारीफ की। कहा, मैं योगी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि जो काम बहुत सारे लोग इतने सालों में नहीं कर पाए, वो आप कर रहे हैं। मैं तो कभी कल्पना नहीं कर सकता था कि कोई ऐसा मुख्यमंत्री आएगा, जो समाज के बारे में इतना सोचेगा, योगी जी ने ये कर के दिखाया है। समाज में दबा दिए गए हीरोज को सामने लाना कोई आसान काम नहीं है। रविवार को राजनाथ सिंह ने ये बातें लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी पासी के बलिदान दिवस पर कही। उन्होंने सीएम योगी के साथ वृंदावन कॉलोनी के पासी चौराहे पर 12 फीट ऊंची और 6 टन वजनी हाथ में बंदूक लिए प्रतिमा का अनावरण किया। वीरांगना ऊदा देवी पासी ने 1857 के स्वाधीनता संग्राम में लखनऊ के सिंकदर बाग में 36 अंग्रेज सैनिकों को मौत के घाट उतारकर शहीद हुई थी। राजनाथ ने कहा- जब ऊदा देवी शहीद हुईं, तो ब्रिटिश अफसरों ने अपनी हैट उतारकर उन्हें सैल्यूट किया। ये उनकी वीरता का प्रमाण था। पासी समुदाय ने स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। अपना सबकुछ न्यौछावर किया। कार्यक्रम में दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान समेत कई इतिहासकारों ने भी शिरकत की।




### ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र

राजनाथ सिंह ने कहा- भारत की नारी शक्ति स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिए कभी भी पीछे नहीं रही। आज सैनिक स्कूलों के दरवाजे लड़कियों के लिए खुले हैं। भारतीय महिलाएं सियाचिन की ऊंचाइयों से लेकर समंदर की गहराइयों तक देश की सुरक्षा चक्र को मजबूत कर रही हैं। अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महिला पायलटों और महिला सैनिकों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैं यह कह सकता हूं कि भारत की आन-बान-शान की रक्षा के लिए भारत की हर बेटी ऊदा देवी बन सकती है।

### महिलाएं बंदूक चला सकती हैं, युद्ध लड़ सकती हैं

राजनाथ ने कहा- ऊदा देवी की कहानी ने आजादी की लड़ाई में महिलाओं की भूमिका को रोशन किया। वे हमें याद दिलाती हैं कि यदि महिलाएं बंदूक का उपयोग कर सकती हैं, युद्ध में लड़ सकती हैं, और ब्रिटिश सैनिकों को मार सकती हैं, तो वे किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि सच्चा साहस वही है जो अन्याय, भेदभाव और दासता, तीनों के विरुद्ध डटकर खड़ा हो सके।

### यूपी में 21 प्रतिशत दलित आबादी में 16 प्रतिशत पासी

यूपी में दलित आबादी करीब 21 प्रतिशत है। इसमें 16 प्रतिशत अकेले पासी समाज हैं। लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या और सुल्तानपुर में इनकी बड़ी आबादी है। राजनाथ ने कहा- हमारी सरकार सामाजिक न्याय को केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक मिशन मानती है। हमारा लक्ष्य है कि समाज का हर वर्ग, चाहे वह किसी भी जाति, वर्ग या समुदाय से हो, देश की प्रगति में बराबर का भागीदार बने। राजनाथ सिंह ने कहा- हमारी सरकार का यह ध्येय रहा है कि वंचित वर्ग और भी अधिक सशक्त हो। सरकार की योजनाओं से सबसे अधिक वंचित वर्ग लाभान्वित हुआ है। ये लाभकारी योजनाएं उस सेवा अभियान का हिस्सा हैं, जो हमारी सरकार 11 वर्षों से एससी-एसटी और ओबीसी और अन्य वंचित समाज के लिए चला रही है। हमारा मानना है कि समाज कल्याण का रास्ता सामाजिक न्याय से होकर जाता है। इसलिए हमारी प्राथमिकता में हमेशा से ही समाज कल्याण के साथ सामाजिक न्याय रहा है।

### 'हमने 3 नई पीएसी महिला बटालियन का गठन किया'

इससे पहले योगी ने कहा, हम सभी शहीद वीरांगना ऊदा देवी की स्मृतियों को नमन करते हैं। भारत की स्वाधीनता को प्राप्त करने के लिए ऐसे वारों का योगदान अविस्मरणीय है। शहीद वीरांगना ऊदा देवी केवल नारियों के लिए ही नहीं, बल्कि हर हिंदुस्तानी के लिए एक प्रेरणा हैं। मैं इस स्मृति के लिए उन्हें नमन करता हूं। उन्होंने कहा- वीरांगना ऊदा देवी का बलिदान हमें प्रेरणा देता है कि अन्याय बड़ा हो तो प्रतिरोध उससे भी बड़ा होना चाहिए। महाराजा बिजली पासी किले में आज हमारी सरकार ने लाइट एंड साउंड का कार्यक्रम स्वीकृत कर दिया है। ताकि, इस क्षेत्र के सभी योद्धाओं के इतिहास को वर्तमान पीढ़ी जान सके और उससे प्रेरणा प्राप्त कर सके। योगी ने कहा- हमारी सरकार ने 3 नई पीएसी महिला बटालियन का गठन किया। लखनऊ में हमारी सरकार के द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र के निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सम्मान, सुरक्षा और उनके स्वावलंबन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### 'समाज के वंचित और पिछड़े समुदायों को सही जगह मिले'

राजनाथ सिंह ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि देश के हर वर्ग, विशेषकर समाज के हाशिये पर रहने वाले समुदायों को, उचित प्रतिनिधित्व मिले। उन्हें अपनी बात रखने के लिए स्थान मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में भी इस बात का ध्यान रखा गया है कि समाज के वंचित और पिछड़े समुदायों को सही जगह मिले। कोई भी देश या समाज सिर्फ इस बात से नहीं जाना जाता कि वह सक्षम वर्ग के लोगों के लिए कितना कर पाया है, बल्कि इस बात से जाना जाता है कि वह वंचित वर्ग के प्रति कितना संवेदनशील है।

### 'जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत के बारे में हमारे देश के लोग जान पा रहे हैं'

राजनाथ सिंह ने कहा- जनजातीय समुदाय के बलिदान, संस्कृति और विरासत को सभी के सामने लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव वर्ष मनाने की घोषणा भी की गई थी। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत के बारे में हमारे देश के लोग जान पा रहे हैं। हमारा हमेशा से ध्येय रहा है कि दलित समाज के नायकों को सब लोग जानें। जिससे समाज में एकता बढ़े। विश्वास बढ़े। एक दूसरे के लिए सम्मान बढ़े। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर से जुड़ी जगहों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का मौका मिला।

### हर हिंदुस्तानी के लिए एक प्रेरणा : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ... हम सभी शहीद वीरांगना उदा देवी की स्मृतियों को नमन करते हैं... भारत की स्वाधीनता को प्राप्त करने के लिए ऐसे वारों का योगदान अविस्मरणीय है... शहीद वीरांगना उदा देवी केवल नारियों के लिए ही नहीं बल्कि हर हिंदुस्तानी के लिए एक प्रेरणा हैं। मैं इस स्मृति के लिए उन्हें नमन करता हूं...卐 योगी ने कहा- 1857 के स्वतंत्र समर का केंद्र बिंदु उत्तर प्रदेश था। ऊदा देवी सभी के लिए प्रेरणा है। 16 नवंबर 1857 को पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेजों को ढेर करने का काम किया था।

### डबल इंजन सरकार पर क्या बोले योगी?

योगी ने कहा- लखनऊ में बिजली पासी किला के सौंदर्यीकरण और लाइट-साउंड का काम डबल इंजन सरकार ने आगे बढ़ाया। हमारी सरकार ने 3 नई पीएसी की महिला बटालियन गठन की और उस बटालियन का नाम ऊदा देवी का नाम पर रखा है। 18 जनपदों में 18 अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण किया गया है, श्रमिकों के बच्चों के रहने और खाने की व्यवस्था इन विद्यालयों में की है।



# दिल्ली में ब्लास्ट हुई कार का मालिक गिरफ्तार

■ हृढ ने आमिर को दिल्ली से पकड़ा, इसने आतंकी उमर के साथ धमाके की साजिश रची

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली ब्लास्ट केस में हृढ ने रविवार को आतंकी उमर के साथी आमिर राशिद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इसने उमर के साथ मिलकर दिल्ली ब्लास्ट की साजिश रची थी। वह जम्मू-कश्मीर के पंपोर के संबूरा का रहने वाला है। द्व20 कार आमिर के नाम पर ही रजिस्टर्ड थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी डॉ. उमर नबी से जुड़े कुछ लोगों को पकड़ा है। जांच में पता चला कि डॉक्टरों वाला यह व्हाइट-कॉलर मॉड्यूल पिछले साल से एक सुसाइड बॉम्बर ढूंढ रहा था और इसकी जिम्मेदारी उमर पर थी। हिरासत में लिए गए काजीगुंड के जसीर उर्फ दानिश ने बताया कि उसकी इस मॉड्यूल से पहली मुलाकात अक्टूबर 2023 में कुलगाम की एक मस्जिद में हुई थी। बाद में उसे फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के पास किराए के कमरे में रखा गया। मॉड्यूल उसे ओवरग्राउंड वर्कर बनाना चाहता था, लेकिन उमर महीनों तक उसे सुसाइड बॉम्बर बनने के लिए मनाता रहा। योजना इसलिए फेल हुई क्योंकि जसीर ने आर्थिक तंगी और इस्लाम में आत्महत्या हराम होने की बात कहकर सुसाइड बॉम्बर बनने से मना कर दिया। दिल्ली में सुभाष मार्ग सिग्नल पर 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट में 13 लोग मारे गए थे।




फाइल फोटो

### दिल्ली पुलिस ने 34 लावारिस वाहन जब्त किए

दिल्ली धमाके के बाद से दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है। सेंट्रल दिल्ली में एंटी-टेरर सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। शनिवार रात अभियान में पुलिस ने 34 लावारिस वाहन जब्त किए। साथ ही 417 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हथियारबंद जवान तैनात किए हैं। होटल, गेस्ट हाउस, साइबर कैफे, केमिकल शॉप्स और सिम विक्रेताओं पर सघन वेरिफिकेशन चल रहा है। किरायेदारों और मजदूरों की जांच भी बढ़ाई गई है। हरियाणा के नूंह में डॉ. उमर नबी ने एक घर में किराए का कमरा लिया हुआ था। यहां की सुरक्षा बढ़ाई गई है। मकान की मालिक फरार है। जो अल-फलाह यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रिशियन का काम कारने वाले शख्स की बहन है।

20 से ज्यादा घायलों का इलाज जारी है। 3 की हालत गंभीर है।

### डॉ. शाहीन कहती थी- कौम का कर्ज उतारना है

दिल्ली ब्लास्ट की आतंकी लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद 10 साल से पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी थी। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि शाहीन 2015 में जैश से जुड़ी थी। 2021 में एक रिश्तेदार ने डॉ. शाहीन को पति, बच्चे और नौकरी छोड़ने पर जब टोका तो शाहीन ने कहा था- परिवार और नौकरी में क्या रखा है। अपने लिए बहुत जी लिए। अब कौम का कर्ज उतारने का समय है। फिया एजेंसियों ने उमर, मुजम्मिल और शाहीन को मिले 20 लाख रुपए के फंड ट्रेल का खुलासा किया है। सूत्रों ने कहा कि संभवतः यह पैसा हवाला नेटवर्क के जरिए जैश-ए-मोहम्मद के एक हैंडल के जरिए भेजा था।

### एटीएस ने लखनऊ से भाई-बहन को हिरासत में लिया

दिल्ली ब्लास्ट केस में एंटी टेरेरिस्ट स्क्वॉड ने रविवार को लखनऊ से 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। आरोपी भाई-बहन हैं, जो पारा इलाके के कुंदन विहार में रहते थे। सूत्रों का कहना है कि दोनों का ब्लास्ट मामले से कनेक्शन मिला है। अभी आरोपियों का नाम नहीं पता चला है। परिवार के लोग भी सामने नहीं आए हैं। ऄस दोनों को कहां लेकर गई है, यह भी जानकारी सामने नहीं आई है। ऄस तीन दिनों से संदिग्धों की रेकी कर रही थी। जम्मू-कश्मीर ने अनंतनाग और कुलगाम में हस्त्र ने फर्टिलाइजर्स की दुकानों की तलाशी ली। उनके रिकॉर्ड जांचे गए। साथ ही कार डीलर्स, विस्फोटक मैगजिन, मिलावट करने वाले और संवेदनशील रॉ मटेरियल का मैनेजमेंट करने वाली इंडस्ट्रीज भी की जांच की गई।

### दवाओं के लिए मुजम्मिल से संपर्क में था इमाम

अल फलाह यूनिवर्सिटी में बने मेडिकल में इलाज के लिए सिरोही की मस्जिद के इमाम इमामुद्दीन मेडिकल जाते थे। उनके बेटे मुहम्मद जुनैद ने बताया कि उनके पिता को पुलिस सिर्फ जांच के लिए लेकर गई है। मोहम्मद जुनैद ने बताया कि उनका परिवार पिछले 20 साल से यहां रह रहा है और नजदीक में अल फलाह यूनिवर्सिटी का मेडिकल है, इसीलिए वो वहीं पर इलाज करवाने जाते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दवाओं और मेडिकल सुविधा को लेकर डॉ. मुजम्मिल से संपर्क था, इसीलिए इमामुद्दीन की डॉ मुजम्मिल की कभी कभार बात होती थी।

### उमर के घर पर थी विस्फोटक बनाने की लैब

रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उमर उन नबी ने फरीदाबाद में अल-फलाह यूनिवर्सिटी के पास अपने घर में एक लैब बनाई थी। जहां वह विस्फोटकों की टेस्टिंग करता था। साथ ही बम बनाने की उन तकनीकों को आजमाता था, जो उसके पाकिस्तानी हैंडलर उसे टेलीग्राम पर भेजते थे। हैंडलर टेलीग्राम चैट के जरिए तीनों डॉक्टरों को निर्देश, कट्टरपंथ फैलाने वाले वीडियो और बम बनाने के वीडियो भेज रहे थे। एजेंसियों का मानना है कि डॉ. उमर बम बनाने का एक्सपर्ट था, इसीलिए उसने अपने घर पर ही एक लैब बना रखी थी। वह वहां ज्यादातर अकेले काम करता था।

### आतंकी उमर ने 10 दिन के लिए किराए पर घर लिया था

डॉ. उमर नबी ने नूंह में दिल्ली-अलवर रोड पर हिदायत कॉलोनी में कमरा किराए पर लिया था। ब्लास्ट से पहले उमर 10 दिन यहीं रहा। 10 नवंबर को उमर यहीं से आई-20 कार में विस्फोटक लेकर निकला था। यह घर अल-फलाह यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रिशियन शोएब की साली का है। शोएब पहले ही पुलिस हिरासत में है। शोएब ने ही 10 दिन के लिए उमर को यह कमरा दिलाया था। शोएब की साली मूल रूप से नूंह के गोलपुरी गांव की रहने वाली है। उसकी ससुराल खिल्लुका गांव में है।

# नारी शक्ति की उड़ान : अब टेरिटोरियल आर्मी में भी शामिल हो सकेंगी महिलाएं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय सेना महिलाओं के लिए एक और नया दरवाजा खोलने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, आर्मी ने टेरिटोरियल आर्मी की कुछ बटालियनों में महिला कैडर की भर्ती का प्रस्ताव विचार के लिए रखा है। शुरुआत एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर होगी, यानी फिलहाल कुछ ही यूनिट्स में महिलाओं को जगह दी जाएगी। आगे चलकर, नतीजों और अनुभव के आधार पर दायरा बढ़ाया जा सकता है।



### महिलाओं के लिए सैन्य अवसरों की नई राह

सरकार लंबे समय से सशस्त्र बलों में नारी शक्ति पर जोर दे रही है। सेना भी अपने ढांचे में महिलाओं की भूमिका को धीरे-धीरे विस्तार दे रही है। मार्च 2022 में राज्यसभा में दिए एक लिखित जवाब में तत्कालीन रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया था कि महिलाओं की कॉम्बैट भूमिका को लेकर नीति लगातार समीक्षा में रहती है। आज महिलाएं सेना की 10 बड़ी शाखाओं, इंजीनियर्स, सिग्नल्स, एयर डिफेंस, एएससी, एओसी, ईएमई, आर्मी एविएशन, इंटेलिजेंस, जेएजी और एजुकेशन कॉर्प्स, में सेवा दे रही हैं।

### टेरिटोरियल आर्मी का वर्तमान स्वरूप

आज टेरिटोरियल आर्मी में करीब 50,000 जवान हैं। इनमें 65 विभागीय इकाइयां (जैसे रेलवे, आईओसी, ओएनजीसी) और कई गैर-विभागीय टेरिटोरियल आर्मी बटालियन शामिल हैं। इसमें इंफैंट्री, होम एंड हार्थ बटालियन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी इकोलॉजिकल बटालियन, एलओसी पर बाड़बंदी का रखरखाव करने वाली इंजीनियर रेजिमेंट शामिल हैं।

### युद्ध और अभियानों में अहम भूमिका

टेरियर्स यानी टेरिटोरियल आर्मी जवानों ने देश के कई बड़े सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इसमें 1962, 1965 और 1971 के युद्ध, श्रीलंका का ऑपरेशन पवन, पंजाब व जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन रक्षक, पूर्वोत्तर राज्यों में ऑपरेशन राइनो और बजरंग शामिल हैं।

### क्या है टेरिटोरियल आर्मी?

टेरिटोरियल आर्मी को 18 अगस्त 1948 को कानून के तहत स्थापित किया गया था। बाद में भारत के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी ने 9 अक्टूबर 1949 को इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसकी खासियत है, नागरिक सैनिक (सिटिजन सोल्जर) का विचार। यानी ऐसे नागरिक जिन्हें देश की सेवा का जुनून है, लेकिन जो नियमित सेना में शामिल होने की उम्र पार कर चुके हों, उन्हें वर्दी पहनने का मौका मिलता है।

# उत्तराखंड सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका, उपनलकर्मियों पर याचिका खारिज

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। राज्य में उपनल (उप-नियुक्त) कर्मचारियों के पक्की नौकरी (रेगुलराइजेशन) का रास्ता साफ हो गया है। शीर्ष अदालत ने सरकार की ओर से दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया और पिछले हाईकोर्ट फैसले को सही ठहराया।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की राज्य सरकार की याचिका

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और पी.बी. वराले की पीठ ने कहा कि 15 अक्टूबर, 2024 को दिए गए फैसले में कोई स्पष्ट त्रुटि नहीं है। इसलिए इसे समीक्षा या पुनर्विचार की



कोई आवश्यकता नहीं है। इस फैसले से बड़ी संख्या में उपनल कर्मचारियों के नियमित होने की प्रक्रिया को आगे बढ़ने का रास्ता खुल गया है। राज्य सरकार ने 2019 से 2021 के बीच दर्ज कई विशेष अनुमति याचिकाओं (एसएलपी) और सिविल अपीलों में अपने विभागों में उपनल कर्मचारियों को नियमित करने के हाईकोर्ट आदेश की समीक्षा की मांग की थी।

### हाईकोर्ट के फैसले की पुष्टि

सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर, 2024 के आदेश में उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस फैसले में दखल देने से इनकार किया था। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के विभागों में उपनल कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से नियमित करने का आदेश दिया था। पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के फैसले में दखल देने के इच्छुक नहीं है। इस आदेश के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से दाखिल सभी संबंधित अर्जियों का निपटारा कर दिया।

### हाईकोर्ट ने दिया था नियमितीकरण का आदेश

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 2018 में कुंदन सिंह व अन्य की याचिकाओं पर विचार करते हुए राज्य सरकार को नियमितीकरण योजनाओं के अनुसार एक वर्ष की अवधि के भीतर चरणबद्ध तरीके से उपनल से नियुक्त कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश दिया था। इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की थी।

### कर्मचारियों के लिए राहत

इस फैसले से उपनल द्वारा नियुक्त कर्मचारियों के नियमित होने का रास्ता साफ हो गया है। अब उनकी पक्की नौकरी की प्रक्रिया में कोई कानूनी बाधा नहीं बची है। कर्मचारी लंबे समय से नियमितीकरण की प्रतीक्षा कर रहे थे और इस फैसले से उनके रोजगार में स्थायित्व सुनिश्चित होगा। उत्तराखंड सरकार की समीक्षा याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर राज्य कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया है। यह फैसला राज्य के लाखों उपनल कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

## श्रीधाम एक्सप्रेस में बम की खबर : मथुरा जंक्शन पर अफरा-तफरी, बम निरोधक दस्ते ने खंगाले कोच

जन एक्सप्रेस। मथुरा

जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जबलपुर से नई दिल्ली जाने वाली श्रीधाम एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही रेलवे की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं और देखते ही देखते प्लेटफॉर्म पर भगदड़ जैसा माहौल बन गया। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड, आरपीएफ और जीआरपी की टीमें ट्रेन में पहुंच गईं। दरअसल, ट्रेन सुबह 10:02 बजे पर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। ट्रेन के पहुंचते ही जीआरपी, आरपीएफ ने तत्काल सभी दरवाजे सील कर दिए। यात्रियों को सुरक्षित दूरी पर ले जाकर खड़ा किया गया। बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और कोच दर कोच सघन जांच शुरू की।

## हाई अलर्ट पर दिल्ली : पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर पुलिस की नजर, नंबर से पहुंच रही घर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लाल किले के पास हुए बम धमाके के बाद दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करते हुए पुलिस अब राजधानी में खड़ी हर संदिग्ध गाड़ी की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस टीम पार्किंग स्थलों, बाजारों, मुख्य सड़कों और रिहायशी इलाकों में खड़ी कारों के नंबर निकालकर उनके मालिकों से सीधे संपर्क कर रही है और पूछताछ कर रही है। नई दिल्ली रेंज के ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि धमाके में कार के इस्तेमाल होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि कार संबंधी बम ब्लास्ट ने पूरी राजधानी को दहशत में डाल दिया है। इसी वजह से अब किसी भी वाहन को बिना जांच के खड़ा रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पुलिस टीमें मौके पर जाकर वाहनों की पहचान करती हैं और उसके मालिक से संपर्क कर पूछती हैं कि गाड़ी कितने समय से खड़ी है और किस वजह से खड़ी की गई है। पुलिस जांच के दौरान उन वाहनों को प्राथमिकता दे रही है जिनके नंबर पुराने हैं, लंबे समय से एक ही स्थान पर खड़े हैं, या जिनके मालिकों के संपर्क विवरण तुरंत नहीं मिलते। इसके अलावा, स्थानीय थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र की पार्किंगों का डेटा अपडेट रखें।

### खड़ी गाड़ियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही

उपायुक्त के अनुसार, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों जैसे बाजार, मेट्रो स्टेशन, ऑफिस कॉम्प्लेक्स और सरकारी भवनों के आसपास खड़ी गाड़ियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस का कहना है कि कई मामलों में लोग गाड़ियां घंटों तक बिना किसी सूचना के सार्वजनिक स्थानों पर छोड़ देते हैं, जिससे सुरक्षा जोखिम बढ़ जाता है।

# 'ऑपरेशन ईगल' पुलिस ने भिन्न-भिन्न स्थानों से अवैध गांजे की खेती सहित 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बांदा




अभियुक्तों के कब्जे से 17.01 किलोग्राम अवैध हरा गांजा व 1100 ग्राम अवैध सूखा गांजा किया गया बरामद।अभियुक्तों द्वारा अपने घर के अन्दर बाड़े में की जा रही थी अवैध गांजे की खेती।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन ईगल÷ के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से अवैध गांजे की खेती करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।गौरतलब हो कि थाना अतर्रा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई ग्राम गोखिया में 02 व्यक्तियों अपने-अपने घर के अन्दर बाड़े में अवैध गांजे की खेती की जा रही है तथा अवैध रुप से हरे गांजे को सुखाकर उनकी बिक्री भी की जाती है।सूचना पर तत्काल दो अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा ग्राम गोखिया में अभियुक्त लखन लाल पुत्र जयराम व संतोष उर्फ बादे पुत्र सीताशरण के घर पर छापेमारी करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा दोनों के घरो से कुल 17 किलो 10 ग्राम अवैध हरा गांजा तथा 1100 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ जिसमें अभियुक्त लखन लाल के घर से 10 किलो 740 ग्राम हरा गांजा व 570 ग्राम सूखा गांजा तथा अभियुक्त संतोष के घर से 06 किलो 70 ग्राम हरा गांजा व 530 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है ।

बरामद-17 किलो 10 ग्राम अवैध हरा गांजा,1100 ग्राम अवैध सूखा गांजा गिरफ्तार अभियुक्त-लखन लाल पुत्र जयराम निवासी गोखिया थाना अतर्रा,सन्तोष उर्फ बादे पुत्र सीताशरण निवासी गोखिया थाना अतर्रा गिरफ्तारी करने वाली टीम-प्रभारी निरीक्षक थाना अतर्रा ऋषदेव सिंह,उप निरीक्षक प्रेमपाल सिंह,उप निरीक्षक मणिशंकर मिश्र, कांस्टेबल जंगबहादुर, कांस्टेबल पंकज द्विवेदी, कांस्टेबल अर्जुन वर्मा, कांस्टेबल प्रशान्त यादव आदि मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का सख्ती से कराएंगे पालन: गौर

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त केडी सिंह गौर ने जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट रोड़ सोनेपुर स्थित गणेशबाग तिराहा पर बनने वाले नवीन परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बिना सीट बेल्ट और बिना हेलमेट के वाहनों की सघन जांच की और लोगों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए जागरूक भी किया तथा स्कूली बच्चों को डग्गामार वाहनों से ले जाने पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

उप परिवहन आयुक्त ने बताया कि कलेक्ट्रेट रोड स्थित गणेश बाग तिराहा पर परिवहन विभाग का नया कार्यालय बनना प्रस्तावित है। यह कार्यालय लगभग 12 करोड़ की लागत से दो एकड़ में बनेगा। जिसमें कार्यालय के सभी प्रमुख पटल के साथ सारथी हाउस भी बनेगा। उन्होंने बताया कि इसकी धनराशि आवंटित हो चुकी है, शीघ्र भूमि पूजन कराकर कार्यदाई संस्था सीएनडीएस द्वारा इसका निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस दौरान उप परिवहन आयुक्त ने बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहनों की सघन चेकिंग की। जिसमें बिना हेलमेट, बगैर बीमा और बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लगभग दो दर्जन वाहनों के चालान कर जुर्माना वसूला गया। इस दौरान लोगों को उनकी जान सुरक्षित करने के मकसद से यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। उप परिवहन आयुक्त ने बुंदेलखंड क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने सड़क किनारे चेतावनी संकेतक, स्पीड लिमिट बोर्ड लगाने और ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों के आसपास नियमित चेकिंग करने और बिना अनुमति या फिटनेस वाले वाहनों पर तत्काल चालान व जब्ती कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर पीटीओ दीप्ती त्रिपाठी, आरआई रवि शंकर, कार्यालय सहायक अरुण कुमार पांडेय, असलम खां, कमलेश कुमार, अजय कुमार, मुनेन्द्र तिवारी, रंजीत आदि मौजूद रहे।

# सैनिक सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक ने सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी ने जनपद के सभी थाना चैकी व शाखा प्रभारियों के कार्यों का मूल्यांकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना तथा सम्बन्धितों को निस्तारण के निर्देश दिए।

अपराध समीक्षा गोष्ठी में एसपी ने कहा कि लंबित अपराधों की विवेचना कर शीघ्र निस्तारण करें तथा लंबित आरोप पत्र व अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में एक सप्ताह के अंदर दाखिल करें। कहा कि हिस्ट्रीशीट की जांच कर करें तथा गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई करें। हत्या, लूट, चोरी आदि घटनाओं के अनावरण के लिए निर्देशित किया। साथ ही प्रचलित अभियानों के सम्बन्ध मे चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सात वर्षों से अधिक सजा के अभियोगों के शेष आरोपियों को गिरफ्तार करें। धारा 363, 366 137(2), 87 बीएनएस के बरामदगी के लिए शेष लम्बित अभियोगों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। एनसीआर व एफआईआर के आरोप पत्र/अंतिम पत्र दाखिला सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश। आईटीएसएसओ पोर्टल पर प्रदर्शित लम्बित अभियोगों के निस्तारण व थाना स्तर पर लंम्बित चरित्र सत्यापन के आवश्यक निर्देश दिए। दर्पण डैसबोर्ड की रैकिंग व माल निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देशित किया। इसके अलावा सड़क दुर्घटना से सम्बन्धित पुलिस फार्म के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्देशित किया कि क्राइम अगेस्ट वुमेन पोर्टल में लम्बित विवेचनाओं का भी निस्तारण किया जाए। इस दौरान एसपी ने सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली, क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद सहित सम्बन्धित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# असीम ऊर्जा संवर्धन के लिए करें कुंडलिनी शक्ति विकासक योग क्रिया: योगाचार्य

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने कुंडलिनी शक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास कराते हुए बताया कि इस सूक्ष्य योग क्रिया के अभ्यास से रचनात्मक इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति, आनंद शक्ति जागृत होती है और शरीर में असीम ऊर्जा का संचार होता है। योगाचार्य ने बताया कि कुंडलिनी शक्ति रीढ़ की हड्डी के आधार अथवा मूल पर स्थित एक दिव्य और सर्प जैसी ऊर्जा है, जिसे सोया हुआ सर्प कहा जाता है। इस सोई हुई सरपेंट पावर को योग अभ्यास और ज्ञान जैसे निरंतर अभ्यास से जागृत करके आत्म जागरूकता और आध्यात्मिक उन्नति कर सकते हैं। इसकी ऊर्जा से शरीर निरोग, पुष्ट, बलवान, फुर्तीला और उत्साही बनता है तथा ज्ञान का संवर्धन होता है। साथ ही ब्रह्मचर्य और मोक्ष प्राप्ति में सहायता मिलती है व अंतर्दृष्टि विकसित होती है। बताया कि इस योगाभ्यास को करने के लिए साम्यावस्था में खड़े होते हैं तथा सांस खींचते हुए बाएं पैर की एड़ी को उठाकर नितंब पर हिट करते हैं, फिर सांस छोड़कर पैर को पूर्व स्थिति में लाते हैं। इसके बाद पुनः सांस खींचकर दाएं पैर की एड़ी से नितंब को हिट करते हैं, फिर सांस छोड़कर दाएं पैर को पूर्व स्थिति में लाते हैं। यह क्रिया दोनों पैरों से बारी-बारी से 10 बार दोहराते हैं। एड़ी से नितंब को हिट करते समय सांस झटके से छोड़ते हैं और पैर वापसी में सांस भरते हैं। सावधानी के तौर पर उच्च रक्तचाप की दशा में इसे धीरे-धीरे करना चाहिए।

# पुलिस ने अवैध तमंचो के साथ 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बांदा

मौके पर अभियुक्तों के पास से 02 अवैध तमंचा व 09 जिन्दा/खोखा कारतूस बरामद।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को अवैध शस्त्रो व कारतूसो के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।गौरतलब हो कि दिनांक 15नवम्बर को देर रात्रि थाना कमासिन पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रानीपुर में दो व्यक्ति अवैध तमंचा के साथ अपने खेतो के बीच बने हार में बैठे है।सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर दोनों व्यक्तियों को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो मौके से 01 अवैध तमंचा(अद्धा) 315 बोर, व 01 तमंचा 12 बोर तथा 08 जिन्दा कारतूस कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद हुए ।

बरामद-01 तमंचा (अद्धा) 315 बोर,01 अवैध तमंचा 12 बोर,08 जिन्दा कारतूस 315 बोर,01 खोखा कारतूस 12 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-रम्पत पुत्र कोदूराम निवासी रानीपुर थाना कमासिन,रामबाबू पुत्र कैरा प्रसाद निवासी रानीपुर थाना कमासिन

गिरफ्तारी करने वाली टीम-उप निरीक्षक दीपक कुमार सैनी,उप निरीक्षक अनुराग,हेड कांस्टेबल जावेद अली आदि मौजूद रहे।

# आदिवासी परिवारों के बच्चों के बीच वितरित किए कपड़े और जूते



जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। मानिकपुर ब्लॉक के सरैया ग्राम पंचायत के मजरा घाटी कोलान और मजरा रमपुरिया में जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने जीव दया फाउंडेशन यूएसए के सहयोग से आदिवासी बच्चों के लिए बाल दिवस मेले का आयोजन किया। जिसके माध्यम से जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा व मूलभूत सामग्री उपलब्ध कराकर उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी बच्चों को नए कपड़े और जूते वितरित किए गए। इस दौरान संस्था के कार्यकर्ता आदित्य ने बच्चों तथा उनके माता-पिता से संवाद करते हुए उन्हें स्वच्छता, पोषण, नियमित पढ़ाई और आत्मविश्वास के महत्व के बारे में बताया। मानिकपुर के बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुज प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों के माता-पिता को स्कूल शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सरकारी अवसरों और योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। जिसमें नेशनल स्कॉलरशिप (छात्रवृत्ति) योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। इसके साथ ही सभी को जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा की प्रक्रिया, पात्रता, नि:शुल्क शिक्षा के लाभ और समय पर आवेदन करने की सलाह दी गई। बालिकाओं के लिए संचालित नि:शुल्क आवासीय विद्यालय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा आदिवासी बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।

# पुलिस लाइन में सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था ने आयोजित किया एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

जन एक्सप्रेस। बांदा



दिनांक 16नवम्बर को पुलिस लाइन में सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था के द्वारा एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया साथ ही यह संदेश दिया गया कि ÷रक्तदान÷ महादान है।रक्त देकर किसी जरूरतमंद की जान बचाना सबसे बड़ा मानवीय कार्य है। शिविर का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों जिला अस्पताल एवं अन्य चिकित्सा संस्थानों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।इस अवसर पर डॉ0 अंकित सिंह ब्लड बैंक प्रभारी, डॉ0 रचना यादव, प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव सहित पुलिसकर्मी व ब्लड बैंक की टीम आदि मौजूद रही।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना तिन्दवारी का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बांदा



अर्दली रूम कर पेंडिंग विवेचनाओं के निस्तारण व वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा देर रात्रि थाना तिन्दवारी का आकस्मिक निरीक्षण कर अर्दली रूम किया गया।इस दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए।अर्दली रुम के दौरान थाना प्रभारी व सभी विवेचकों से उनके क्षेत्रो की आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे।अपराधों की समीक्षा के क्रम में माल मुकदमाती वाहनों के निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने मे विवेचनाओं की समीक्षा,अपहर्ताओं की बरामदगी के निर्देश दिये गए साथ ही वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी व लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान थानों के विभिन्न रजिस्टरों, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालयों, मेस आदि को चेक कर प्रभारी निरीक्षक थाना तिन्दवारी दीपेन्द्र कुमार सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

# सहायक पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली नगर का किया त्रैमासिक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। बांदा

थाना के विभिन्न अभिलेखों, आपराधिक रजिस्टरों, बीट सूचना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, शस्त्रागार, मालखाना आदि का निरीक्षण कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश।

दिनांक 15नवम्बर को सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक द्वारा थाना कोतवाली नगर का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना के विभिन्न अभिलेखों, आपराधिक रजिस्टरों, बीट सूचना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, शस्त्रागार, मालखाना आदि का गहनता से निरीक्षण किया गया। महिला हेल्प डेस्क, आगन्तुक कक्ष आदि का अवलोकन कर निर्देश दिए कि किसी भी महिला, बच्चे या कमजोर वर्ग के शिकायतकर्ता को थाने में आने पर सुरक्षित, सहज और सम्मानजनक वातावरण प्रदान किया जाए। मालखाना तथा शस्त्रागार की व्यवस्था का विशेष रूप से मूल्यांकन कर जब्त व मुकदमें से सम्बन्धित माल एवं शस्त्रों के रख-रखाव की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी सामग्री निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से रखी जाए। थाने में उपलब्ध सीसीटीवी कैमरों, वायरलेस सेट/सिस्टम, कंप्यूटर सिस्टम आदि अन्य तकनीकी संसाधनों की कार्यशीलता को भी चेक कर आधुनिक तकनीकि का अधिक से अधिक उपयोग कर अपनी कार्यकुशलता में वृद्धि कर घटनाओं की त्वरित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।साथ ही थाने की साफ-सफाई, अनुशासन, कर्मचारियों की उपस्थिति और आमजन के व्यवहार के प्रति संवेदनशीलता की भी समीक्षा की गई और कहा गया कि थाने में आने वाला हर व्यक्ति सहयोगपूर्ण वातावरण महसूस करे । गश्त व्यवस्था और रात्रि पेट्रोलिंग को और अधिक सक्रिय रखे जिससे कि कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएंगी भोजन व नाश्ता

चित्रकूट। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के भोजन व नाश्ते की व्यवस्था के लिए स्वयं सहायता समूह व संकुल स्तरीय समितियों का चयन किया गया है। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग के निदेशक द्वारा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सरधुवा के लिए कुटुम्ब संकुल स्तरीय संघ, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कलचिहा के लिए जय मारी दाई स्वयं सहायता समूह तथा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मानिकपुर के लिए सीता स्वयं सहायता समूह के माध्यम से विद्यार्थियों को भोजन व नाश्ता 114 रुपये प्रतिछात्र प्रतिदिन के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन द्वारा पुनरीक्षित दरों से जहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन व नाश्ता उपलब्ध कराया जाना संभव हुआ है, वहीं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को उनकी आय का स्रोत मिला है।

# 19 को दीनदयाल आईटीआई में होगा 'युवा संगम' रोजगार मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र चित्रकूट में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा आगामी 19 नबम्बर बुधवार को जिला प्रशासन सतना और जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से युवा संगम रोजगार मेला आयोजित होगा। यह मेला सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें 15 बड़ी कंपनियां में युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर मिलेंगे। मेले में एमएसएमई, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ी कंपनियां आएंगी। रोजगार मेला में चैतन्य फाइनेंस, प्रगतिशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, देवा एंटरप्राइजेज, मदरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड, टीएसपीएल आदि कंपनियों में 18 से 35 वर्ष के दसवीं पास से लेकर आईटीआई, डिप्लोमा डिग्री और स्नातक युवाओं को रीवा संभाग, गुजरात, महाराष्ट्र आदि स्थानों पर रोजगार के अवसर मिलेंगे। दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य संजय दुबे ने बताया कि संस्थान द्वारा राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए संचालित दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र चित्रकूट क्षेत्र के ग्रामीण लोगों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से जोड़कर रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 2006 से कार्यरत है। जिसमें आठ व्यावसायिक ट्रेंडों को इनमें शामिल किया गया है। जिनकी प्रशिक्षण अवधि एक से दो वर्ष तक है। इनमें इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, कोपा, कटिंग एंड सुइंग, ड्राफ्ट्समैन, प्लंबर, सोलर टैक्नीशियन आदि को शामिल किया गया है।

# बांदा प्रीमियर लीग(बीपीएल)का दो दिवसीय ट्रायल से हुआ शुभारंभ

## 23 नवम्बर को ऑक्शनके माध्यम से होगा क्रिकेटरों का चयन खिलाड़ियों की लगेगी बोली, 25 दिसम्बर 2025 से होगा BPL का आगाज

जन एक्सप्रेस। बांदा



भागवत प्रसाद मेमोरियल में आयोजित बीपीएल सीजन 5 का ट्रायल आयोजित किया गया इस ट्रायल का शुभारंभ सीनियर खिलाड़ी विजेंद्र पांडे बिरजू भैया अनिल अवस्थी अन्नू भैया, शिव शरण कुशवाहा,राम लखन कुशवाहा के द्वारा शुभारंभ किया गया इस ट्रायल में देश के कोने-कोने से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस ट्रायल में कई रणजी खिलाड़ी तथा बोर्ड प्लेयर बोर्ड ट्रॉफी प्लेयर और 2020 लीग के क्रिकेटरों ने भी प्रतिभाग किया इस ट्रायल के खिलाड़ियों का सिलेक्शन पूर्व रणजी प्लेयर अमित मिश्रा (कानपुर ), अभिनव दीक्षित (लखनऊ) विपलेंद्र सिंह (बनारस ) के द्वारा लिया गया दो दिवसीय ट्रायल में कुल 323 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने हुनर, काबिलियत की परीक्षा दी।इस मौके पर बांदा प्रीमियर लीग आयोजन के संरक्षक वासिफ जमा खान,सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, विजेन्द्र पांडे बिज्जू भैया, अनिल अवस्थी अन्नू भैया, बीपीएल चेयरमैन अंकित कुशवाहा बीपीएल आयोजन सचिव महेश साहिल बीपीएल सचिव धनंजय करवरिया, बीपीएल उपाध्यक्ष महेंद्र कछवाह, शिव प्रताप सिंह बीपीएल कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अवस्थी मनोज मिश्रा ,बीपीएल मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना,जुडिशल मजिस्ट्रेट रेलवे दिव्याकांत सिंह राठौड़,कुतैबा जमा, सादिक अली, रितेश त्रिपाठी,मोहम्मद अहमद,साफे, कौशल त्रिपाठी, अनिल मिश्रा, डॉक्टर एसपी सिंह,डॉक्टर शरीफ,आरून अमीन अन्नू भाई, आशुतोष राणा, सुशील मिश्रा, राम किशोर, हर्षित सिंह, राहुल यादव, अरुणेश पटेल, दीपक मेहरा, तरुण नंदा, ललित प्रताप, सुदीप पांडे, सलमान हासमी, मानस त्रिपाठी, सुप्रीत सोम त्रिवेदी, शुभम दुबे, मनीष सेन,रवि गिल्लू, अनुभव नामदेव, मोहम्मद आबिद, विनय राजपूत, हेर्सेद्र सिंह चंदेल गोलू, युवराज सिंह राजपूत, मोहम्मद सेफ, और इस मौके पर कई सीनियर और जूनियर खिलाड़ी उपस्थित रहे।



### अनुसूचित जाति में भी लागू होना...

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि वे अब भी इस विचार के पक्ष में हैं कि अनुसूचित जातियों (एससी) को मिलने वाले आरक्षण में क्रीमी लेयर यानी आर्थिक–सामाजिक रूप से आगे बढ़ चुके वर्ग को बाहर किया जाना चाहिए। एक कार्यक्रम इंडिया... पढ़ें पेज 12 पर...

# तालकटोरा थाने का गोल्ड घोटाला

## दरोगा परन्तपराय पर जबरन बयान, झूठी रिपोर्ट और जांच मोड़ने का आरोप

- रात में थाने बुलाकर बयान लिखो नहीं तो शिकायत लैप्स की धमकी
- 10 साल आगे की तिथि बदल दी, आईजीआरएस शिकायत को 'खत्म' दिखाने की तैयारियाँ?
- जीएसटी विभाग ने दुकानदार के एक बयान पर फाइल बंद की–पुलिस ने समझौता डिक्टेट कराया
- लैब रिपोर्ट में 22 कैरेट की जगह 16.9 कैरेट सोना मिलाज फिर भी कार्रवाई शून्य




**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी में गोल्ड धोखाधड़ी के एक मामले ने पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर ऐसे सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका जवाब सिर्फ विभागीय जांच नहीं–बल्कि कड़ी कार्रवाई ही दे सकती है। तालकटोरा थाने के दरोगा परन्तपराय पर आरोप है कि उन्होंने पीड़ित को रात 8 बजे थाने बुलाकर, दबाव व धमकी में उसकी शिकायत को मोड़ने का पूरा खेल रचा। पीड़ित का कहना है कि दरोगा ने साफ कहा, आज ही बयान लिख दो, नहीं तो शिकायत लैप्स करा दूँगा। इसके बाद सादे कागज़ पर थाने में बैठाकर ऐसा बयान लिखवा लिया गया जो व्यापारी को बचाने और पीड़ित को ही दोषी ठहराने की दिशा में था।

### आईजीआरएस शिकायत में 2016–रिपोर्ट में 2025!

तारीख बदलकर पूरी जांच 10 साल पहले का मामला पांच दिन पहले का बताया पीड़ित ने आईजीआरएस पर जो तिथि दर्ज की थी, वह थी–09/11/2016 लेकिन दरोगा परन्तपराय ने अपनी पुलिस रिपोर्ट में खरीद-तिथि लिख दी 09/11/2025 पूरे दस साल पुरानी तिथि, जो न सिर्फ जांच को भ्रमित करती है बल्कि मामले को आसानी से नॉन-एस्ट साबित करने का रास्ता खोल देती है। विशेषज्ञों का कहना है–ऐसा बदलाव सिर्फ गलती नहीं, बल्कि जांच को जानबूझकर विकृत करने की श्रेणी में आता है।

### कल 11 बजे हिसाब करा दूँगा

वादा टूटा, कार्रवाई गायब उल्टा जेल भेजने की धमकी शुरू! पीड़ित के अनुसार, दरोगा ने भरोसा दिया था कि सोने को तौलकर मौजूदा बाजार रेट पर भुगतान करा दिया जाएगा। लेकिन 17 तारीख बीत गई न हिसाब हुआ, न कार्रवाई। अब उल्टा दरोगा, दुकानदार के साथ मिलकर पीड़ित को ही जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। लोग पूछ रहे हैं–क्या यह दबाव है या 'सिस्टम फीस' का कोई अदृश्य खेल?

### राजाजीपुरम की ज्वैलरी दुकान: दो विभाग–दो सच

जीएसटी विभाग दुकानदार बोला–और मान लिया राज्य कर खंड-07 की जांच में न पीड़ित को बुलाया गया न सीसीटीवी देखा गया न सोने की गुणवत्ता जाँची गई दुकानदार ने कहा, बिक्री नहीं हुई थी, सिर्फ एस्टीमेट था। और विभाग ने उसी आधार पर फाइल बंद कर दी। सवाल–क्या जीएसटी विभाग व्यापारी का वकील बन गया?

### पुलिस की रिपोर्ट: 22 कैरेट बताया था, निकला 16.9 कैरेट!

तालकटोरा पुलिस की रिपोर्ट खुद व्यापारी का झूठ खोलती है...

- ग्राहक ने आभूषण खरीदा था
- 22 कैरेट बताकर बेचा गया था
- लैब टेस्ट में सोना निकला सिर्फ 16.9 कैरेट

यानी मामला सीधी धोखाधड़ी का है। फिर भी पुलिस कार्रवाई शून्य क्यों?

### आईजीआरएस निस्तारण का नया मॉडल?

पीड़ित का आरोप है–थाने में बैठाकर लिखवा दिया गया मैं किसी कार्रवाई की इच्छा नहीं रखता। यह बयान उसकी इच्छा का नहीं, बल्कि थाने की डिक्टेशन का परिणाम था। सूत्र बताते हैं कि कई थानों में इसी तरह मैन्युफैक्चर्ड निस्तारण बनाकर आईजीआरएस पोर्टल पर 100त्न निस्तारण दिखाया जाता है।

### जनता का सवाल

क्या तालकटोरा पुलिस दरोगा परन्तपराय पर कार्रवाई करेगी? या गोल्ड धोखाधड़ी का शिकार ही अपराधी बना दिया जाएगा? इस पूरे मामले ने लखनऊ पुलिस की साख को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब देखने वाली बात है–विभाग सच के साथ खड़ा होगा, या यह मामला भी अन्य विवादों की तरह फाइलों के अंधेरे कमरे में दफन हो जाएगा।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन करवा ली अपने नाम

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- तत्कालीन तहसीलदार वंदना कुशवाहा सहित आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

**मलिहाबाद।** भूमि पर अवैध कब्जा करने और फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनमें तत्कालीन तहसीलदार वंदना कुशवाहा भी शामिल हैं यह कार्रवाई पीड़ित अभिमन्यु कुमार सिंह की शिकायत पर की गई है जिन्होंने पुलिस उपायुक्त उत्तरी को तहरीर दी थी। शिकायतकर्ता अभिमन्यु कुमार सिंह के अनुसार उन्होंने बिशुनपुर स्थित गाटा संख्या 93 0.202 हेक्टेयर जमीन वर्ष 2014 में विधिवत पंजीकृत बैनामे के तहत खरीदी थी। राजस्व अभिलेखों में भी वर्ष 2018 में इसका नामांतरण उनके नाम पर हो गया था और जमीन उनके कब्जे में थी।आरोप है कि करीब दस साल बाद आरोपी अहमद अली, उनकी पत्नी शकी निशां निवासी आंट गढ़ी सौंरा माल,सुमित्रा पत्नी बैजनाथ, अहमदपुर मजरा करेंद्र माल, कृष्ण कुमार अहमदपुर मजरा करेंद्र माल, तत्कालीन लेखपाल बिशुनपुर माल और तत्कालीन तहसीलदार वंदना कुशवाहा की मिलीभगत से उसी जमीन का आधा हिस्सा फर्जी तरीके से दोबारा बेच दिया गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने दस्तावेजों की कूटरचना कर अवैध रूप से दाखिल खारिज भी करा लिया। जब उन्होंने इस धोखाधड़ी का विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।डीसीपी गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश पर मलिहाबाद पुलिस ने इस मामले में धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी से संबंधित गंभीर धाराओं 420, 466, 467, 468, 471 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और तथ्यों के सामने आने पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम चौपालों में 5 लाख 78 हजार से अधिक समस्याओं, प्रकरणों का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है।बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष फोकस है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है ।व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत: पति और सास पर प्रताड़ना और हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



**मलिहाबाद।** मऊ के रमगढ़ा गांव में लगभग 20 साल पहले ब्याही गई माधुरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतका के पिता श्रीकिशन, जो सिकरोरी, थाना काकोरी के निवासी हैं, ने दामाद राजाराम और समधिन रामदेई पर वर्षों से मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना देने और मारपीट कर जान लेने का गंभीर आरोप लगाया है। पिता ने इस घटना को एक सोची-समझी साजिश बताया है। श्रीकिशन ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी पुत्री माधुरी को ससुराल में लगातार प्रताड़ित किया जाता था। उसे कई बार बेरहमी से पीटा गया और जान से मारने की धमकियां भी दी गईं, जिसकी शिकायत पहले भी स्थानीय थाने में की गई थी। पिता का आरोप है कि हाल ही में, 13 नवंबर 2025 को, पति राजाराम ने माधुरी के साथ फिर मारपीट की, जिससे उसके पेट में गंभीर चोटें आईं। बीते शनिवार की शाम करीब 6 बजे, श्रीकिशन को उनकी पोती मुस्कान ने फोन कर माधुरी की मौत की सूचना दी। पिता ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की मौत मारपीट के कारण हुई है और यह कोई हादसा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी हत्या है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से तत्काल पति राजाराम एवं सास रामदेई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोरतम कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद, तथ्यों के आधार पर, दोषियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में लाभान्वित हुए 190142 रोगी

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सुविधायें एवं सेवायें जनसामान्य, विशेषकर समाज के अन्तिम पायदान पर स्थित लोगों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा 2 फरवरी 2020 से शुभारम्भ किये गये मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के 227 वां मेला आज पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया। मेलों के प्रारम्भ से ही स्वास्थ्य सुविधाओं यथा जॉच-उपचार, गोल्डेन कार्ड के वितरण के साथ स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता के कारण यह मेला जनता में निरन्तर लोकप्रिय रहा है।
आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में आगन्तुकों रोगियों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के अतिरिक्त व्यक्तिगत व पर्यावरणीय स्वच्छता की स्वास्थ्य के सन्दर्भ में महत्ता के विषय में अवगत कराया गया। जल-जनित रोगों से बचाव के विषय में चर्चा की गयी। मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के लिये सोते समय मच्छरदानी लगाने एवं आस-पास पानी न जमा होने देने की सलाह दी गयी। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार मेले में किया गया।

# भाजपा हिंदुस्तानियत पर पैदा कर रही है संकट, देश में एक ही तरह की विचारधारा थोपने की कोशिश: अखिलेश




**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हिंदुस्तानियत पर संकट पैदा कर रही है। देश के लोगों पर एक एकरंगी विचारधारा थोपी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान विविधता रही है। हमारे विजन इंडिया का मकसद है कि हम एकजुटता लाएं। अपनी हिंदुस्तानियत को पहचानें। विविधता में एकता की अपनी पहचान को लेकर आगे बढ़ें। हमारी कोशिश है कि सभी लोग प्रगतिशील हों और पॉजिटिव (सकारात्मक) हों। अखिलेश यादव रविवार को बंगलूरू में आयोजित विजन इंडिया प्लान, डेवलप, एसेंट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सवालों का जवाब देते हुए अखिलेश ने कहा कि जिन बातों की पहले चर्चा नहीं होती थी, उन्हें अब राजनीति में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पॉजिटिव का मतलब है, भेदभाव को मिटाना। सभी को बराबरी का मौका देना। जो आखिरी व्यक्ति है, उसको साथ लेकर चलें। जो पिछड़ेपन के शिकार हैं, उनकी दुश्वारियों को कैसे दूर किया जाए। सभी को आगे बढ़ाने के लिए हम समग्रता और जोड़ने का राजनीतिक दर्शन लेकर आए हैं। आज का युवा पॉजिटिव सोचता है। इस कार्यक्रम के लिए बंगलूरू को ही क्यों चुना? जवाब में अखिलेश ने कहा कि बंगलूरू स्टार्टअप इंडिया का हब है। 2016 में सबसे पहले स्टार्टअप नीति समाजवादी सरकार ने उत्तर प्रदेश में बनाई। उसके लिए बजट का प्रावधान किया। तत्कालीन मुख्य सचिव आलोक रंजन ने उसे आगे बढ़ाया। मेरा मानना है कि नौजवान को हर मुश्किल और समस्या का समाधान खोजना चाहिए। उन्होंने कहा कि विजन इंडिया का मकसद यूपी के शहरों में बंगलूरू जैसा ईको सिस्टम और सुविधाएं देना है। उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र और स्टार्टअप में बहुत काम हो सकता है। उत्तर प्रदेश में कई स्किल पर काम करने की जरूरत है। कन्नौज के परफ्यूम का नाम और एसेंस पूरी दुनिया में मशहूर है। विजन इंडिया स्टार्टअप समिट कार्यक्रम के मुख्य संयोजक व यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री अभिषेक मिश्र और मुख्य समन्वयक व सांसद राजीव राय भी मौजूद रहे।

### सभी मतदाताओं को उपलब्ध कराए जाएं गणना फॉर्म: सपा

सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि सभी मतदाताओं को तत्काल गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएं, जिससे कि समय रहते मतदाता गणना प्रपत्र भरकर जमा कर सकें। ज्ञापन में कहा गया है कि बूथ लेवल एजेंटों से जानकारी मिली है कि अब तक 50 प्रतिशत से भी कम गणना प्रपत्र का वितरण हो पाया है। कई क्षेत्रों में बीएलओ अभी तक पहुंचे ही नहीं हैं। सपा का कहना है कि 94.37 प्रतिशत मतदाता को गणना प्रपत्र वितरित करने का दावा कागजी है। ज्ञापन देने वालों में सपा नेता केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चंद्र सिंह यादव और राधेश्याम सिंह शामिल थे।

# सड़के जर्जर होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी, कई सड़के जर्जर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- सड़कों में बड़े–बड़े गड्ढे, गिट्टी, पत्थर पड़े होने से होते हैं हादसे

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर हाईवे से करौंदी गांव को जोड़ने वाली सड़क काफी सालों से जर्जर पड़ी हुई है, लेकिन जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी विभाग अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की ध्यान नहीं दे रहें हैं। जिससे कि आए दिन राहगीरों को काफी परेशानी होती है। वहीं मंडी परिषद से बनीं माल रोड से मरपा मलूकपुर गांव को जोड़ने वाली सड़क भी काफी सालों से जर्जर पड़ी हुई हैं जिसकी हालत काफ़ी दयनीय हैं जिस पर राहगीरों को आए दिन गड्ढे के चलते चोटिल होना पड़ता है। वहीं माल रोड से रायपुर राजा गांव जाने वाली नहर पटरी वाली रोड भी जर्जर होने से रायपुर राजा के ग्रामीणों को काफी समस्याएं होती हैं, ग्रामीणों की मांग है कि यह सड़क बनाई जाए। वही महत्वपूर्ण सड़क अकडरिया कलां गांव से होते हुए दुघरा होते हुए जमखनवां होकर बगहा गांव व करौदी गांव होते हुए मानपुर सब्जी मंडी को जोड़ने वाली सड़क काफ़ी दयनीय हालत में हैं यह सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है, लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिस कारण यह सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे व बड़े-बड़े पत्थर रोड़ी लोगों को चोटिल कर रही हैं। यह सड़क लगभग आधा दर्जन गांवों को जोड़ती है जिससे मानपुर सब्जी मंडी जाने वाले सैकड़ो की तादाद में किसान इस सड़क पर सुबह 3 बजे से ही सफर करनें लगते हैं, इस सड़क पर गहरे गड्ढे व बड़े-बड़े पत्थर गिट्टी पड़े होने से क्षेत्रीय नागरिकों व आम जनता को काफी परेशानी उठा कर सफर करने पर मजबूर हैं, लेकिन इस तरफ क्षेत्रीय जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देते हैं यह सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही हैं। वही माल रोड से हरदा कालोनी होते हुए अकडरियां कला गांव व अकड़रिया खुर्द लासा होते हुए सड़क भी जर्जर है,सड़क इतनी दयनीय स्थिति में है कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे व गिट्टियां पड़ी होने से इन गांव की ग्रामीणों को भी काफी परेशानी होती हैं। वही माल रोड से बहादुरपुर सुल्तानपुर गांव को जोड़ने वाली सड़क भी काफी सालों से जर्जर पड़ी हुई है इस सड़क पर निकलने वाले राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में बाढ़ आने से सड़के जर्जर पड़ी हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि योगी सरकार नई सड़के बनवाई जिससे की जनता को समस्या ना हो सके।

# पुरानी पेंशन और टीईटी अनिवार्यता पर सभी संगठन हो सकते हैं एकजुट, 25 नवंबर को दिल्ली में होगी बड़ी रैली

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

आल टीचर्स एम्पलाई वेल्फेयर एसोशिएशन (अटेवा) पेंशन बचाओ मंच की ओर से 25 नवम्बर को नई दिल्ली में होने रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही रविवार को हुई बैठक में रैली के लिए जिम्मेदारियां तय की गई। प्रदेश, मंडल व जिला पदाधिकारियों की बैठक शहीद डॉ. रामाशीष सिंह स्मृति भवन में हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध, ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में 25 नवम्बर को नई दिल्ली में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने सभी संगठनो से आह्वान किया कि वे मतभेद भुलाकर एक साथ आएं। प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि सरकार यूपीएस लाकर देश के शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है। सरकार पुरानी पेंशन बहाल करे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महासंघ महासचिव अशोक कुमार ने कहा कि सरकार लगातार निजीकरण पर बल दे रही है। इसके कारण सरकारी नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। इसलिए निजीकरण की समाप्ति बहुत जरूरी है। पंचायतीराज सफाई कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रामेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में होने वाले स्नातक/शिक्षक निर्वाचन में सभी शिक्षक व कर्मचारी जरूर वोटर बने। ताकि पुरानी पेंशन बहाली की मुद्दे पर अपनी जनप्रतिनिधियों को अपनी बात पहुंचा सकें। बैठक में भारत सिंह, डॉ. आशीष वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. राजेश कुमार, रजत प्रकाश, विक्रमादित्य मौर्य, नरेंद्र कुमार, जर्नादन शुक्ला आदि उपस्थित थे।



## पात्र मतदाता छूटे न और बोगस सूची में शामिल न रहने पाए: धर्मपाल

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा, एसआईआर प्रक्रिया में पूरी गहनता के साथ जुटकर पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाना तथा बोगस नाम सूची से हटवाना है। मतदाता सूची के शुद्धीकरण का काम चल रहा है, हमे गांव, गली, शहर में हर बूथ, हर घर और हर व्यक्ति तक पहुंचना है। धर्मपाल सहारनपुर एवं गाजियाबाद में बीएलए-1 एवं मंडल अध्यक्षों तथा मानिटरिंग टीम को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक जागरूकता का व्यापक अभियान है। पात्र नागरिक मतदाता बनने से छूट न जाए।

# फ्री और फेयर होता बिहार चुनाव तो बसपा अधिक सीटें जीतती, 6 दिसंबर को फिर हो सकती है रैली: मायावती

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि बिहार चुनाव पूरी तरह से फ्री एंड फेयर होता तो बसपा और भी कई सीटें जरूर जीतती, हालांकि ऐसा नहीं हो सका। इससे पार्टी के लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि आगे और भी अधिक तैयारी के साथ काम करते रहना है। बसपा सुप्रीमो ने कैमूर जिले की रामगढ़ सीट पर बसपा उम्मीदवार सतीश कुमार सिंह यादव को जीत दिलाने के लिए पार्टी के सभी लोगों को बधाई दी और उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि वोटों की गिनती बार-बार कराने के बहाने वहां के प्रशासन और विरोधी पार्टियों द्वारा बसपा उम्मीदवार को हराने का पूरा प्रयास किया गया, लेकिन पार्टी के बहादुर कार्यकर्ताओं का पूरे समय तक डटे रहने से विरोधियों का यह षडयंत्र सफल नहीं हो सका। इतना ही नहीं बिहार के इस क्षेत्र की अन्य सीटों पर भी विरोधियों को कांटे की टक्कर देने के बावजूद बसपा उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह बिहार में पूरे जी-जान से लगे रहें ताकि वह डॉ. भीमराव अंबेडकर और कांशीराम के सपनों की 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की धरती बन सके।



### नोएडा में शक्ति प्रदर्शन की तैयारी

वहीं दूसरी ओर बिहार चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं और समर्थकों का मनोबल बरकरार रखने को बसपा सुप्रीमो मायावती नोएडा में 6 दिसंबर को रैली को संबोधित कर सकती हैं। बता दें कि आगामी 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस है। इसी वजह से बसपा रैली का आयोजन करने जा रहा है। इससे पहले बीती 9 अक्तूबर को पार्टी संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर लखनऊ में रैली आयोजित की गई थी, जिसमें लाखों लोगों ने हिस्सा लिया था। वहीं 6 दिसंबर को होने वाली रैली में पश्चिमी उप्र के पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बुलाया जाएगा। इसके लिए पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है और जिलों से आने वाले कार्यकर्ताओं का ब्योरा मांगा गया है। रैली में मायावती के साथ आकाश आनंद भी मौजूद रहेंगे।

# आरएलडी के अधिवेशन में जयंत चौधरी फिर चुने गये राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राष्ट्रीय लोकदल के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने आज राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।चौधरी जयंत सिंह ने कहा, ÷मथुरा के लोगों ने मुझे पहली बार सांसद चुनकर भेजा। आपका प्यार मैं कभी भुला नहीं सकता।÷उन्होंने कहा, ÷आज मुझे तीन साल के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है।÷÷हम एनडीए के साथ मजबूती से खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है।÷आज विपक्ष के पास परिवार है, नेता और नीति नहीं है, इसलिए विपक्ष फेल है।राष्ट्रीय लोकदल के सक्रिय सदस्य बने और चौधरी चरण सिंह की नीतियों को आगे बढ़ाएं। गांव, किसान, गरीब की चर्चा होना ही रालोद की जीत है।रालोद के नेताओं को महिलाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। महिलाओं को शीघ्र आरक्षण का लाभ मिलेगा।पार्टी का विस्तार जरूरी है, आप सभी सहयोग करें।छाता की चीनी मिल बंद पड़ी है, जो हर हाल में चलनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने गन्ने का भाव 400 रुपये किया है, हम मिल को फिर से चलवाएंगे। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा स्वतंत्रता सेनानी चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती पर देश भर में धूमधाम से मनाई जाएगी।इस अवसर पर सवा करोड़ वृक्ष लगाए जाएंगे।राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि मथुरा की पावन-पौराणिक भूमि पर राष्ट्रीय अधिवेशन 2025 का सफल आयोजन हुआ। अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने में योगदान देने वाले रालोद के सदस्यों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनमानस के प्रति पार्टी अपना हार्दिक आभार व्यक्त करती है।यह अधिवेशन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा। किसानों को केंद्र में रखते हुए आर्थिक प्रस्ताव पारित किया गया, युवाओं और महिलाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सामाजिक प्रस्ताव पर सहमति बनी, तथा वैश्विक राजनीति में भारत की बढ़ती भूमिका को समझते हुए राजनीतिक प्रस्ताव स्वीकार किया गया।रालोद समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितजन, किसान और मजदूर की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

राष्ट्रीय जंबूरी में चमकेगा अमेठी का नाम, विद्याकलश हाई स्कूल के स्काउट-गाइड हुए चयनित

# जंबूरी का उद्घाटन पीएम मोदी तथा समापन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद में तहसील तिलोई क्षेत्र अंतर्गत खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के स्काउट एवं गाइड दल ने एक बार फिर जिले का गौरव बढ़ाया है।विद्यालय के चौदह विद्यार्थियों का चयन बीस से उनतीस नवंबर तक लखनऊ में आयोजित होने वाली 19वीं अंतर्राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभाग हेतु हुआ है।यह आयोजन स्काउट- गाइड जगत का सबसे बड़ा शिविर माना जाता है।विद्यालय के स्काउट मास्टर राहुल शुक्ल ने बताया कि विद्यालय के सात स्काउट शैलेश, आकाश,मोहसिन,आदर्श,अविनाश, अनंत और वैभव,तथा सात गाइड लक्ष्मी,प्रिया,सोनाक्षी, अनमोल, पूनम,गरिमा और आराधना को दस दिवसीय जंबूरी के लिए चयनित किया गया है।उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को जंबूरी की गतिविधियों के अनुरूप प्रशिक्षित करने के लिए विद्यालय स्तर पर तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।विद्यालय के संरक्षक एवं भारत स्काउट और गाइड के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.राम कल्प तिवारी ने बताया कि वर्ष 1964 के बाद यह पहला अवसर है,कि जब उत्तर प्रदेश 19वीं अंतर्राष्ट्रीय जंबूरी की मेजबानी कर रहा है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से यह ऐतिहासिक आयोजन संभव हुआ है।जंबूरी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा।लखनऊ में आयोजित होने वाली इस भव्य जंबूरी में देश के सभी राज्यों सहित 15 देशों के लगभग 60 हजार स्काउट-गाइड और प्रतिनिधि भाग लेंगे।जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि जनपद स्तर की तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं।और अमेठी से 90 सदस्यों का दल इस कार्यक्रम में हिस्सा लेगा।जिला संगठन आयुक्त स्काउट शशांक यादव ने बताया कि पंद्रह नवंबर को सभी प्रतिभागियों को मुख्यालय पर बुलाकर अंतिम अभ्यास कराया गया।साथ ही विद्याकलश के स्काउट मास्टर राहुल शुक्ल को जंबूरी जनपद प्रभारी तथा गाइड कैप्टेन जूली मिश्रा को सहायक जनपद प्रभारी नामित किया गया है।विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रबंधक डॉ.आलोक तिवारी,कोषाध्यक्ष डॉ. जया त्रिपाठी,अभिभावकों तथा क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



अंबारा पश्चिम मोड़ के पास शुक्रवार रात पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। उपचार के बाद तीनों बदमाशों को जेल भेज दिया गया। लालगंज पुलिस ने देर रात करीब एक बजे बहाई चौकी के आगे डलमऊ रोड पर चेकिंग के दौरान तीन बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की। पुलिस को देखकर बाइक सवार बदमाश भागने लगे। पीछा करने पर अंबरा पश्चिम मोड़ के पास उनकी बाइक फिसल गई।

इस दौरान पुलिस ने बिहार के मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के फौजदारी बाजार निवासी चिंटू, भागलपुर जिले के सबोर थाना क्षेत्र के ठठेरी ठेला निवासी करन उर्फ अमन कुमार दबोच लिया। मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के रितिक ने भागने के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में रितिक के बाएं पैर में गोली लगी। इससे वह घायल हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के मुताबिक तीनों बदमाशों को जेल भेज दिया गया। रितिक के पास से तमंचा और 21 हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं। आरोपियों के पास सोने के झुमके मिले हैं।

कुछ दिन पहले आचार्य नगर में जेवरात साफ करने के बहाने एक महिला के कीमती झुमके उड़ाने की वारदात को अंजाम दिया था। इसके अलावा शांति नगर बाईपास में बैंक से रुपये निकालकर लौट रही महिला को रोककर उसके गहने लेकर फरार हो गए थे।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर किया गया नमन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा के 150 वें जन्मोत्सव को जनजाति गौरव दिवस के के रूप में मनाया गया ।

जानकारी के अनुसार 15 नवंबर क वनवासी कल्याण आश्रम के समर्पण सेवा संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप मनाई गई। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर देश एवं समाज के हित के लिए सदैव आगे रहने को कहा गया । महाराणा प्रताप वनवासी कल्याण आश्रम में संचालन समिति के महामंत्री इंदू भूषण जायसवाल, क्षेत्रीय विभाग प्रमुख सचिन जी, कोषाध्यक्ष मंगल बाबू, प्रचार प्रमुख अखिलेश्वर तिवारी, राजन सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, महिला छात्रावास की संरक्षिका आद्या सिंह ने थारू जन जाति के बच्चों के साथ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया । वक्ताओं ने कहा कि वे भारत के इतिहास में एक महान जननायक, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक सुधारक थे। वे लोगों को अपने पारंपरिक धर्म एवं सांस्कृतिक पहचान को बचाने के प्रेरित करते थे। भारत सरकार द्वारा उनका जन्मदिन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है।भगवान बिरसा मुंडा अंग्रेजों के सामने नहीं झुके । उन्होंने देश एवं समाज की रक्षा के लिए अपने आप को न्योछावर कर दिया ।

## दो बाईकों की आमने सामने टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जनपद के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के शारदन निकट एक ढाबे के आसपास जोरदार एक्सीडेंट हुआ है, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है। और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।यह हादसा मुंशीगंज थाना क्षेत्र के बांदा - टाण्डा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शारदन बाजार आजाद नगर तिराहा के पास हुआ,जहां दुर्घटना हो गई।घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान नरेंद्र चौहान पुत्र अमृतलाल चौहान निवासी रामपुर हाजी पट्टी थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर,वा दूसरा संदीप कुमार शुक्ला पुत्र जमुना प्रसाद निवासी माधवपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी के रूप में हुई।घायल व्यक्ति मुकेश चौहान पुत्र जगदम्बा की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाई में जुटी हुई है।

# एकता के रंग में रंगा शुकुल बाजार, पटेल जयंती पर हजारों कदमों की गूँज

- दो किमी लंबी पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब,पुष्पवर्षा और जनसभा ने बढ़ाया उत्साह

जन एक्सप्रेस। अमेठी



सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर परड्ड रविवार को शुकुल बाजार में आयोजित एकता पद यात्रा ने पूरे क्षेत्र का माहौल उत्सवमय बना दिया।सुबह से ही लोगों में उत्साह देखने को मिला और पांडेगंज से शुरू हुई, यह पदयात्रा देखते ही देखते एक विशाल जुलूस का रूप ले गई। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि क्षेत्रीय विधायक व पूर्व राज्यमंत्री सुरेश पासी ने तिरंगा पटका पहनाकर यात्रा को रवाना किया।लगभग दो किलोमीटर की यह यात्रा पांडेगंज,कटरा चौराहा और अंबेडकर तिराहा होते हुए मवैया चौराहा की ओर बढ़ी।मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों का भव्य स्वागत किया। कटरा चौराहा पर गिरीश चंद्र शुक्ला और महेंद्र विजय सिंह,तथा थाने के समीप अविनाश प्रताप सिंह आदि द्वारा किये गये स्वागत ने वातावरण को जोश से भर दिया।अंबेडकर तिराहा पहुंचते ही पदयात्रा का दृश्य और भी रोमांचक हो गया,जब ठेकेदार समर बहादुर सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्र और प्रधानों ने बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर अभिनव ढंग से आगंतुकों का स्वागत किया।यह दृश्य पद यात्रा का विशेष आकर्षण बना रहा।मवैया में आयोजित विशाल जनसभा में विधायक सुरेश पासी ने पटेल की राष्ट्रनिर्माण भूमिका पर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि अभिजात मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 हटाए जाने को कई लोग पटेल की परिकल्पित अखंड भारत की दिशा में एक मजबूत कदम मानते हैं।सभा में राजेश मसाला,सुधांशु शुक्ला,भवानीदत्त दीक्षित,दुर्गेश त्रिपाठी, राम उजेरे शुक्ला,चंदमौली सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देश पर शहर क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ तेज कर दी गई है।शहर कोतवाली पुलिस ने रविवार को दो शातिर हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

सीओ सिटी अरुण कुमार नौहवार ने बताया कि शहर कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मिली सूचना के आधार पर बहराना कब्रिस्तान के पास छापा मारा। इस दौरान दो शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी विक्की और सरवर को गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों अपराधी शहर कोतवाली के बहराना के ही रहने वाले हैं। शहर कोतवाली के दोनों हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। दोनों के ऊपर एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है।सीओ ने कहा कि रायबरेली में लगातार अपराधियों के खिलाफ पुलिस धरपकड़ अभियान चला रही है।

# मुस्लिम युवक के हिंदू युवती से शादी पर हंगामा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



बिहार के मुस्लिम युवक के शनिवार को हिंदू युवती से शादी करने पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने होटल पहुंचकर हंगामा किया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामला तूल पकड़ने पर होटल संचालक ने विवाह कराने से इन्कार कर दिया। काफी देर तक हंगामा और विरोध प्रदर्शन चला। बाद में युवती युवक व अन्य परिवार के सदस्यों के साथ अपने घर चली गई।

बिहार के रहने वाले जमालुद्दीन आजाद उर्फ बबलू यादव और महराजगंज की रहने वाली युवती दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। दोनों शादी करने के लिए राजी हो गए। युवती के माता-पिता तो राजी थे, लेकिन उसके चाचा समेत अन्य परिजन इस शादी का विरोध कर रहे थे। 15 नवंबर को युवक ने गांव बरात ले जाने की बात कही थी। चाचा ने इसका विरोध किया था। इस पर युवती, उसके माता-पिता और युवक ने चाचा को जानमाल की धमकी दी थी। इस पर चाचा ने भतीजी, अपने भाई, भाभी, उसके प्रेमी समेत पांच लोगों के खिलाफ महराजगंज कोतवाली में केस दर्ज कराया था।

इधर, लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर डिडौली गांव स्थित होटल में दोनों की शनिवार को शादी थी। मुस्लिम युवक और हिंदू युवती की शादी होने की जानकारी पर करणी सेना के जिलाध्यक्ष मोनू सिंह भदौरिया, धर्मजागरण मंच के अजीत सिंह समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता होटल पहुंचकर हंगामा करने लगे। विवाद बढ़ने पर होटल मालिक ने शादी कराने से इन्कार कर दिया। पुलिस भी पहुंचकर मामले को शांत कराया।

बताया जा रहा है कि युवक पहले ही पांच शादी कर चुका है। यह उसकी छठवीं शादी है। हरचंदपुर थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक और युवती बालिग हैं। दोनों शादी करना चाहते हैं। विरोध को देखते हुए युवती अपने परिवार व युवक के साथ अपने घर चली गई।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा विधानसभा-177 बछरावां (अ0जा0) के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय महराजगंज के बूथ संख्या 259 और 260 का स्थलीय निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके पश्चात उन्होंने गांधी विद्यालय इण्टर कालेज में बूथ संख्या 66, 67, 68, 69 एवं 70 का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से गणना प्रपत्रों के वितरण की स्थिति, मतदाताओं से संपर्क की प्रगति तथा मोबाइल एप के माध्यम से की जा रही मार्किंग की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता तक गणना प्रपत्र समयबद्ध रूप से पहुंचे तथा सभी प्रपत्र दिनांक 04 दिसम्बर, 2025 से पूर्व संकलित कर लिए जाएं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित सभी कार्य समयबद्धता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किए जाएं।

निरीक्षण के समय तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी व बीएलओ उपस्थित रहें।

## महिला आयोग सदस्य पूनम द्विवेदी की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई 19 को

**जन एक्सप्रेस**/महिला आयोग सदस्य पूनम द्विवेदी 19 व 20 को जनपद में उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी द्वारा 19 नवम्बर 2025 को प्रातः 11:15 बजे कलेक्ट्रेट सभागार रायबरेली में महिला जनसुनवाई करेंगी, अपरान्ह 03:00 बजे जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण, अपरान्ह 04:30 बजे जिला अस्पताल रायबरेली का निरीक्षण करेंगी। 20 नवम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, प्रातः 11:00 बजे महिला चौपाल में प्रतिभाग करेगी तथा अपरान्ह 02:00 बजे कस्तूरबा विद्यालय रायबरेली का निरीक्षण करेंगी।

## गोकशी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शहर कोतवाली पुलिस ने वांछित चल रहे गोकशी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।सीओ सिटी अरुण कुमार नौहवार ने बताया कि शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने गोकशी के मामले में वांछित चल रहे किला बाजार निवासी अशरफ को गिरफ्तार कर लिया है।अशरफ कई महीने से गोकशी के आरोप में वांछित चल रहा था।

# तुलसीपुर में व्यापारियोंने सभा कर प्रशासनिक कार्यवाही का किया विरोध

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के नगर पंचायत तुलसीपुर क्षेत्र अंतर्गत आनंद मार्ग वार्ड में नाला निर्माण हेतु बीते दिनों उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासनिक अमले द्वारा व्यापारियों व भवन स्वामियों पर जे सी बी को लेकर की गई तोड़-फोड़ कार्यवाही के विरोध में नगर के समस्त व्यापारिक संगठनों ने प्रभावितों के पक्ष में नई बाज़ार चौक में रविवार को सभा कर कार्यवाही की निंदा की।

जानकारी के अनुसार 16 नवंबर को आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए पीड़ित पक्ष के एस डी चौरसिया ने पुराने बने गहरे नाले के जगह नया नाला निर्माण कराए जाने व अधिकारियों को दिए गए पत्रों की जानकारी दी।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री दिलीप कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही पूरी तरह से निंदनीय है क्योंकि तोड़ फोड़ की कार्यवाही से पूर्व प्रभावितों को नोटिस देने का प्रावधान है एस डी एम ने पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर व्यापारियों से दुर्व्यवहार पूर्ण व्यवहार किया जब पुराना नाला जो गहरा भी है जल निकासी हेतु बना है तो फिर उसी को तोड़कर नया नाला बनाए जाने की योजना कहीं कहीं न शासकीय धन का बंदरबांट ही प्रतीत होती है।उद्योग व्यापार संगठन ज़िला अध्यक्ष अनिल लाट ने कहा कि हम पूरी तरह से व्यापारियों के साथ हैं और प्रशासनिक कार्यवाही की भर्त्सना करते हैं।व्यापार मंडल अध्यक्ष राम कुमार ने भी व्यापारियों पर किए गए दमनात्मक कार्यवाही की आलोचना की व प्रभावितों के प्रति पूर्ण समर्थन किया।महामन्त्री रूप चन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्रशासन की इस विद्वेषपूर्ण कार्यवाही का विरोध होना चाहिए क्योंकि व्यापारियों के आत्म सम्मान को ठेस पहुंचाई गई है।युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, रिज़वान बबलू,बबलू प्रधान, विकास सोनी, राजेश अग्रवाल,घनश्याम गुप्ता,ओम प्रकाश अग्रहरि,अरविंद अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल समेत दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क किनारे मिला मृत शिशु,पुलिस जांच में जुटी

**अमेठी।** कोतवाली अमेठी क्षेत्र के अंतू रोड स्थित बाईपास पर रविवार की सुबह सड़क किनारे लालकम्बल में लिपटा हुआ एक मृत नवजात शिशु पड़ा देखा गया।सुबह टहलने निकले लोगों ने शिशु को निर्जीव अवस्था में देख तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।कुछ ही देर में अमेठी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर निरीक्षण शुरू कर दिया।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने नवजात को रात के समय यहां फेंका है।नवजात के आसपास किसी तरह के संघर्ष या खून के निशान नहीं मिले हैं,लेकिन कम्बल और आसपास की मिट्टी के नमूनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है,ताकि किसी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की पहचान की जा सके।पुलिस ने आसपास के दुकानदारों, राहगीरों और निवासियों से पूछताछ शुरू कर दी है,लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है।नगरवासियों में इस घटना को लेकर रोष और दुख दोनों का माहौल है।पुलिस ने शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है।

# महिला संबंधी अपराधों के संबंध में ली गई पुलिसकर्मियों की परीक्षा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस कर्मियों में महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध और यातायात व्यवस्था जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्र में ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन करने व अपराधों की रोकथाम करने की दक्षता परख हेतु रिर्जेव पुलिस लाइन में परीक्षा कराई गई ।

जानकारी के अनुसार 16 नवंबर को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय (परीक्षा प्रभारी) के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस कर्मियों में महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध और यातायात व्यवस्था जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्र में ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन करने व अपराधों की रोकथाम की दक्षता परख हेतु रिजर्व पुलिस लाइन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी थानाध्यक्ष व उपनिरीक्षकों की लिखित परीक्षा कराई गई। यह परीक्षा रिजर्व पुलिस लाइंस बलरामपुर में 02 पालियों में संपन्न हुई जिसमें महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध और यातायात व्यवस्था जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्र के 50 पूर्णांक के कुल 30 प्रश्न पूछे गए। जिसमें 25 प्रश्न बहुविकल्पीय व 5 प्रश्न लघु उत्तरीय पूछे गए । परीक्षा के मुख्य बिंदुओं में महिला संबंधी अपराध, महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, जैसे घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, और अन्य प्रकार के उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों और प्रभावी जांच तकनीकों की समझ का मूल्यांकन करना, साइबर अपराधों (जैसे हैकिंग, फ़िशिंग, साइबर स्टॉकिंग) की प्रकृति, पहचान, रोकथाम और इनसे निपटने की प्रक्रियाओं के बारे में पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित और जागरूक करना, सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात प्रबंधन और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी उपायों के बारे में ज्ञान को बढ़ाना शामिल थे । परीक्षा के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर लाइंस डॉ0 जितेन्द्र कुमार, प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक कौस्तुभ त्रिपाठी व परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक तथा थानाध्यक्ष व उप निरीक्षक उपस्थित रहे।



**गाजियाबाद यातायात जागरूकता माह के...**
गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता माह के तहत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर यातायात पुलिस द्वारा एक भव्य वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा के प्रति... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# शिक्षा और कर्म का समन्वय
## राष्ट्रीय शिक्षा नीति का भारतीय दृष्टिकोण

जन एक्सप्रेस । चंद्रप्रकाश बहुगुणा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा के जिस स्वरूप को पुनर्स्थापित करने का लक्ष्य है, उसका मूल आधार प्राचीन भारत की वह शिक्षा-व्यवस्था है जो केवल बौद्धिक विकास तक सीमित न होकर जीवनोपयोगी ज्ञान, श्रम-सम्मान, उद्यमशीलता और सामाजिक उपयोगिता पर आधारित थी।

गुरुकुल प्रणाली में 'शिक्षा और कर्म' का समन्वय प्रमुख था, जहाँ विद्यार्थी गोशाला, उद्यान, कृषि और हस्तकला जैसे कार्यों में सक्रिय सहभागिता के माध्यम से श्रम का मूल्य, उत्पादन-प्रक्रिया और स्थानीय अर्थव्यवस्था की समझ विकसित करते थे। वे तेल, दही, मिट्टी के बर्तन और वस्त्र जैसी स्थानीय वस्तुओं का विनिमय कर उत्पादन, मूल्य-निर्धारण और व्यापार की व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त करते थे। इसी परंपरा में वणिज्य-शिक्षा और अर्थशास्त्र का अध्ययन विद्यार्थियों को लागत, लाभ, कर, गुणवत्ता और नैतिक लेनदेन जैसे तत्वों से परिचित कराता था। ग्रामीण शिक्षा में कुम्हार, बढ़ई, बुनकर और व्यापारी वर्ग से कौशल सीखने की प्रथा 'काम से सीखना' अर्थात् लर्निंग बाय डूइंग जैसी पद्धति को जन्म देती थी। त्यौहारों, मेलों और ग्राम-हाटों में बच्चों की सहभागिता उन्हें स्वाभाविक रूप से विक्रय, सौदेबाज़ी और जन संपर्क की कला सिखाती थी। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्व-विद्यालयों में कृषि-अर्थशास्त्र तथा उत्पादन-प्रशिक्षण पर बल देकर विद्यार्थियों को उत्पादन से लेकर विपणन और वितरण तक की समग्र प्रक्रिया की समझ प्रदान की जाती थी। इसी प्राचीन भारतीय परंपरा को आगे



बढ़ाते हुए आज देश के अनेक विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ग्राम-हाट दिवस, उत्सव-उद्योग सप्ताह और बाल उद्यमी मेला जैसी गतिविधियाँ संचालित कर रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, श्रम-सम्मान, उद्यमशीलता, मूल्य-निर्धारण, विपणन और ग्राहक-व्यवहार जैसी क्षमताएँ विकसित की जा रही हैं। दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे और देहरादून जैसे शहरों के कुछ विद्यालयों में बाल बाजार, स्टूडेंट मार्केट डे और कक्षा मुद्रा प्रणाली के द्वारा बच्चे बचत, निवेश, लागत और विक्रय-कौशल सीख रहे हैं, जबकि कुछ संस्थानों के उच्च कक्षाओं में एंटरप्रेन्योरशिप क्लब, मिनी बिजनेस प्रोजेक्ट और मॉक स्टॉक जैसी पहलें व्यवसाय-योजना, टीमवर्क और आर्थिक निर्णय क्षमता को विकसित कर रही हैं लेकिन ऐसे स्कूल एवं संस्थानों की संख्या अधिक नहीं है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप इस तरह की शिक्षण पद्धति का व्यापक स्तर पर होना आवश्यक है। विदेशों में भी इस प्रकार की शिक्षण-पद्धतियाँ व्यापक हैं। अमेरिका और यूरोप में जूनियर अचीवमेंट प्रोग्राम तथा लेमोनेड स्टैंड डे, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया में बिजवर्ल्ड्स प्रोग्राम, सिंगापुर में यंग एंटरप्रेन्योर्स डे और फ़िनलैंड, जापान तथा कोरिया में वित्तीय साक्षरता हेतु डिजिटल सिमुलेशन आधारित गतिविधियाँ बच्चों में उद्यमशीलता, टीमवर्क और आर्थिक समझ को विकसित करती हैं।

इन गतिविधियों का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय समझ, उद्यम शीलता की भावना और व्यावहारिक जीवन-कौशल का समन्वित विकास करना है। इस दृष्टि से, यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन हों तो भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित समग्र शिक्षा का वास्तविक मूल्यद्ध विद्यार्थियों तक अवश्य पहुँचेगा।

(डॉ. कपिल पंवार)
लेखक वर्तमान में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर के हिंदी विभाग में प्रोफेसर है।

# देसंविवि में पहुँचा बेलारूस प्रतिनिधिमंडल, प्रतिकुलपति संग वैज्ञानिक आध्यात्मिकता व भारतीय संस्कृति पर चर्चा

जन एक्सप्रेस । हरिद्वार



हरिद्वार स्थित आम्रकुंज के बीच बसा देवसंस्कृति विश्वविद्यालय नित नवीन पाठ्यक्रम एवं गतिविधियों से वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान बना चुका है। इसी कारण विदेशी मेहमान एवं विशिष्ट अतिथि समय समय में देसंविवि पहुंचते हैं और यहाँ योग और भारतीय संस्कृति से लेकर नैतिक मूल्य परक शिक्षा आदि का अध्ययन करते हैं। इसी कड़ी में बेलारूस से प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल देव संस्कृति विश्व - विद्यालय पहुंचा।

प्रतिनिधि मण्डल ने विवि के प्रति - कुलपति युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पण्ड्या से भेंट की। प्रतिकुलपति ने विदेशी मेहमानों के साथ प्रेरक संवाद करते हुए चेतना-आधारित शिक्षा प्रणाली, वैश्विक सद्भाव की आवश्यकता और आध्यात्मिक रूप से विकसित समाज की दिशा में युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों तथा वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी समारोह पर विस्तृत जानकारी दी। उनके विचारों ने अतिथियों को अत्यंत प्रभावित किया। विवि के प्रतिनिधि डॉ ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि बेलारूस से एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतिनिधि - मंडल ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय पहुंचा। इस दौरान अतिथियों ने विश्व विद्यालय में संचालित मूल्य-आधारित शिक्षा, वैज्ञानिक आध्यात्मिकता, योग और भारतीय संस्कृति अध्ययन के अनूठे समन्वय को निकट से समझते हुए गहरी सराहना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने विश्व विद्यालय परिसर, प्रयोगशालाओं, योग एवं ध्यान केंद्रों तथा विभिन्न संकायों का भ्रमण किया। विश्वविद्यालय की ओर से उन्हें पाठ्य क्रमों, विवि में हो रहे विभिन्न शोधों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। मेहमानों ने शांतिपूर्ण और सृजनात्मक शिक्षण वातावरण, दैनिक जीवन में योग और ध्यान के प्रभावी समावेश तथा विश्वविद्यालय एवं शांतिकुंज द्वारा समाज-परिवर्तन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणा दायक अनुभव बताया। मेहमानों ने कहा कि इससे भारत और बेलारूस के बीच शैक्षणिक और सांस्कृतिक सहयोग के नए आयाम खुलने का दरवाजा खुला।

# हल्द्वानी महाविद्यालय ने जीती अंतर महाविद्यालयी एथलेटिक्स चैंपियनशिप

जन एक्सप्रेस । हल्द्वानी

काशीपुर। राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय 50वीं अंतर महाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम चैंपियनशिप अपने नाम की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखंड एथलेटिक्स सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र चौधरी ने खिलाड़ियों को अनुशासन और खेलभावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

20 किमी मैराथन पुरुष वर्ग में रोहित कुमार (हल्द्वानी) प्रथम, सागर राम (हल्द्वानी) द्वितीय और जितेंद्र कुमार (रुद्रपुर) तृतीय रहे।

व्यक्तिगत चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में ललित मोहन सती (हल्द्वानी) और महिला वर्ग में कनिष्का मनचंदा (काशीपुर) विजेता बनीं। टीम चैंपियनशिप में पुरुष व महिला दोनों वर्गों में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी विजेता रहा।

# शांतिकुंज में तीन दिवसीय राष्ट्र रक्षा एवं आपदा प्रबंधन शिविर में शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । हरिद्वार



गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में तीन दिवसीय राष्ट्र रक्षा एवं आपदा प्रबंधन शिविर का शुभारंभ हुआ। इस शिविर में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान से आए 108 परिजन भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य युवा वर्ग को राष्ट्र की सुरक्षा और विपदा के दौरान उत्पन्न होने वाली विभिन्न परिस्थितियों का सामना करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित करना है। शिविर का शुभारंभ शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेंद्र गिरि व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि ने युग निर्माण मिशन के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए वर्तमान समय में राष्ट्र रक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। प्रशिक्षण में सिखाए गए सिद्धांतों का पालन करना एवं एक अनुशासित जीवन शैली अपनाना ही सच्चा राष्ट्र सेवक बनाता है। गिरि ने शिविर से जुड़े कर्तव्यों एवं अनुशासन के महत्व से भी अवगत कराया।

शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने आपदा के समय त्वरित कार्रवाई, प्राथमिक चिकित्सा, बचाव कार्यों के तकनीकी पहलु और मनोवैज्ञानिक स्थिरता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह शिविर युवा शक्ति को स्वयं सेवी के रूप में तैयार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो संकट की घड़ी में देश और समाज को संबल प्रदान कर सकेंगे।

# सड़क निर्माण की मांग पर उत्तरकाशी में उक्रांद की भूख हड़ताल, ग्रामीणों ने ढोल-दमोऊ बजाकर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । उत्तरकाशी



उत्तरकाशी में विगत शनिवार को उत्तराखंड क्रांति दल की केंद्रीय महामंत्री किरण रावत ने उत्तरकाशी जिला कार्यालय में ग्राम भटवाड़ी धनारी तहसील डंडा के पंचांग गांव दिगथोल मोटर मार्ग एवं मुसरगांव प्रथम बैंड से भटवाड़ी पुल तक मोटर मार्ग सहित उत्तरकाशी की संपूर्ण मार्गो की निर्माण एवं उनके निर्माण के लिए एक दिवसीय भूख हड़ताल की।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान रुचि रावत एवं क्षेत्रपंचायत सदस्य राजमती रावत के साथ सैकड़ो ग्राम वासियों ने जिला प्रशासन को ढोल दमोह बजाकर प्रदर्शन किया। किरण रावत ने कहा कि यदि सड़क का निर्माण नहीं किया गया तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बुलाकर को सड़क की निर्माण में आ रही आपत्तियां को सुना जिला अधिकारी द्वारा इस अवसर पर उत्तरा खंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता विष्णु पाल रावत,भगवती प्रसाद बहुगुणा, जयप्रकाश उपाध्याय, शकुंतला रावत, पंडित बिहारी लाल जगूड़ी, कृष्णानंद बडोनी, संतोष सेमवाल, जेठू लाल भारती, ग्राम प्रधान रुचि रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजमती रावत, राजी रावत, पंकज रावत, प्रदीप रावत, विजय रावत, आशीष रावत, सौरभ रावत, सुंदर सिंह पायल, पूर्णानंदभट्ट, रत्नमनी भट्ट, सौरभ रावत भरोसी पायल, दुर्गा देवी नंदा भट्ट लीला भट्ट गनेंद्र पाल सोमेश सुरजीत रावत, दिव्यांश भट्ट मंगल सिंह पायल, नारायण सिंह रावत, जयपाल सिंह रावत, जसपाल सिंह बिष्ट, सौरभ राणा सुरेश, मदन सिंह, लखन भट्ट, प्रेम दत्त भट्ट, संतोष कुमार, सुरेश लाल, मदन सिंह रावत, पंकज रावत, जितेंद्र सिंह, ममता पायल, रूपदेवीराणा, जानकी पायल, दुलारी रावत सहित सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें....

### नशे के खिलाफ दौड़े 4200 से अधिक युवा

जन एक्सप्रेस/रुद्रपुर। शक्तिफार्म में रविवार को नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भव्य मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें 4200 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन तीन चरणों में आयोजित हुई- पहली बालक वर्ग की प्रतियोगिता, दूसरी रतनफार्म से बैकुण्ठपुर तक आठ किमी की दौड़ और तीसरी बालिका वर्ग की पांच किमी दूरी वाली प्रतियोगिता। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने हरी झंडी दिखाकर सभी दौड़ों की शुरुआत की। विभिन्न आयु वर्गों में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में गोठा के सागर सिंह धोनी प्रथम रहे, जबकि 16-20 वर्ष आयु वर्ग में उत्तरकाशी के सौरभ रावत ने बाजी मारी। 21-26 वर्ष की श्रेणी में हल्द्वानी के लोकेश कुमार विजेता बने। बालिका वर्ग में शक्तिफार्म की अंशिका राय और प्रदेश स्तर पर हरिद्वार की सोनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंत्री बहुगुणा ने विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि नशा युवाओं का सबसे बड़ा दुश्मन है, जिसके खिलाफ सामूहिक लड़ाई जरूरी है। कार्यक्रम के बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या में लोकगायक माया उपाध्याय और इंदर आर्या के गीतों पर लोग देर तक झूमते रहे।

### दीपावली तिथि विवाद पर पंचांग संपादकों की बैठक

जन एक्सप्रेस/हल्द्वानी। हल्द्वानी में पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की बैठक में पहाड़ से प्रकाशित प्रमुख पंचांग संपादकों ने धमकियों और दबाव का आरोप लगाया। दिव्य पंचांग के प्रधान संपादक डॉ. रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि दीपावली 21 नवंबर बताने पर उन्हें नोटिस भेजकर डराने का प्रयास किया गया। रामदत्त जोशी पंचांग के प्रद्योत जोशी ने कहा कि अल्मोड़ा कटारमल सूर्य मंदिर आधारित गणना पूरी तरह सटीक है। पंडित जीवन चंद्र पंत ने आरोप लगाया कि दुबई से सॉफ्टवेयर बनाकर पारंपरिक पंचांगों को मिटाने की साजिश चल रही है, जबकि गणेश मार्कण्ड पंचांग के दीपक जोशी ने नकल कर विवाद पैदा करने की बात कही। मंच संरक्षक हुकम सिंह कुंवर ने घोषणा की कि जल्द ही हल्द्वानी में पंचांग ज्ञाताओं और कुलपुरोहितों का बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें आम सहमति से भविष्य में त्योहारों की तिथियों पर निर्णय लिया जाएगा।

### 19 नवंबर को जौनसार-बावर विकास पर विशेष सम्मेलन

जन एक्सप्रेस/ विकासनगर। पुरोड़ी (चकराता) में 19 नवंबर को जौनसार-बावर क्षेत्र के विकास, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर व्यापक मंथन के लिए विशेष सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद, कृषक, बागवान, साहित्यकार और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। समाजसेवी और पूर्व सूचना अधिकारी भारत चौहान ने बताया कि यह सम्मेलन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस बैठक का उद्देश्य एक साझा मंच तैयार करना है, जहां क्षेत्र की समस्याओं, विकास योजनाओं, उपलब्धियों और चुनौतियों पर सार्थक चर्चा हो सके। राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर जौनसार-बावर की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा का मूल्यांकन भी किया जाएगा।

### नैनीताल में 14 दिसंबर को पागल जिमखाना का आयोजन

जन एक्सप्रेस/नैनीताल। डीएसए मैदान में 14 दिसंबर को लेक सिटी वैलफेयर क्लब द्वारा पागल जिमखाना का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं होंगी। कार्यक्रम के संयोजक प्रगति जैन और सह संयोजक दीपा पांडे व रानी साह होंगे। प्रतियोगिताओं में बोरा रेस, सुई-धागा रेस, म्यूजिकल रेस, स्पून रेस, ईंट रेस, बुजुर्ग रेस, बुनाई, धुन पहचानो, मटका रेस, रस्सा खींच और पति-पत्नी रेस शामिल हैं। विजेताओं को नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। सर्वश्रेष्ठ पागल को 2100 रुपये, दूसरे स्थान को 1500 और तीसरे को 1100 रुपये नकद पुरस्कार मिलेगा। आयोजन की तैयारियों के लिए क्लब की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें आभा साह, सरिता, हेमा भट्ट, कंचन जोशी, कविता त्रिपाठी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### हल्द्वानी: ट्रंचिंग ग्राउंड में आग, ज़हरीले धुएं से घुट रहा इलाका

जन एक्सप्रेस/हल्द्वानी। तिनपानी बाईपास रोड स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में पिछले तीन दिनों से कूड़े के ढेर में लगी आग से उठ रहे जहरीले धुएं ने स्थानीय लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इन्द्रा नगर, गौजाजाली और गोलापार के इलाके धुएं की चपेट में हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों में सांस लेने में कठिनाई, आँखों में जलन और त्वचा संबंधी बीमारियाँ बढ़ रही हैं। स्थानीय प्रशासन और नगर निगम ने कई बार पानी डालकर आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया है। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने कहा कि टैंकरों से पानी डालकर आग को लगभग नियंत्रित कर लिया गया है। विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने भी मौके का निरीक्षण कर स्थायी समाधान पर चर्चा की। वहीं, जिला पंचायत सदस्य लीलादेवी और पार्षद रईस अहमद ने प्रशासन की चुप्पी पर चिंता जताई और चेताया कि समस्या का स्थायी समाधान न निकला तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज से आग लगाने में किसी व्यक्ति की संलिप्तता की जांच की जा रही है। नगर निगम का कहना है कि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

### बाजपुर: कार और बाइक की टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस/काशीपुर। रविवार को भौना रोड पर कार और बाइक की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब मरियमपुर गांव निवासी 23 वर्षीय रूबेन और उनके दोस्त के पिता 60 वर्षीय नन्हें बाइक पर सवार होकर घरेलू गैस सिलेंडर लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक और कार की भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया और स्थिति गंभीर होने के कारण दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हादसे की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रुद्रपुर में 17.61 लाख की लागत से नई सड़क का शिलान्यास

जन एक्सप्रेस/रुद्रपुर। मेयर विकास शर्मा ने वार्ड 31 में देव शर्मा के घर से अशोक चौधरी के घर तक बनने वाली 17.61 लाख रुपये की लागत की सड़क का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। वार्डवासियों ने फूल-मालाओं से मेयर का स्वागत किया। मेयर ने कहा कि नगर निगम जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर उतार रहा है। वर्षों से लंबित यह सड़क अब लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा देगी। उन्होंने बताया कि निगम का उद्देश्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि सड़कों, नालियों, पेयजल, सफाई और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाओं को मजबूत करना है।

# डीबीयूयू में अंतरराष्ट्रीय एएमआइ कान्फ्रेंस का सफल समापन, इसरो प्रमुख ने विज्ञान में भारत की तेजी को बताया प्रेरक

जन एक्सप्रेस । देहरादून




देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय (डीबीयूयू) में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एएमआइ कान्फ्रेंस का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर इसरो प्रमुख प्रो. वी नारायण ने ऑन लाइन संबोधन में कहा कि विज्ञान और शोध के उभरते क्षेत्रों में भारत तेजी से अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के युवा वैज्ञानिक और शोधार्थी वैश्विक स्तर पर ज्ञान, नवाचार और प्रयोगधर्मिता की नई दिशाओं को खोल रहे हैं, जो आने वाले समय में भारत को विज्ञान की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करेंगी।

प्रो. नारायण ने डीबीयूयू को सम्मेलन की मेजबानी के लिए बधाई दी और इस वर्ष की थीम 'नेक्स्ट-जन माइक्रोबायोलॉजी, एजुकेशन, इनोवेशन एंड रिसर्च फार इकॉनमी, एनर्जी एंड एनवायरनमेंट' को समयानुकूल बताया। उन्होंने कहा कि शोध का असली मूल्य तब बढ़ता है जब वह समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण से जुड़ता है। इसलिए एप्लीकेशन-आधारित अनुसंधान को बढ़ावा देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

चार दिवसीय सम्मेलन में उत्कृष्ट शोध प्रस्तुत करने वाले शोधार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। स्टेला मारिस कॉलेज की डॉ. के वीणा गायत्री और डॉ. विजिया लक्ष्मी, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र की डॉ. दर्शन सुनील, नीरी की नेहा हटवार, आईआईटी रुड़की के हरीश जीएस और डीबीयूयू की नेहा रावत को बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन के लिए सम्मानित किया गया। बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन में डीबीयूयू की अपूर्वा सिंह और प्रियंका सिंह सहित सात शोधार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

कुल मिलाकर 31 शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को ओरल एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रो. आरसी कोहद, डीबीयूयू के वाइस प्रेजिडेंट अमन बंसल, वाइस चांसलर प्रो. अजय कुमार, एएमआइ के अध्यक्ष प्रो. प्रिंस कुमार, सचिव प्रो. नमिता सिंह और आयोजन सचिव प्रो. नबील अहमद उपस्थित रहे।

# संस्कृत अकादमी की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । उत्तरकाशी



चिन्यालीसौड़ (16 नवम्बर)। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर से ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक प्रति-योगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य प्रियंका रावत ने किया। इस दौरान श्लोक उच्चारण प्रथम में प्रथम स्थान सरस्वती संस्कृत विद्यालय जोगत द्वितीय स्थान विरजा इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़ रहे।

संस्कृत नाटक में प्रथम स्थान सरस्वती संस्कृत विद्यालय जोगत द्वितीय स्थान पी एम श्री राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़ संस्कृत आशु भाषण में प्रथम संस्कृत विद्यालय जोगत द्वितीय राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़ संस्कृत समूह गान में प्रथम स्थान राजीव गांधी नवोदय विद्यालय चिन्यालीसौड़ राजकीय इंटर कॉलेज कोटधार गमरी रहे। संस्कृत वाद विवाद में प्रथम स्थान सरस्वती संस्कृत विद्यालय जोगत प्रथम द्वितीय स्थान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़ रहे। अपने संबोधन में जिला पंचायत सदस्य सरिता वर्धन ने संस्कृत अकादमी द्वारा संचालित प्रतियोगिता की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। और संस्कृत भाषा को भारतीय संस्कृति की जननी बताते हुए इसके संरक्षण और प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने, छात्रों की प्रस्तुतियों को प्रशंसनीय बताया।

प्रधानाचार्य एवं संयोजक रमेश कोहली ने सभी अतिथियों का शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि अनेक गतिविधियों के बावजूद,संस्कृत हमारी दैनिक जीवन के आचार व्यवहार में महत्व पूर्ण स्थान रखती है, और इस से वैचारिक संस्कारवान आदर्श नागरिक के गुणों का विकास होता है।

कार्यक्रम में वीरेंद्र वर्धन, शोभन सिंह ,सिद्धार्थ नौटियाल, खंड शिक्षा अधिकारी गब्बर सिंह नेगी ,आशा रांगड़, मीरा रजवार, प्रधानाचार्य शशि प्रभा धोनी, प्रियंका पोखरियाल, दीपिका कोहली, शशि बाला गुसाई, ममता खंडूरी सुमनलाल गौड़, पी.एल. विश्वकर्मा, विजय प्रकाश भट्ट, सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में बेटों ने बुजुर्ग पिता को बेरहमी से मार डाला

जन एक्सप्रेस । रामनगर



उत्तराखंड के रामनगर में एक खौफ - नाक हत्याकांड सामने आया है, जिसमें दो भाइयों ने अपने 65 वर्षीय पिता सलीम अली को बेरहमी से मार डाला। पुलिस ने चार दिन के अंदर इस वारदात का खुलासा करते हुए दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, हत्या की मूल वजह पैतृक जमीन थी। मृतक सलीम अली महेशपुर में स्थित तीन बीघा जमीन बेचना चाहते थे, लेकिन उनके बेटे नईम और नाजिम इसे बिकने नहीं देना चाहते थे। पूछड़ी में झोपड़ी बनाकर रहने वाले सलीम अली का शव कोसी किनारे मिला।

जांच के दौरान दोनों बेटों ने हत्या की बात कबूल की। रामनगर के कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मृतक ने दो शादियाँ की थीं। पहली पत्नी से उनके बेटे नईम और नाजिम, जबकि दूसरी पत्नी से बेटे रियाज हैं। रियाज की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और पड़ताल के बाद मुरादाबाद में रहने वाले दोनों भाइयों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन जारी रखी है और हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार सहित सभी सुराग जुटाए जा रहे हैं।

खौफनाक पहलू: बेटों द्वारा पिता की हत्या का कारण सिर्फ पैतृक संपत्ति पर विवाद होना बताया गया है।

# फेसबुक पर फर्जी लाइफ सर्टिफिकेट एड, रिटायर बैंक कर्मचारी से ठगी

जन एक्सप्रेस । देहरादून

देहरादून में एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी शांति स्वरूप को फेसबुक पर दिखाए गए फर्जी लाइफ सर्टिफिकेट एड के झांसे में आकर 3.88 लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। शांति स्वरूप ने बताया कि पेंशन से जुड़ा एक अपडेट लिंक देखा और 'YES' बटन दबा दिया। इसके बाद उनके बैंक खाते से बड़ी रकम कटने लगी। साइबर ठगों ने उनकी निजी जानकारी का गलत इस्तेमाल कर पैसे निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर बसंत विहार पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और साइबर सेल मामले की जांच में जुट गई है। इसी तरह, एक अन्य युवक ने ट्रेडिंग के लालच में 14 लाख रुपये गंवा दिए, जो ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का उदाहरण हैं। यह घटनाएं डिजिटल लेनदेन में सतर्क रहने की आवश्यकता को दर्शाती हैं।

# धरती से सितारों तक हरिद्वार-आधारित स्टार्टअप के संस्थापक ने राष्ट्रीय टीवी पर बनाई पहचान

- पेश किया दुनिया का पहला क्विक पार्किंग ऐप—सिर्फ 2 मिनट में गारंटीड पार्किंग

जन एक्सप्रेस । हरिद्वार




स्मार्ट पार्किंग-मोबिलिटी स्टार्टअप बीएलवाईपी ने देश में अपनी खास पहचान बना ली है। हरिद्वार के संस्थापक अभिमन्यु सिंह और उनकी टीम द्वारा तैयार किया गया यह ऐप केवल 2 मिनट में गारंटीड पार्किंग उपलब्ध कराने का दावा करता है। उपयोगकर्ता अपनी गाड़ी कहीं भी छोड़ सकते हैं और वही वाहन सुरक्षित रूप से वापस पा सकते हैं। यह सुविधा 100 प्रतिशत सुरक्षा और सत्यापित वैलेट सिस्टम पर आधारित है। बीएलवाईपी को हाल ही में जी टीवी और जी5 के शो आइडियावाज पर फीचर किया गया, जहाँ इसे टाइटन- संदेश शारदा से फंडिंग भी मिली। छोटे शहरों से आए इन युवा उद्यमियों ने सरकारी नौकरी छोड़कर भारत की पार्किंग समस्या को हल करने का मिशन अपनाया है, जिसने लोगों का दिल जीता। बीएलवाईपी पहले ही 1.2 मिलियन डॉलर का निवेश जुटा चुका है और कई मॉल्स व स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का पार्किंग ऑपरेटर चुना गया है।

जल्द ही ऐप की सेवाएँ हरिद्वार में भी शुरू होंगी। बीएलवाईपी के सीओओ अभिमन्यु सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य उपयोगकर्ता को पूरी तरह सुरक्षित और सहज अनुभव देना है। वहीं, सीईओ धनंजय भारद्वाज ने कहा कि बीएलवाईपी लोगों का समय बचाते हुए ट्रैफिक कम करने और रोजगार बढ़ाने में योगदान दे रहा है



विचार एक्सप्रेस



 पढ़ें पेज 12 पर...

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 17 नवंबर, 2025 

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### बगावत की चिंगारी को बुझा कर बहुमत की ज्वाला पैदा करना कोई अमित शाह से सीखे

**देखा जाये तो अमित शाह की चुनावी शैली की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह रणनीति को तीन आयामों में रचते हैं– संगठन, समाज, और संदेश। यही भाजपा का वह मॉडल है जिसने उसे बार–बार कठिन इलाकों में जीत दिलाई है। देखा जाये तो चुनाव सिर्फ प्रचार से नहीं जीते जाते। चुनाव जीते जाते हैं संयम, संवाद, रणनीति और समय पर लिए गए सटीक निर्णयों से। यह जीत बताती है कि असंतोष चाहे कितना भी गहरा हो, संगठनात्मक नियंत्रक की भूमिका में अमित शाह अतुलनीय हैं। युवा चेहरों को आगे लाने का मोदी–शाह मॉडल सिर्फ प्रयोग नहीं, यह भविष्य की राजनीति का रोडमैप है।**

*बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की स्ट्राइक रेट का 90 प्रतिशत से ऊपर रहना संगठनात्मक पराक्रम का भी परिणाम है। चुनाव से पहले के हालात पर गौर करें तो नीतीश कुमार के खिलाफ एंटी-इनकम्बेंसी को खत्म करना सबसे बड़ी चुनौती थी। साथ ही गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बँटवारे और सबको साथ लेकर चलने की चुनौती भी थी। ऐसे में अमित शाह ने यह जिम्मेदारी अपने हाथ में ली। बिहार में अमित शाह ने 4-5 महीने पहले ही मोर्चा संभाल लिया था। अमित शाह के कमान संभालने के बाद भाजपा और सहयोगियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई। सीट-दर-सीट जातीय समीकरण का सटीक विश्लेषण किया गया और संभावित विवादों को समय रहते शांत किया गया। यह वह काम है जो सामान्यतः चुनाव घोषित होने के बाद शुरू होता है लेकिन अमित शाह ने महीनों पहले इसकी नींव तैयार कर दी थी। देखा जाये तो अमित शाह का चुनावी अभियान केवल मंच के भाषणों तक सीमित नहीं होता। उनकी शैली हमेशा जमीनी संरचना को मजबूत करने पर आधारित होती है। 5 जिला स्तरीय संगठन बैठकें, 5 क्लस्टर स्तर की बैठकें, 35 विशाल रैलियाँ, 1 महत्त्वपूर्ण रोड शो और और हर दौरे पर कोर ग्रुप के साथ बैठकें की गयीं। इस दौरान अमित शाह लगातार एक ही बात दोहराते रहे कि ÷बूथ जीते बिना चुनाव नहीं जीता जाता।÷ उनका यह फोकस बालू की दीवार को भी कंक्रीट का किला बना देता है। अमित शाह की निगरानी में बिहार में भाजपा का बूथ नेटवर्क तगड़ा हुआ और परिणाम सामने आया– प्रचंड जनादेश। इसके अलावा, बिहार के दरभंगा जिले की अलिनगर विधानसभा सीट अचानक राष्ट्रीय सुर्खियों का केंद्र बन गई थी जब भाजपा ने यहाँ से लोकप्रिय मैथिली लोकगायिका मैथिली ठाकुर को उम्मीदवार बनाकर एक साहसी राजनीतिक दांव खेला था। हालांकि यह दांव जितना आकर्षक था, उतना ही जोखिमभरा भी क्योंकि ज़मीनी स्तर पर तुरंत असंतोष की लहर उठी। वर्षों से पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करने लगे और कई ने बगावत की चेतावनी दे दी। स्थिति ऐसी थी कि यह प्रयोग भाजपा के लिए आत्मघाती भी साबित हो सकता था। लेकिन राजनीति में संकट वहीं खत्म होता है जहाँ अमित शाह का प्रवेश होता है। चुनावी अभियानों के महारथी, संघटनात्मक इंजीनियरिंग के सिद्धहस्त और आधुनिक भारतीय राजनीति के अजेय रणनीतिकार, अमित शाह ने एक बार फिर दिखा दिया कि उन्हें यूँ ही भाजपा का 'चाणक्य' नहीं कहा जाता। हम आपको बता दें कि अलिनगर उन सीटों में से थी जिन्हें भाजपा पारंपरिक रूप से अनुकूल नहीं मानती। मैथिली ठाकुर जैसे युवा चेहरे को उतारना प्रधानमंत्री मोदी के उस बड़े प्रयोग का हिस्सा था जिसमें वह पार्टी में युवाओं, कलाकारों और नई पीढ़ी को निर्णायक भूमिका में लाना चाहते हैं। लेकिन पुराने कार्यकर्ताओं की नाराज़गी ने स्थिति को नाजुक बना दिया। यहीं अमित शाह ने अपनी विशिष्ट शैली में कमान संभाली। उन्होंने थकान को दरकिनार करते हुए एक के बाद एक फोन कॉल किए, हर 'आक्रोशित' नेता को शांत किया, हर असंतुष्ट कार्यकर्ता को सुना और धीरे-धीरे बगावत की आग को पूरी तरह शांत कर दिया। यह वही हस्तक्षेप था जिसने मैथिली ठाकुर के लिए रास्ता साफ किया। पार्टी के दिल्ली और पटना दोनों ही धड़ों में यह स्वीकार किया गया कि अलिनगर की ऐतिहासिक जीत अमित शाह की अथक मेहनत और उनके अद्वितीय संकट प्रबंधन क्षमता का परिणाम थी। बात सिर्फ अलिनगर की भी नहीं है क्योंकि रूठों को मनाने और असंतुष्टों को समझाने का काम अमित शाह ने पूरे बिहार में किया।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इस चुनावी जनादेश को केवल राजनीतिक वर्चस्व के चश्मे से नहीं, बल्कि जनविश्वास की कसौटी से देखना जरूरी है। यह जीत भाजपा, जेडीयू और एलजेपी (रामविलास) के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। अब उन्हें यह साबित करना होगा कि चुनावी नारों की चमक शासन की रोशनी में भी कायम रह सकती है। बिहार की जनता ने महागठबंधन की ऊँची–ऊँची बातों, वंशवादी दावों और बड़बोले नेताओं की कटुता को नकारकर यह संदेश दिया है कि उन्हें स्थिरता, ईमानदार नेतृत्व और विकास का भरोसा चाहिए। इन चुनाव परिणामों ने एक बार फिर कांग्रेस को करारी हार दी है, जो पार्टी के लिये आत्ममंथन का बड़ा कारण है।**

# बिहार में बडबोली राजनीति की हार, सुशासन की नई सुबह



ललित गर्ग

**बिहार की जनता का मोदी के प्रति एक नये तरह का विश्वास जागा है। पिछली सरकारों के दौर में बिहार बदहाली के दौर से काफी निकल चुका है और विगत दो दशक में यहां की स्थितियां काफी बदली है। इस बार बिहार चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले इसलिये भी बने हैं कि इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं। महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहली बार इस पैमाने पर ऐलान किए गए हैं।**

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं अनूठी जीत ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति और उनकी जनस्वीकार्यता आज भी भारतीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती है। यह जीत सिर्फ एक गठबंधन की सफलता नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य की नई रूपरेखा का संकेत है। नीतीश कुमार के अनुभवी नेतृत्व, भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और उभरते हुए युवा सितारे चिराग पासवान के प्रभावी प्रदर्शन ने मिलकर इस चुनाव को एनडीए के पक्ष में एक मिसाल बना दिया। एनडीए की जीत के पीछे उनके 10 प्रमुख वादे हैं जिनमें पंचामृत गारंटी, रोजगार सृजन, मुफ्त शिक्षा, महिलाओं के लिए योजनाएं, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इस बार के चुनाव इसलिये भी ख़ास रहे क्योंकि 1951 के बाद बिहार में इस बार सबसे ज्यादा वोट पड़े। इस बार बिहार में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि पिछले विधानसभा चुनाव से 9.6 प्रतिशत ज्यादा है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान 8.15 प्रतिशत ज्यादा रहा है। इस बार के मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.98 प्रतिशत रही और महिलाओं की 71.78 प्रतिशत। बिहार में 3.51 करोड़ महिला वोटर हैं और 3.93 करोड़ पुरुष वोटर और कुल मतदाताओं की तादाद 7.45 करोड़ है। बिहार विधानसभा चुनाव के ताजा रुझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 200 सीटों के आंकड़े को पार कर रहा है, इस जनादेश में महिला मतदाताओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि एकतरफा बिहार की महिलाओं का विश्वास जीत गया है, एनडीए विजयी हुआ है, बिहार विजयी हुआ है और महागठबंधन का बड़बोलापन हारा है। महागठबंधन की करारी हार अपने आप में कई सवाल छोड़ती है। चुनावी रैलियों में भीड़ जरूर इकट्ठी हुई, भाषणों में तीखे हमले भी हुए, लेकिन विपक्ष जनता का विश्वास जीतने में विफल रहा। नेतृत्व की अस्पष्टता, रणनीति की कमी, और विकास तथा सुशासन पर ठोस विजन की गैर-हाजिरी ने जनता को यह सोचने पर मजबूर किया कि सत्ता परिवर्तन से स्थिरता नहीं, बल्कि अनिश्चितता बढ़ सकती है। महागठबंधन बार-बार सामाजिक न्याय और पुराने नारों की दुहाई देता रहा, लेकिन आज का बिहार उन नारों से अधिक उम्मीदें रखता है-रोज़गार, सुरक्षा, कानून व्यवस्था और बुनियादी सेवाओं की निरंतरता। इन मुद्दों पर विपक्ष का स्पष्ट और भरोसेमंद खाका सामने नहीं आ सका। यही कारण है कि उसके नेताओं की बड़बोली बयानबाज़ी जनता पर असर नहीं डाल सकी, बल्कि कई जगह उलटा असर दिखा गई। इसके विपरीत एनडीए ने अपने चुनाव अभियान को ÷स्थिरता . विकास÷ के सूत्र में पिरोया। मोदी की राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता, केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां-योजनाएं और नीतीश



**इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के मोहरा नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई।**

कुमार की सुशासन-छवि ने बिहार के मतदाता को यह भरोसा दिया कि यह गठबंधन अनुभव, विश्वास, विकास और नीतिगत दृढ़ता का सही मिश्रण है। नीतीश कुमार भले कई राजनीतिक मोड़ों के लिए आलोचित हुए हों, लेकिन जनता के मन में उनकी छवि एक ऐसे प्रशासक की बनी हुई है, जो लंबे समय से बिहार को कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, सड़क-निर्माण और शिक्षा सुधार जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहा है। इस छवि का लाभ एनडीए को व्यापक रूप से मिला। भाजपा की संगठनात्मक मशीनरी ने बूथ तक प्रभावी और लक्षित पहुंच बनाई, जिससे मतदाताओं में यह भरोसा मजबूत हुआ कि केंद्र व राज्य का समन्वय विकास की गति को और तेज करेगा। इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के ÷मोहरा÷ नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी, बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। सीटों पर उनकी उल्लेखनीय पकड़ ने यह संदेश दिया कि वे आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित कर सकते हैं। यह भी सच है कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता नीतीश कुमार के लिए संतुलन साधने की चुनौती भी बन सकती है, लेकिन यदि गठबंधन समन्वय बनाए रखता है, तो बिहार को इससे मजबूत नेतृत्व का लाभ मिल सकता है। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार किस दिशा में आगे बढ़ेगा। जनता की अपेक्षाएँ बहुत ऊँची हैं- सुरक्षित समाज, संवेदनशील प्रशासन, भ्रष्टाचार पर अंकुश और विकास की तेज रफ्तार। कानून-व्यवस्था बिहार की राजनीति का सबसे संवेदनशील मुद्दा रहा है। लोग चाहते हैं कि अपराध-नियंत्रण में सुधार हो, पुलिस प्रशासन आधुनिक और जवाबदेह बने, और न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी आए। एनडीए के पास केंद्र और राज्य दोनों के संसाधन और राजनीतिक सामर्थ्य है, इसलिए उससे उम्मीद यह है कि वह ÷सुशासन का दूसरा अध्याय÷ लिखने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। भाजपा न सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, बल्कि जेडीयू के बगैर भी वह एनडीए के अन्य सहयोगियों के साथ जादुई आंकड़े को पार करती नजर आ रही है। ऐसे में नीतीश कुमार के लिए भाजपा के साथ किसी तरह का बिहार में बार्गेनिंग करना आसान नहीं रह गया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से यह बार-बार दोहराया गया है कि चुनाव के बाद भी परिणाम चाहे जो भी आएं, गठबंधन के चेहरे नीतीश कुमार ही बने रहेंगे। जेडीयू की ओर से भी यह बात दोहराई गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। फिलहाल इस पूरे चुनाव में महिला वोटर्स गेम चेंजर बताई जा रही हैं और ऐसा हुआ बिहार चुनाव से पहले महिला रोजगार योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे जाने से। वहीं चुनाव में महागठबंधन को बड़ा झटका लगा है। निश्चित ही इन चुनाव परिणामों में बिहार का मतदाता अधिक सजग एवं विवेकशील दिखाई दिया हैं। वह जानता है कि सत्ता परिवर्तन से अधिक जरूरी है संस्कृति परिवर्तन, राजनीतिक शुचिता, विकास, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही। इस चुनाव ने केवल विधानसभा की सीटें तय नहीं की है, बल्कि यह तय किया है कि अब बिहार की जनता अपनी पुरानी परछाइयों से निकलकर प्रकाश की ओर बढ़ेगी। क्योंकि बिहार में पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अराजकता की चर्चा तो होती रही है, लेकिन इन जटिल से जटिलतर होती समस्याओं से बाहर निकलने के रास्ते दिखाई नहीं दिये।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 31:11 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 28:55 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | प्रीति, 07:21 तक |
| सूर्योदयः | 06:44 |
| सूर्यास्तः | 17:26 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 08:04-09:23 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:41-12:23 |

## जन एक्सप्रेस

### खुली सबकी पोल !

*कौन कितने पानी में ।*
*खुली सबकी पोल ।।*
*सबने सबको लेकिन ।*
*खूब घुमाया गोल ।।*
*आ ही गया आखिर ।*
*जनता का जवाब ।।*
*किया उसने सबका ।*
*सही से हिसाब ।।*
*हुआ काफी शोरगुल ।*
*पर अब सब सामान्य ।।*
*देर सबेर जनादेश ।*
*हो गया है मान्य ।।*
*हैं हुए कुछ अंदर ।*
*रहे कुछ टहल ।।*
*सब अब रहे निहार ।*
*आने वाला कल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# औषधीय गुणों से भरपूर है खुरासानी अजवाइन

**आयुर्वेदिक** जड़ी-बूटियों में से एक और औषधीय गुणों से भरपूर खुरासानी अजवाइन में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करना स्वास्थ्य के लिए कई तरीकों से फायदेमंद हो सकता है, लेकिन ध्यान रहे इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें, इसका अधिक सेवन करने से स्वास्थ्य को नुकसान भी हो सकते हैं। बता दें, खुरासानी अजवाइन में अच्छी मात्रा में एंटी-एलर्जिक, एंटी-इंफ्लेमेटरी, दर्दनिवारक और एंटी-सेप्टिक जैसे कई गुण होते हैं। डॉ. किरण गुप्ता के अनुसार, खुरासानी अजवाइन में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं।

**दर्द से दे राहतः** खुरासानी अजवाइन में कई तरह के दर्द निवारक गुण होते हैं। इसका सेवन करने से दर्द की समस्या से राहत देने और मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद मिलती है।

**जोड़ों के लिए फायदेमंदः** खुरासानी अजवाइन में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से जोड़ों के दर्द को कम करने और हड्डियों से जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है। इससे मांसपेशियों की ऐंठन को कम करने में मदद मिलती है।



**किडनी स्टोन से दे राहतः** खुरासानी अजवाइन में बहुत से औषधीय गुण होते हैं। इसका सेवन करने से किडनी स्टोन के खतरे को कम करने और यूरिन रिटेंशन के खतरे को कम करने में मदद मिलती है।

**कान का दर्द कम करेः** खुरासानी अजवाइन में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से कान के दर्द को कम करने और कान से जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**लिवर के लिए फायदेमंदः** खुरासानी अजवाइन में एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से लिवर के दर्द को कम करने और लिवर के स्वास्थ्य को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**ब्रेन को रिलैक्स करेः** खुरासानी अजवाइन में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और कई अन्य पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से स्ट्रेस और चिंता को कम करने और ब्रेन को रिलैक्स करने में मदद मिलती है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**नींद की गुणवत्ता बढ़ाएः** खुरासानी अजवाइन में मौजूद गुण स्वास्थ्य के लिए कई तरीकों से फायदेमंद हैं। इनका सेवन करने से ब्रेन को रिलैक्स करने और नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलती है, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

**खुरासानी अजवाइन के नुकसानः** खुरासानी अजवाइन का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। इसका अधिक सेवन करने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। खुरासानी अजवाइन का अधिक सेवन करने से लोगों को बार-बार गला सूखने की समस्या हो सकती है। खुरासानी अजवाइन का अधिक सेवन करने से व्यक्ति को चक्कर आने की समस्या हो सकती है। खुरासानी अजवाइन का अधिक सेवन करने से श्रह्म4ह्लद्धद्गद्बड्ड जैसी स्किन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# नैरेटिव का विकल्प खोजे बिना कैसे हो उद्धार



उमेश चतुर्वेदी

**इसी तरह लालू के गढ़ सारण में भी एनडीए ने महागठबंधन को भारी शिकस्त दी है। पिछली बार यानी 2020 के विधानसभा चुनाव में जिले की दस विधानसभा सीटों में से छह पर राजद का कब्जा था। लेकिन इस बार नौ सीटों पर एनडीए को जीत मिल रही है।**

**चुनाव के एक दिन पहले यूपी की विधायक पूजा पाल से बदसलूकी के चलते सुधाकर चर्चा में थे। बहरहाल भभुआ की चार में से तीन सीटों पर जहां बीजेपी को जीत मिली है, वहीं एक सीट जनता दल यू के खाते में गई है। इसी तरह शाहाबाद इलाके के बक्सर जिले की चारों सीटों पर एनडीए का कब्जा हुआ है। यहां की दो सीटों पर जनता दल यू, एक पर लोकजनशक्ति पार्टी और एक पर भाजपा को जीत मिली है।**

**चाणक्य** की धरती के मतदाताओं ने आधुनिक राजनीति के कौटिल्यों को भी हैरत में डाल दिया है। एनडीए की जीत की उम्मीद एक्जिट पोल कर तो रहे थे, लेकिन उन्हें भी इतनी बड़ी जीत की उम्मीद नहीं थी। एनडीए की भारी जीत और तेजस्वी की अगुआई वाले महागठबंधन की करारी हार ने कई राजनीतिक संदेश दिए। समाजवादी गठबंधन के लिए कांग्रेस का साथ पत्थर बांध कर तैरने जैसा हो गया है। जिस भी समाजवादी गठबंधन ने कांग्रेस का हाथ थामा, वह राजनीति के समंदर में डूब गया। इसके पहले उदाहरण बिहार के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के अखिलेश यादव हैं। 2017 के विधानसभा चुनावों में यूपी के लड़के के नारे के साथ राहुल गांधी का साथ लेकर अखिलेश चुनावी वैतरणी पार करने उतरे थे, लेकिन भाजपा की लहर में वे डूब गए। 2022 में भी कांग्रेस उनके लिए पतवार नहीं बन सकी। इस बार तेजस्वी के लिए कांग्रेस सहारा नहीं बन पाई। चुनाव नतीजों कुछ वैसे ही हैं, जैसे हम तो डूबे ही सनम, तुझे भी ले डूबेंगे। विपक्षी गठबंधन को अब सोचना होगा कि कांग्रेस का हाथ वह कब और कितना पकड़े कि उसकी सियासी नैया पार लग सके, डूबे नहीं। बिहार के चुनाव नतीजों ने यह भी संदेश दिया है कि राजनीतिक भंवर में अति आत्मविश्वास सामने से आ रही लहरों के मुकाबले का साहस दें, चाहे न दें, उनकी तासीर और ताकत का अंदाजा नहीं लगने देती। तेजस्वी के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। अति आत्मविश्वास उन्हें ले डूबा। तेजस्वी का अपने शपथ ग्रहण की तारीख तय करना और उसे अति उत्साही अंदाज में लोगों के बीच रखना, एक वर्ग को भले ही अच्छा लगा हो, आम वोटरों को पसंद नहीं आया। रही-सही कसर उनके अति उत्साही नेताओं और कार्यकर्ताओं के मनोबल ने पूरा कर दिया। बिहार की स्थानीय शब्दावली में यह मनोबल नहीं, मनबढ़ होना था। इसने सत्ताधारी एनडीए के जंगलराज के नैरेटिव को उस पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद पहुंचाई, जो जंगलराज के बाद नीतीश के सुशासन राज में पैदा हुई है। जिस तरह स्थानीय चैनलों, यू ट्यूबरों और चुनावी माहौल में कुकुरमुत्तों की तरह कथित मीडिया चैनलों के कैमरों के सामने अठारह-बीस साल वाली लड़कियों तक ने तेजस्वी राज में एक खास वर्ग और जाति से डर की आशंका जताई, उससे साफ हो गया था कि बिहार का चुनावी नजारा क्या रहने जा रहा है। बुजुर्ग महिलाएं और पुरूष जिस तरह जंगल राज की भयावह तसवीरें लोगों के सामने रख रहे थे, उसने भी भावी नतीजों की जानकारी दे दी थी। मीडिया के एक वर्ग ने एनडीए के नैरेटिक के बरक्स तेजस्वी की अगुआई वाले महागठबंधन का बचाव करने की कोशिशकी। तेजस्वी को उससे अलग दिखाने की कोशिशें भी कम नहीं हुईं। ऐसा करते वक्त तेजस्वी के रणनीतिकार, कांग्रेस से सहानुभूति रखने वाला बौद्धिक वर्ग भूल गया कि एक बड़ा वर्ग अब भी सक्रिय है, जिसने जंगलराज को देखा है। जैसे-जैसे तेजस्वी के नए विजन को पेश करने की कोशिश की गई, वैसे-वैसे प्रतिक्रिया स्वरूप लोगों में पुराने दिनो के घाव ताजा होते गए। नतीजा सामने है। पिछली बार के चुनावों में महागठबंधन को सबसे ज्यादा ताकत अंग प्रदेश और भोजपुर से मिली थी। शाहाबाद क्षेत्र में कांग्रेस और माले के साथ महागठबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। इलाके 22 सीटों में से पिछली बार एनडीए को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। लेकिन इस बार उसका प्रदर्शन करीब सात गुना बेहतर हुआ है। इस बार एनडीए कुल मिलाकर 14 सीटें जीत रहा है या जीतने के कगार पर है। साफ है कि इस बार शाहाबाद में एनडीए को बारह सीटों का बंपर फायदा हुआ है। शाहाबाद के रोहतासृ सासाराम जिले की सात विधानसभा सीटों में से सिर्फ एक पर राजद को जीत मिली है, जबकि दो पर लोकजनशक्ति पार्टी, दो पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा और एक पर जनता दल यू को जीत मिली है। इसी जिले में प्रशांत किशोर की गृह सीट करगहर आती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# ओवरलोडिंग पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, पाँच माल वाहन सीज़

## संयुक्त चेकिंग में चार वाहनों के चालान, 2.93 लाख रुपये जुर्माना; नियम तोड़ने वालों में मचा हड़कंप

### 2.93 लाख रुपये का जुर्माना, वाहन स्वामियों में दहशत

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान में ओवरलोडिंग और अन्य उल्लंघनों में पकड़े गए वाहनों पर कुल 2 लाख 93 हज़ार रुपये का प्रशमन शुल्क जुर्माना अधिरोपित किया गया है। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग सड़क दुर्घटनाओं, पुल-पुलियों को होने वाले नुकसान और आम जनमानस की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए विभाग ऐसी कार्रवाइयों को नियमित रूप से जारी रखेगा।

### अचानक हुई सख्त चेकिंग से चालक-स्वामियों में मचा हड़कंप

संयुक्त टीम की इस कार्यवाही से मार्ग पर बिना रॉयल्टी, फ़र्ज़ी रसीद, ओवरलोडिंग और अन्य नियमों के उल्लंघन में चल रहे वाहन चालक और वाहन स्वामी सकते में आ गए। चेकिंग के दौरान कई वाहन चालक मार्ग बदलते या वाहन रोक कर खड़े होते भी देखे गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी ऐसे निरीक्षण नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित रहे और नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी रहे।



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पीलीभीत-सितारगंज मार्ग पर ओवरलोड व बिना रॉयल्टी के चल रहे माल वाहनों की लगातार मिल रही शिकायतों पर प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। शनिवार की रात्रि में राजस्व विभाग, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाते हुए भारी कार्रवाई की। अभियान के दौरान पाँच माल वाहनों को ओवरलोडिंग में पकड़ा गया, जिन पर मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत सीज़ की कार्रवाई की गई। साथ ही अन्य नियम उल्लंघन में चार वाहनों के चालान भी किए गए। उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक और एआरटीओ ने मिलकर चलाई संयुक्त छापामार कार्रवाई रात्रि में हुए इस अभियान का नेतृत्व उप जिलाधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी, पुलिस उपाधीक्षक जहानाबाद नताशा गोयल और परिवहन विभाग के एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने किया। टीम ने पीलीभीत-सितारगंज मार्ग से गुजर रहे भारी वाहनों की गहन जांच की चेकिंग के दौरान पाँच ट्रकों में निर्धारित क्षमता से अत्यधिक माल भरा पाया गया एक वाहन में 35 टन अधिक,दूसरे में 29 टन अधिक, एक वाहन में 8 टन अधिक तथा दो अन्य वाहनों में 5-5 टन अधिक माल लोड किया हुआ मिला।इन सभी पाँच वाहनों को गंभीर ओवरलोडिंग के कारण मौके पर ही सीज़ कर दिया गया तथा अन्य वाहनों के चालान भी किए गए इस अभियान के दौरान टीम ने ऐसे वाहन भी पकड़े जो क्षमता से अधिक भार, आवश्यक कागज़ात की कमी या अन्य अनियमितताओं में पाए गए। ऐसे चार वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।

## धान खरीद में बड़ा खेल, सरकारी रेट पर नहीं बिक रहा किसानों का धान

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। सावधान हो जाएँ किसान भाइयों डआपका धान सरकारी रेट पर बिकने वाला नहीं है सरकार ने किसानों की उपज खरीदने के लिए तहसील भर में कई धान क्रय केंद्र स्थापित किए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। रोशननगर सहकारी समिति में लगाए गए बी-पैड धान खरीद केंद्र की स्थिति बेहद संदिग्ध बताई जा रही है स्थानीय किसानों के अनुसार न तो केंद्र पर कोई बैनर लगा है और न ही किसानों का धान खरीदा जा रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि कागजों पर धान खरीद दिखाकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, जबकि वास्तविक खरीद शून्य है बताया जाता है कि एक किसान जब अपना धान लेकर रोशननगर केंद्र पहुँचा तो केंद्र प्रभारी दीप सिंह यादव ने उसे सीधे गोला की एक राइस मिल पर भेज दिया, यह कहते हुए कि इस सेंटर की तौल वहीं होती है। किसान ने मजबूरी में अपना धान राइस मिल पर तौलवा भी दिया, लेकिन अब उसे सरकारी रेट नहीं दिए जा रहे हैं किसान का आरोप है कि केंद्र और मिल के बीच सेटिंग करके धान की अवैध खरीद-फरोख्त का खेल चलाया जा रहा है,जबकि किसानों को सरकारी मूल्य से वंचित किया जा रहा है।

# गन्ना क्रय केन्द्रों व चीनी मिल गेट पर घटतौली रोकने के लिए जिलाधिकारी ने बनाई विशेष टीमें

- 193 क्रय केन्द्रों पर होगा आकस्मिक निरीक्षण, अनियमितता मिलने पर सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में गन्ना पेराई सत्र प्रारम्भ हो चुका है और प्रतिदिन लगभग दो लाख कुन्तल गन्ना खरीद हो रही है। इस बीच पिछले वर्ष की तरह किसी भी प्रकार की घटतौली, अनियमित तौल, गलत पर्ची जारी करने या किसानों के शोषण की शिकायत न मिले, इसके लिए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने रविवार को बड़ा निर्णय लेते हुए विशेष निरीक्षण टीमें गठित कर दी हैं।

### जनपद की अनेक चीनी मिलें करती हैं गन्ना क्रय

पीलीभीत जिले की पीलीभीत, पूरनपुर, बरखेड़ा और बीसलपुर चीनी मिलें तो गन्ना खरीदती ही हैं, इसके साथ ही शाहजहांपुर जिले की निगोही व मकसूदापुर, लखीमपुर जिले की गुलरिया तथा बरेली जिले की फरीदपुर चीनी मिल भी पीलीभीत जनपद के किसान-उपज को खरीदती है।जनपद में कुल 193 गन्ना क्रय केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इन केन्द्रों पर किसानों की सबसे बड़ी समस्या घटतौली, गलत तौल और पर्ची में त्रुटि की रहती है, जिसकी शिकायतें पिछले पेराई सत्र में कई स्थानों से प्राप्त हुई थीं।

### जिलाधिकारी ने बनाई पांच

### अनियमितता मिलने पर सख्त विधिक कार्रवाई

यदि निरीक्षण के समय तौल मशीन या पर्ची व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो टीम तत्काल जिलाधिकारी को सूचित करेगी। साथ ही निरीक्षण की मूल प्रतिवेदन प्रति गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त, बरेली को भेजी जाएगी। यदि मूल तौलन यन्त्र गलत वजन देता पाया गया तो चीनी मिल के तौल लिपिक, अध्यासी तौल प्रभारी के विरुद्ध विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश वैक्यूम पैन शुगर फैक्ट्रियां लाइसेंसिंग आदेश, 1969 के अंतर्गत आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### विशेष निरीक्षण टीमें

वर्तमान पेराई सत्र में एक भी अनियमितता न होने पाए, इस उद्देश्य से जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने उपजिलाधिकारी पीलीभीत, अमरिया, पूरनपुर, कलीनगर और बीसलपुर की अध्यक्षता में निरीक्षण टीमें गठित कर दी हैं। इन टीमों में उपजिलाधिकारी के साथ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक को शामिल किया गया है।

### चीनी मिल गेट और गन्ना क्रय केन्द्रों पर होगा आकस्मिक निरीक्षण

निर्देशों के अनुसार, सभी टीमें जिले की चीनी मिलों के प्रवेश द्वार मिल गेट तथा सभी बाहरी गन्ना क्रय केन्द्रों का अचानक निरीक्षण करेंगी। निरीक्षण के दौरान तौलने वाली मशीनों की वास्तविक क्षमता, कांटों और बाटों की सटीकता, गन्ना तौल पर्चियों एस.एम.एस., अर्थात संचार संदेश पर्चियों की सही जानकारी, किसानों को दिए जा रहे तौल की पारदर्शिता की गहन जांच की जाएगी।

### जवाब तलब, जमानत जब्ती और आर्थिक दंड तक की कार्रवाई संभव

पाई गई अनियमितताओं के संबंध में सम्बंधित तौल लिपिक और अध्यासी से जवाब-तलब किया जाएगा। यदि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो जमानत जब्ती,या आर्थिक दंड अर्थदंड जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों के हितों की रक्षा में प्रशासन सख्त

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी स्थिति में किसानों के साथ घटतौली, धोखाधड़ी या अनियमित तौल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार की मंशा है कि किसान अपनी मेहनत का पूरा मूल्य प्राप्त करें और गन्ना क्रय प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ईमानदार रहे।

# प्रकृति का संतुलन बिगड़ना मानवता के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा संकट: विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

## प्रकृति संरक्षण को लेकर नगर में निकली गई भव्य जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार



पीलीभीत। पर्यावरण संरक्षण को लेकर आमजन में चेतना जगाने हेतु रविवार को नगर में एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने किया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीरामचंद्र मिशन हृदय स्पर्श ध्यान मार्ग द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को प्रकृति के महत्व और पर्यावरण संतुलन के लिए किए जाने वाले प्रयासों से अवगत कराना था।

### स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

रैली के शुभारम्भ से पूर्व स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर ने मनुष्य को जल, वायु, भूमि, वनस्पति, औषधियां और अन्न जैसे अनमोल संसाधन दिए हैं। किन्तु आज मनुष्य केवल उपयोग कर रहा है, संरक्षण के प्रति उसकी गंभीरता लगातार घट रही है।

उन्होंने कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई, जल स्रोतों का प्रदूषण, मिट्टी का क्षरण और वायु में बढ़ते विषैले कणों ने पर्यावरण चक्र को असंतुलित कर दिया है। इसके कारण भूकम्प, बाढ़, सूखा, ओलावृष्टि और अनियमित वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाएं बार-बार भयावह रूप ले रही हैं।

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बताया कि श्रीरामचंद्र मिशन की स्थापना वर्ष 1945 में जनपद शाहजहांपुर में की गई थी और आज यह मिशन विश्वभर में मानव कल्याण और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा दे रहा है। संस्था के स्वयंसेवक समाज में स्वच्छता, वृक्षारोपण, योग-ध्यान और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहते हैं। रैली में नगर के अनेक सम्मानित नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और चिकित्सक शामिल हुए।

इनमें प्रमुख रूप से डॉ. दीपक गंगवार, डॉ.पूनम, कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र मोहन सिंह, जितेन्द्र सक्सेना, सुमन जैसवार, आशीष जैसवार, प्रेम प्रजापति, प्रतिभा सीमा, दुर्गा प्रसाद गंगवार, डॉ. प्रवीण, देवेन्द्र, अनुज नर्सिंग होम के सदस्य, जे.एम.बी. बहुविशेषज्ञ अस्पताल के सदस्य मौजूद रहें।

इस बीच सभी उपस्थित लोगों ने जल-वायु-मिट्टी तथा जीव-जंतुओं के संरक्षण का संकल्प लिया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी और लोगों ने प्रकृति बचाओ, जल बचाओ, पेड़ लगाओ? पर्यावरण बचाओ जैसे नारे लगाए।

# दिल्ली रूट पर एसी बस सेवा का शुभारंभ, राज्यमंत्री संजय गंगवार ने दिखाई हरी झंडी



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने रविवार को रोडवेज परिसर में नई एसी बस सेवा का शुभारंभ किया। दिल्ली रूट पर प्रथम बार शुरू हुई इस एसी बस सेवा को राज्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में यात्री, विभागीय अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि दिल्ली रूट पर एसी बसों की सेवा शुरू किए जाने की मांग लंबे समय से यात्रियों द्वारा की जा रही थी। गर्मी और लंबे सफर के चलते यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में नई एसी सुविधा युक्त बसें यात्रियों को आरामदायक सफर प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से रोडवेज को छोटी-बड़ी कुल 9 बसें उपलब्ध कराई गई हैं। इससे न केवल दिल्ली रूट बल्कि अन्य मार्गों पर भी बस सेवाएं बेहतर होंगी। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनसेवा से जनसुविधा तक यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में आज एसी प्रीमियम बस सेवा की शुरुआत की गई है। उन्होंने भरोसा जताया कि नई सुविधा से यात्रियों को राहत मिलेगी और आवागमन और अधिक सुलभ होगा। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रफ्फुल पाराशरी ने बताया कि वर्तमान में 9 बसें उपलब्ध कराई गई हैं और यदि आवश्यकता बढ़ती है तो आगे बसों की संख्या में और विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों की मांग और सुविधा हमेशा प्राथमिकता में रहेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने नई बसों के संचालन, रूट और समय सारिणी की भी जानकारी साझा की। एसी बस सेवा शुरू होने से दिल्ली जाने वाले यात्रियों में खुशी की लहर देखी गई।

## सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। मैगलगंज कस्बे के बाइपास पर रविवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े कोयला लोड ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे दूसरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोहे के गाटर आगे बढ़ते हुए खड़े ट्रक के केबिन को चीरते हुए चालक को जा लगे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ से संभल की ओर जा रहा ट्रक लोहे के गाटर लेकर जा रहा था। बाइपास पर खड़े ट्रक की समय रहते लोकेशन न दिखाई देने के कारण तेज रफ्तार ट्रक सीधे उसमें जा घुसा। हादसे में ट्रक चालक राजेश्वरी पटेल 36 वर्ष निवासी पचौर, जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश केबिन में बुरी तरह फंस गए और गाटर के भीतर घुस जाने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।सूचना मिलते ही मैगलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त केबिन को काटकर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बाइपास पर खड़े भारी वाहनों के कारण लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कई बार सड़क किनारे खड़े ट्रकों पर लाइट या चेतावनी संकेत न होने से ऐसे हादसे बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों ट्रकों को सीज़ कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एक्सप्रेस खबरें...

## रात भर कर चहलकदमी करता रहा बाघ, दहशत में लोग

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव पताबोझी की आबादी के आस पास बाघ पूरी रात चहलकदमी करता रहा। सुबह पगमार्क देखकर लोगों में खलबली मच गई। आबादी के पास बाघ की से लोगों में भारी दहशत वनी हुई है। रखवाली के दौरान क्षेत्र के गांव नवदिया निवासी किसान छोटेलाल को बाघ ने जंगल के अंदर ले जाकर मार डाला था। किसान का अधखाया शव क्षत-विक्षत हालत में मिला था। बाघ की लोकेशन तलाश करने के लिए दो हाथी और छह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बाघ दिन में जंगल के अंदर रहकर रात होते ही आबादी के आसपास चहलकदमी करने लगता है। शनिवार की रात भर बाघ आबादी के पास घूमता रहा। बाघ को देखकर लोग सहम गए। सुबह गांव के आसपास पगमार्क देखे गए। इससे लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है। ग्रामीण घरों में दुबकने को मजबूर हैं। वन विभाग बाघ की लोकेशन ट्रेस करने में फेल नजर आ रहा है। वहीं, एक दिन पहले माधोटांडा क्षेत्र में तीन स्थानों पर अलग-अलग बाघों ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व से बाहर निकलकर खेतों में चहलकदमी की थी। इसमें एक बाघ ने तीन गोवंशीय को भी मार डाला था, जिसमें एक का शव भी खींचकर ले गया था।

## गाडी पेंड से टकराई, घायल अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। तेज गति से आ रही गाड़ी पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में गाड़ी में सवार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार को आसाम हाईवे पर सिंहपुर मोड़ से कुर्रेया खुर्द कलां आने वाले मार्ग पर तेज रफ्तार बोलेरो मोड़ पर अनियंत्रित होकर जंगल में एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें फंसे लोगों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकालें। बताया जा रहा है कि बोलेरो में सवार लोग पीलीभीत के न्यूरिया थाना क्षेत्र के एक गांव से सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव में एक सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे थे। मुरादपुर निवासी रामकरन शर्मा की पुत्री का रविवार को सगाई समारोह था।हादसे में गाड़ी में सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। उन्हें गढ़वाखेड़ा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।गढ़वाचौकी इंचार्ज संतोष कुमार ने बताया कि हादसे की जानकारी मिली है। पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## सिरसा चौराहे पर युवक को पीटा, वीडीओ वायरल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। नगर के सिरसा चौराहा पर रविवार को युवक की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। मामूली विवाद के बाद हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आधा दर्जन से अधिक लोग मिलकर एक युवक को पीट रहे हैं। हमलावर युवक को लात-घूंसों से मार रहे हैं, जबकि पीड़ित खुद को बचाने की कोशिश कर रहा है। उसे सड़क पर गिराकर भी पीटा गया। बताया जा रहा है कि यह घटना सिरसा चौराहा पर किसी मामूली बात को लेकर शुरू हुई थी। विवाद बढ़ने पर कई लोगों ने युवक पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा होने के बावजूद हमलावर बिना किसी डर के युवक को पीटते रहे।पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बड़े पैमाने पर साझा किया जा रहा है। इससे प्रशासन और पुलिस पर त्वरित कार्रवाई करने का दबाव बढ़ गया है। यह घटना पूरनपुर की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही है। मामले की जानकारी मिलते ही पूरनपुर पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और कार्रवाई शुरू कर दी है। पूरनपुर थाना अध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि उन्हें वायरल वीडियो के माध्यम से घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने पुष्टि की कि यह मामला पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के सिरसा चौराहा का है। थाना अध्यक्ष ने पुलिस टीम को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं।

## सरदार पटेल जयंती पर आज पदयात्रा और विशाल जनसभा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र में गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के नेतृत्व में भव्य पदयात्रा और विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी और संचालन की जिम्मेदारी राज्यमंत्री के छोटे भाई विजय सिंह गंगवार को सौंपी गई है, जो कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे। विजय सिंह गंगवार ने बताया कि पदयात्रा सुबह 10 बजे बेनहर गुरुकुल स्कूल मोमिनगंज टनकपुर रोड से प्रारंभ होगी। इसके बाद पदयात्रा कचहरी से होते हुए वाल्टन क्लब पहुंचेगी, जहां थोड़ी देर के लिए विश्राम रखा गया है। इसके बाद यात्रा देशनगर मठिया, गैस चौराहा और सुनगढ़ी थाना चौराहा होते हुए रामा इंटर कॉलेज मैदान पहुंचेगी। रामा इंटर कॉलेज में एक विशाल जनसभा आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।पदयात्रा और जनसभा की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडल, सभासदों, जिला भाजपा संगठन के पदाधिकारियों सहित ब्लॉक और सेक्टर स्तर के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## मां जानकी सेवा संस्थान की अनूठी पहल यातायात सुरक्षा

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। नगर में मां जानकी सेवा संस्थान द्वारा यातायात सुरक्षा को लेकर एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई जिसकी प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने की सराहना। संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी शिवम राठौर ने बताया मां जानकी एंबुलेंस को संचालित हुए लगभग 6 वर्ष पूरा होने जा रहा है जिसमें जो भी एक्सीडेंट होते हैं अक्सर हेड इंजरी होने के कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो जाती है कई दर्जन तस्वीर फ्लेक्स पर छपाई ताकि कुछ लोग प्रेरित हो और हेलमेट का प्रयोग करें। दून पब्लिक स्कूल विद्यालय के कई दर्जन बच्चों में हेलमेट सुरक्षा को लेकर रसोई पर पहुंचकर लोगों को प्रेरित किया। मां जानकी रसोई पर हेलमेटो के वितरण में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा, एसडीएम चालुवराजू आर, सीओ अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक उमेश चंद चौरसिया, अधिवक्ता विवेक शुक्ला, सहित और भी गणमान्य लोगो के साथ मिलकर बिना हेलमेट वाले बाइक चालकों को मुफ्त में हेलमेट वितरित किए।

# इलाज के दौरान युवक की मौत

## परिजन बोले- बहू ने प्रेमी संग मिलकर जहर का दि इंजेक्शन दिया



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। धर्मापुर गांव निवासी एक युवक की लखनऊ में मौत हो गई। उसकी गत मंगलवार को तबियत खराब हुई थी। इस पर उसे सीएचसी बिजुआ और फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।वहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पिता का कहना है कि पत्नी आदि ने बेटे को जहर का इंजेक्शन दिया था।

नामजद तहरीर पर पुलिस ने पत्नी वयस्क सास सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भीरा थाना क्षेत्र के गांव धर्मापुर निवासी 30 वर्षीय सिद्धान्त मिश्रा की मौत हो गई। उसके पिता त्रिगुजी नारायण मिश्रा ने बताया कि सिद्धांत की शादी गोला कोतवाली के गांव पिपरिया गंगा निवासी मोनी देवी पुत्री जगदीश अवस्थी संग की थी। शादी के बाद पता चला कि मोनी देवी का चाल चलन ठीक नहीं है। वह फोन पर घंटो किसी से बात किया करती थी।इसके लिए बेटे व हमारे द्वारा मना करने पर बहू लड़ाई झगड़े पर आमादा होकर गलत इल्जाम में फंसाने की धमकी दिया करती थी। त्रिगुजी नारायण मिश्रा ने बताया कि इसलिए अपनी विकलांग पत्नी शांति देवी के साथ गांव में ही दूसरे मकान में रहने लगे।

इसके बाद एक झोलाछाप डा.राजेश कुमार निवासी मझौरा मोनी देवी के संपर्क में आकर दवा देने के बहाने आए दिन चोरी छुपे घर पहुंचने लगा। त्रिगुजी नारायण मिश्रा ने बताया कि अवैध संबंधों को लेकर बहू मोनी देवी व बेटे सिद्धान्त के बीच बीते दिनों विवाद हुआ। इसके बाद सिद्धांत दवा लेने भीरा चला गया। डाक्टर ने दवा खाकर आराम करने के लिए कहा।

## माँ आदिशक्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित बाल मेला सफलतापूर्वक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। बाल दिवस के उपलक्ष्य में माँ आदिशक्ति फाउंडेशन द्वारा अटल पार्क, आवास विकास में आयोजित बाल मेला आज हर्षोल्लास और अनुशासन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों और अभिभावकों की उपस्थिति ने मेले की रौनक को और बढ़ाया।मेले में मनोरंजक झूले, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल, बच्चों के लिए विविध गेम, प्रतियोगिताएँ और आकर्षक पुरस्कार मुख्य आकर्षण रहे। पूरे दिन बच्चों ने खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और मनोरंजन कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया।आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था, जो पूर्ण रूप से सफल रहा। अभिभावकों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन, स्वयंसेवकों, अभिभावकों और आयोजन टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी ऐसे सार्थक एवं मनोरंजक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# गोवंशीय पशुओं का वध कर गौ तस्कर फरार सूचना पर पहुंचे एडमिशन एसपी और सीओ, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

गन्ने के खेत में तीन गोवंशीय पशुओं का वध कर दिया। उनके अवशेष खेत में फेंक दिए। तस्कर मांस लेकर मौके से भाग निकले,सूचना पर पहुंचे हिंदू वादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।घुंघचाई थाना क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं के वध की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। गौ तस्कर लगातार गोवंशीय पशुओं का वध की घटनाओ को अंजाम दे रहे है। एक और गौकशी की घटना से सनसनी फैल गई। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर में शुक्रवार को खेत पर हुई घटना स्थल से करीब सौ मीटर की दूरी पर एक कच्चे रोड से सटे किसान के गन्ने के खेत में गोमांस तस्करों ने शनिवार की रात तीन गोवंशीय पशुओं का वध कर दिया। उनके अवशेषों को गन्ने के खेतों में फेंक कर भाग निकले, शनिवार को खेतों पर पहुंचे ग्रामीणों ने कच्चे मार्ग पर खून पड़ा देखा। जिससे खलवली मच गई। सूचना पर हिन्दु वादी संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर गोवंशीय पशुओं के सिर, खाल, हड्डियां, खून, मांस पैक करने वाली पन्नी आदि पड़ी हुई मिलीं। घटना को लेकर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। मामले की सूचना घुंघचाई थाना पुलिस को दी गई। जिस पर थाना प्रभारी प्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस दौरान हिंदू संगठनो के कई कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि लगातार गौकशी की घटनाए हो रही है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने भी पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अवशेषों को एकत्र कर सैंपल लेकर परीक्षण को भेजा। राष्ट्रीय बजरंग दल के शिवम भदौरिया ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल शुरू कर दी गई है।शुक्रवार भी घटनास्थल से दो सौ मीटर दूर तस्करों ने गोवंशीय पशु वध किया था। ताबड़तोड़ गोकशी की घटनाओं को लेकर समुदाय में रोष देखा जा रहा है। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने वताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

# एकता पद यात्रा की रणनीति बनाने के लिए गोला विधायक अमन गिरि ने एक महत्वपूर्ण बैठक की

जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी

कस्बा अमीरनगर में रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली एकता पद यात्रा की रणनीति बनाने के लिए गोला विधायक अमन गिरि ने एक महत्वपूर्ण बैठक की।यह बैठक भाजपा कार्यालय अमीरनगर पर विधायक के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान पद यात्रा की तैयारियों, इसके मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और जनसंपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा हुई।

विधायक अमन गिरि ने बताया कि सरदार पटेल देश की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं, और इस पद यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता का संदेश फैलाना है। विधायक ने कार्यकर्ताओं से इस आयोजन को ऐतिहासिक और अनुशासित ढंग से सफल बनाने का आह्वान किया। विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आठ किलोमीटर एकता पद यात्रा 18 नवम्बर को ममरी से प्रारम्भ होकर गोला गोकर्णनाथ नाथ के सीजीएनपीजी कालेज में समाप्त होगी। इसमें भाजपा के सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों और मंडलों के कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यकर्ताओं को यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत, जलपान और सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता पदयात्रा, मोहम्मदी में निकली

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मोहम्मदी में एक एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा सरस्वती शिशु मंदिर, मकसूदपुर से सुबह 9 बजे शुरू हुई और 7 किलोमीटर का सफर तय कर मुल्लापुर में संपन्न हुई। यात्रा मकसूदपुर से चलकर भोगीपुर मनी, जमुका और महमूदपुर नाजिर होते हुए मुल्लापुर पहुंची। भोगीपुर मनी और महमूदपुर नाजिर में पदयात्रियों का स्वागत किया गया। जमुका में दल के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी, जबकि मुल्लापुर में भोजन का आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम का नेतृत्व मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह और भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा ने किया। इसमें मुख्य अतिथि स्नातक एमएलसी अवनीश पटेल, ब्लॉक प्रमुख मोहम्मदी महेंद्र बाजपेई, जिला पंचायत सदस्य दिलीप सिंह, संविधान सभा सहयोजक राम भरोसे वर्मा सहित कई मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, प्रधान, बीडीसी, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए।पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल के कृतित्व और राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को याद किया गया।इस अवसर पर एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया

# एसपी के आदेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम साथीनगर में एक युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित अशोक पुत्र मंत्री के अनुसार वह 11 नवंबर की शाम को रास्ते से जा रहा था। गांव निवासी कल्लू पुत्र शिशुपाल कच्ची शराब का व्यवसाय करता है। कल्लू ने अपने साथी जगदीश,बुद्धा और भयनु पुत्रगण अड्डू ने उसे गाली गलौज किया। लेकिन वह चुपचाप वहां से चला आया।12 नवंबर को सुबह विपक्षी लाठी डंडे लेकर उसकी झोपड़ी पर आए और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।वह जब थाने गया तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और भगा दिया गया। मजबूर होकर उसने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर गुहार लगाई। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# अर्जुनपुर में रामगंगा नदी पर पैंटून पुल न बनने से लोगों में मायूसी

**जन एक्सप्रेस। बी जी मिश्र**





बड़ागांव- अर्जुनपुर रामगंगा नदी पर पक्के पुल का निर्माण प्रारंभ होने के बाद लोक निर्माण विभाग इस बार पैंटून पुल बनाना भूल ही गया है। जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कटियारी क्षेत्र के लोग फर्रुखाबाद जाने के लिए नाव का सहारा लेने पर मजबूर दिखाई दे रहे हैं।

बताते चलें कि कटियारी क्षेत्र से निकली रामगंगा नदी के लगभग दो दर्जन गांव के लगभग डेढ़ लाख लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।पैंटून पुल न बनने के कारण लोगों को लंबी दूरी तय करके गंतव्य तक जाना पड़ रहा है,इलाके के लोग लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को इस लापरवाही के चलते कोस रहे हैं। बडागांव- अर्जुनपुर में रामगंगा नदी पर आवागमन के लिए प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर तक पैंटून पुल बनाया जाता है।जिसे जून माह में खोल दिया जाता है।यहां के स्थानीय लोगो द्वारा चार दशकों से पक्के पुल के निर्माण की मांग चल रही थी।जिसको क्षेत्रीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू के प्रयास से पूरा किया जा रहा है।रामगंगा नदी पर निर्माणाधीन पक्का पुल अंतिम चरण में है।और जल्द ही कटियारी के बाशिंदों को आवागमन के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। लेकिन इस निर्माणाधीन पक्के पुल का कार्य प्रगति पर होने के साथ ही इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं ने आवागमन के लिए हर वर्ष अक्टूबर माह में बनाए जाने वाले पैंटून पुल का निर्माण करना इस वर्ष मुनासिब नहीं समझा।

### जान जोखिम में डालकर नाव से रामगंगा नदी पार कर फर्रुखाबाद जाने को विवश हैं लोग

पैंटून पुल से होकर लोगों को फर्रुखाबाद,हरदोई और सवायजपुर जाने में आसानी होती है,इसके न बनने के कारण बाशिंदों को लंबा फेर लगाना पड़ रहा है।विभागीय नियमों के मुताबिक पैंटून पुल 15 अक्टूबर तक तैयार कर दिया जाता था। और फिर बारिश शुरू होने से पहले जून में खोल दिया जाता है,कुल मिलाकर लोक निर्माण विभाग के अफसरों की लापरवाही से डेढ़ लाख लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे मिला युवक का शव

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** अरवल-बेड़ीजोर मार्ग पर संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर अरवल थाना क्षेत्र के अरवल–बेड़ीजोर मार्ग पर एक अज्ञात शव सड़क के किनारे देखे जाने पर लोगो ने अरवल पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया तो हरपालपुर थाना क्षेत्र के ऊंचागांव निवासी जगतपाल पुत्र लड़ैते के रूप में मृतक की शिनाख्त हुई।बताया जा रहा है कि मृतक जगतपाल शराब पीने का आदी था।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अरवल थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि अज्ञात शव सड़क के किनारे मिलने की सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव की शिनाख्त कराई तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।



### सांडी पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** सांडी थाना क्षेत्र में लगभग पांच माह पूर्व हत्या कर शव नहर में फेंके जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के बांसी गांव निवासी सचिन पुत्र जगन्नाथ के भाई की सांडी थाना क्षेत्र के चौधरियापुर मोड पर क्लीनिक है।जहां पर वह बीती 6 जून को आया था।जहां से वह अचानक गायब हो गया।बीती 7 जून को उसका शव थाना क्षेत्र से निकली नहर में पड़ा हुआ मिला था। इस मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी थी।इस घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 5 माह बाद इस मामले में लोनार थाना क्षेत्र के मानीमऊ गांव निवासी श्याम कुमार प्रजापति को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल भी बरामद की। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए हत्या के दूसरे आरोपी को भी जेल भेज दिया।



### गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

**जनएक्सप्रेस/संडीला।** एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराधों पर नियंत्रण के लिए अपराधियो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत संडीला पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार दोनो आरोपियों पर अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहकर गिरोह बनाकर लूट जैसे अपराध करने का आरोप है। प्राप्त विवरण के अनुसार बीती 14 नवम्बर को प्रभारी निरीक्षक संडीला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त वारिस पुत्र इश्हाक तथा लालबहादुर पुत्र सीतूल, दोनों निवासी गोगावां उसराव, थाना संडीला को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार दोनों अपराधियो के विरुद्ध संडीला थाने में 3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत था। आरोप है कि ये लोग आर्थिक व भौतिक लाभ के उद्देश्य से गिरोह बनाकर लूट आदि घटनाओं को अंजाम देते थे।गिरफ्तार अभियुक्त वारिस एवं लालबहादुर के खिलाफ पूर्व में भी संडीला थाने पर मुकदमा दर्ज है।पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी लगातार आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



### समाजसेविका द्वारा किया गया योग शिविर का आयोजन

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** समाजसेविका श्रीमती शालिनी सिंह द्वारा बरनई गांव में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने योग किया। आपको बताते चलें समाजसेविका श्रीमती शालिनी सिंह द्वारा बरनई गांव में पहली बार योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पतंजलि योग शिविर के जिला प्रभारी हरिवंश सिंह द्वारा 70 पुरुषों और 50 महिलाओं को योग प्रशिक्षण दिया गया। शालिनी सिंह ने बताया कि शरीर स्वस्थ है तो सब है और शरीर स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर एडवोकेट जितेंद्र मिश्र फ्रजीतूफ्र ने भी पहुंचकर योग किया।



### आटा टोल प्लाजा पर टैंकर में लगी आग से मची अफरा तफरी

**जनएक्सप्रेस/कालपी (जालौन)।** रविवार सुबह आटा टोल प्लाजा के पास हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के गैस टैंकर में आग लग गयी । धुंआ उठता देख टोल कर्मियों ने उसे रोक लिया और अग्निशमन यंत्रों से उसे बुझा दिया अन्यथा की स्थिति में बडा हादसा हो सकता था। हाईवे का रखरखाव करने वाली कम्पनी के मैनेजर इंगलेश शर्मा के मुताबिक रविवार लगभग साढे पांच बजे हिन्दुस्तान पेट्रोलियम का गैस टैंकर संख्या यूपी 17 टी 9071 कानपुर के लिए जा रहा था लेकिन टोल प्लाजा से निकलते समय वहां मौजूद टोल कर्मी ने टैंकर के नीचे से धुंआ उठता देख उसके चालक को जानकारी दी। चालक ने उसे आगे बढ़ाकर रोक दिया और आग पर काबू पाए जाने का अनुरोध किया था हालांकि टैंकर मे ज्वलनशील पदार्थ होने से वहां अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था लेकिन टोल नाका में मौजूद कर्मचारियों ने अग्निरोधी उपकरणों की मदद से आग बढ़ने से रोक दिया था जिसके बाद वहां का माहौल सामान्य हुआ था।

# सहकारिता के माध्यम से महिलाएं समूहों का लाभ उठाकर सीधे निजी साधन बना सकती

**जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)**



सहकार भारती टीम द्वारा गत वर्ष की भांति आयोजित सहकारिता सप्ताह स्वयंवर गेस्ट हाउस स्थित राठ रोड उरई में भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अरविन्द दुवे, प्रदेश महामंत्री सहकार भारती, सतीश कठेरिया प्रदेश मंत्री एवं सुशील कुमार प्रदेश सह-मीडिया प्रमुख ने उक्त समारोह में आकर शिरकत की, उक्त समारोह के शुभारम्भ के पूर्व मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों ने एक साथ भारत माता एवं लक्ष्मण राव ईनामदार के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्जवलित किया। समारोह में प्रदेश महामंत्री अरविन्द द्विवेदी ने कहा कि देश की सहकार भारती ऐसा संगठन है जिसमें न केवल सहकारिता की बात की वरन सहकारिता के प्रति आम जन को जागरूक करके ग्रामीण एवं शहरी आबादी पर आवाज बुलन्द की, जिसमें आत्मनिर्भर, स्वावलम्बन रोजगार हेतु प्रेरित करके उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में कमी के बाबजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय की अलग से स्थापना कर उक्त समितियों को मजबूत बनाया, वहां की सारी समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए सहकार भारती संगठन द्वारा हर समस्या को सरकार के संज्ञान में डाला जा रहा है। आप लोगों को चाहिए कि समूह बनाकर, मत्स्य समितियॉं, डेयरी समिति, बी-पैक्स समिति, ऋण समिति इत्यादित समितियां बनाकर गवर्नमेन्ट से अनुदान का सहारा लेकर अपने को मजबूत करें और लोगों को जागरूक करें। खाद्य, बीज की किसानों की समस्या को सहकार भारती ने सरकार तक पहुंचाया जिसमें आप लोगों को साधन सहकारी समितियों द्वारा कम रेट पर ऋण दिया जा रहा है जिसका लाभ उठाएं। सतीश चन्द्र कठेरिया प्रदेश मंत्री ने कहा कि सर्वप्रथम समारोह के पूर्व जालौन की धरती को नमन करते हुए वीर सपूतों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि यहां की जनता न केवल जागरूक है, सरकार की हर योजना का लाभ देने के लिए उत्साहित है। सहकारिता के माध्यम से हम लोग आत्म निर्भर स्वयं को कर सकते हैं, करना चाहिए जबकि सुशील कुमार प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी ने कहा कि सहकारिता ऐसा माध्यम है, के द्वारा अपने को मजबूत किया जा सकता है।

## पति सहित पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भूड़ा निवासी एक विवाहिता ने पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पीड़िता सुनीता पुत्री रामबाबू पाल के अनुसार उसका विवाह 24 मई को राजाराम के पुत्र उपदेश के साथ हिंदू रितिरिवाज से हुआ था। पिता ने विवाह में दान दहेज भी दिया था। विवाह के कुछ दिन बाद ही दहेज में बाइक की अतिरिक्त मांग को लेकर पति,ससुर,देवर अभिषेक,ननद कुंती और सास आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। कुछ दिन पूर्व विपक्षियों ने उसका जेवर छीनकर पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। 5 नवंबर को उसके देवर अभिषेक ने मोबाइल पर फोन कर गाली गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फर्जी मीटर रीडर बन चोरी की नियत से घर में घुसे युवक को पकड़ पुलिस को सौंपा

**जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)**

सदर कोतवाली क्षेत्र के झांसी रोड पर ब्लैक 11 बिस्ट्रा रेस्टोरेंट के मालिक ने कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि जब वह अपने घर में मौजूद था उसी दौरान एक युवक फर्जी मीटर रीडर बनकर चुपचाप उसके मकान के अंदर घुस आया और मीटर से छेड़छाड़ करने लगा तभी मैं आ गया तो उससे मकान के अंदर आने का कारण जानना चाहा तो वह बोला मुझे शीतल नाम के साथी ने भेजा है। इस पर मैंने पूरे घटनाक्रम की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी और पकड़े गये युवक को पुलिस को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार झांसी रोड निवासी सुमित राजपूत पुत्र अमित कुमार झांसी रोड पर ही ब्लैक 11 बिस्ट्रा नाम से रेस्टोरेंट संचालित करते हैं। रविवार को ढाई बजे के लगभग जब सुमित अपने मकान के अंदर थे तभी एक युवक फर्जी मीटर रीडर बनकर उनके मकान के अंदर चुपचाप घुस आया और मीटर से छेड़छाड़ करने लगे तभी मेरा घर के अंदर से निकलना हुआ तो मैंने उसे मीटर से छेड़छाड़ करते पकड़ लिया और उससे चुपचाप मकान के अंदर घुसने का कारण जानना चाहा तो वह हड़बड़ाहट में बोला कि मुझे शीतल नामक युवक ने भेजा है जो विद्युत विभाग में मीटर रीडर उनका कहना था कि आपके मीटर का लोड जम्प करने करना है यदि आप मुझे 3 हजार रुपये दे तो मैं आपके मीटर का लोड नहीं उताउंगा और 3 हजार रुपये लेकर चला जाउंगा। इसके बाद मैंने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी तो पुलिस ने मौके पर आकर पकड़े गये युवक को पकड़कर कोतवाली ले गयी। जहां पकड़े गये युवक से विद्युत विभाग में मीटर रीडर का कार्य करने का प्रमाण मांगा तो वह कुछ नहीं दिखा पाया। सुमित राजपूत ने मामले की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को देते हुये पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति व उसके साथी शीतल के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाये ताकि इस तरह से फर्जी मीटर रीडरों पर शिकंजा कसा जा सके।

# सतर्क रहें: सुरक्षित डिजिटल ट्रांजैक्शन के स्मार्ट तरीकों के बारे में जानें

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

भारत की वित्तीय व्यवस्था लगातार विकसित हो रही है और पैसों के लेन-देन का तरीका बदल रहा है, क्योंकि लोग अब यूपीआई, कार्ड पेमेंट, ई-कॉमर्स और रिटेल आउटलेट जैसी सुविधाओं का ज़्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे एक बड़ा बदलाव आया है। बात चाहे गहनों के खरीद की हो, लाइफस्टाइल से जुड़ी ज़रूरी चीज़ों को अपग्रेड करने और बेहतर अनुभव वाले ट्रैवल बुकिंग की हो, या फिर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ढूंढने की बात हो, ग्राहक रिटेल और ई-कॉमर्स दोनों जगहों पर हमेशा सबसे अच्छे डील की तलाश में रहते हैं। आजकल उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल तरीकों के उपयोग को सबसे ज्यादा पसंद किए जाने, और पैसों के तुरंत लेन-देन में आसानी की वजह से खर्च करने का तरीका बदल रहा है। मूल्य के लिहाज से देखा जाए, तो ई-कॉमर्स सबसे बड़ा माध्यम बना हुआ है, क्योंकि सितंबर 2025 में क्रेडिट कार्ड से होने वाले कुल खर्च में इसकी हिस्सेदारी 66.4त्र थी। स्रोतः ईटीएफ बीएफएसआई.). यूपीआई, क्रेडिट कार्ड और डिजिटल वॉलेट जैसे डिजिटल भुगतान के तरीकों के बढ़ते उपयोग को देखते हुए, ग्राहकों के लिए ज़रूरी है कि वे पैसों के ऑनलाइन लेन-देन के समय सावधान रहें, ताकि उन्हें डील्स और ऑफर नर्स का भरपूर फायदा मिले, साथ ही वे सुरक्षित व सुविधाजनक तरीके से भुगतान का अनुभव ले सकें।

## शाहाबाद पुलिस ने चार पर की गैंगस्टर की कार्रवाई

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** संगठित रूप से अपराध को अंजाम देने और लोगों में दहशत फैलाने के आरोप में शाहैबाद कोतवाली पुलिस ने चार लोगों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार रामसेवक पुत्र किशोरी लाल निवासी ग्राम मढ़िया मजरा नयागांव हबीपुर थाना देहात कोतवाली, अंकित रैदास पुत्र आसाराम, राजीव कश्यप पुत्र ननकू निवासीगण ग्राम पंडित पुरवा पूरा बहादुर कोतवाली देहात एवं बृजेश गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता निवासी आवास विकास कॉलोनी कोतवाली शहर हरदोई द्वारा संगठित रूप से गिरोह बनाकर लोगों में दहशत फैलाने एवं अपराधिक घटनाओं को अंजाम किया जा रहा था। इस संबंध में कोतवाली शाहाबाद पर मुकेश उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम हूसेपुर द्वारा उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था इसी मामले की जांच के दौरान पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई।

## ढाई किमी सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण अनशन पर बैठे

**जन एक्सप्रेस। कालपी (जालौन)**



अटरिया-नसीरपुर सड़क निर्माण की मांग पूरी न होने पर ग्रामीण भड़क गये हैं। रविवार से उन्होंने इसके लिए अनशन शुरू कर दिया है ।

विदित हो कि नसीरपुर के ग्रामीणों ने गत विधान सभा चुनाव में अटरिया तक लगभग ढाई किमी सड़क पक्की न होने पर मतदान का बहिष्कार कर दिया था हालाकि प्रशासन ने उन्हें आश्वासन देकर काफी मनाया था लेकिन वह नहीं माने थे और महज 1 वोट पड़ा था लेकिन इसके बाबजूद अभी तक प्रशासन ने उक्त मांग पूरी नही की है जिससे ग्रामीण भडक गये हैं। दो दिनों पूर्व उन्होंने मांग अतिशीघ्र पूरी न होने पर 16 नवम्बर से अनशन करने की चेतावनी दी थी हालांकि मौके पर पहुंचे एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने उन्हे अतिशीघ्र सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था लेकिन ग्रामीण बगैर कोई ठोस प्रमाण के आश्वासन मानने के लिए तैयार नही थे और उन्होंने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे और रविवार को चैरासी क्षेत्र के ग्रामीणों का दल अनशन पर बैठ गया है। गुरू के मुताबिक सड़क निर्माण की ठोस कवायद के बाद ही यह अनशन समाप्त होगा। वही ग्रामीणो का अनशन शुरू होते प्रशासनिक हल्कों में हलचल शुरू हो गई है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के मुताबिक शीघ्र ही सड़क निर्माण की कवायद शुरू हो जाएगी प्रक्रिया शासन स्तर से शुरू हो गई है और सार्वजनिक निर्माण विभाग ने भी सड़क निर्माण के लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी है उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे को उठाकर सड़क निर्माण का श्रेय लेना चाह रहे जबकि सब कुछ पहले ही हो चुका है।

# सड़क पर डली गिट्टी पर बाइक फिसलने से युवक की डंपर के नीचे आने से हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। जालौन (उरई)**



शादी के कार्ड बांटने जा रहे युवक की बाइक सड़क पर पड़ी गिट्टी पर फिसली। हादसे में बगल में चल रहे डपंर के नीचे बाइक सवार युवक के आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक सवार दूसरा युवक बच गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, डंपर को कोतवाली में खड़ा कराया और चालक से पूछतांछ की जा रही है।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम सदूपुरा निवासी अंकित पहारिया (30) पुत्र विनोद कुमार के परिवार में आगामी 22 नवंबर को शादी है। शादी के कार्ड बांटने के लिए अंकित अपने साथी रणजीत (18) पुत्र सोनू के साथ बाइक पर शादी के कार्ड बांटने के लिए जा रहा था। जब वह बाइक लेकर छत्रसाल स्कूल के पास पहुंचे। तभी फोरलेन सड़क पर गिट्टी का ढेर पड़ा हुआ था। वह गिट्टी के ढेर से होकर बाइक को निकालने लगा। तभी अचानक गिट्टी पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक फिसलकर गिर गई। उसी समय औरैया की ओर से एक डंपर उरई की ओर जा रहा था। बाइक चला रहा अंकित फिसलकर बगल में चल रहे डंपर के नीचे आ गया। शरीर का ऊपरी हिस्सा डंपर के पहियों की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठा रणजीत हादसे में बाल बाल बच गया। डंपर चालक ने मौके से डंपर लेकर भागने की कोशिश की लेकिन कुछ ही दूरी पर राहगीरों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, डंपर को कोतवाली में खड़ा कराया और पुलिस राजेंद्र नगर उरई निवासी चालक राहुल से पूछतांछ कर रही है।

## किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला गिरफ्तार



**जनएक्सप्रेस/संडीला।** किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने आरोपी को संडीला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे न्यायालय भेजा है। संडीला थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने 11 सितम्बर 2025 को दी तहरीर मे बताया कि हरिजन सराय मोहल्ला निवासी शानू पुत्र दारा सिंह उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया।इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रविवार को किशोरी को बरामद कर लिया। साथ ही आरोपी युवक शानू को भी धर दबोचा है।एसओ विद्यासागर पाल ने बताया कि किशोरी का मेडिकल करवा गया है।

# कंपोजिट विद्यालय बालक में 12 लाख की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। कोंच (जालौन)**



रविवार को कोंच नगर में शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कंपोजिट विद्यालय बालक, मालवीय नगर में 15वें वित्त आयोग के तहत 12 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य विद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना और छात्रों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। मिलने वाली धनराशि से विद्यालय में अत्यंत आवश्यक बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाएगा, जिससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही, विद्यालय परिसर में इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जाएंगी, जो बरसात के समय होने वाली कीचड़ और जलभराव की समस्या को खत्म करेंगी। इसके अलावा, कक्षाओं सहित अन्य कमरों में टायलीकरण का कार्य किया जाएगा, जिससे विद्यालय का सौंदर्य, स्वच्छता और उपयोगिता दोनों बढ़ेंगी। इन कार्यों को स्थानीय संस्था मां हुल्का देवी कंस्ट्रक्शन द्वारा पूरा किया जाएगा, जिसके प्रोप्राइटर तुषार अग्रवाल हैं। रविवार को आयोजित भूमि पूजन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए मजबूत सुविधाएं आवश्यक हैं। कार्यक्रम में गौरव तिवारी, अशोक कुदईया, जेई अरुण कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक राघवेंद्र शर्मा और अलकेश अवस्थी उपस्थित रहे। कार्यदायी संस्था की ओर से संजय और देवांश अग्रवाल व अन्य गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। परियोजना के पूरा होने पर कंपोजिट विद्यालय बालक एक आधुनिक, सुरक्षित और आकर्षक परिसर के रूप में छात्रों के लिए प्रेरणादायक माहौल प्रदान करेगा।

# डीएम ने किया फार्मर रजिस्ट्री कार्य का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**



जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने आज ग्राम पंचायत भवन बभनौली बुजुर्ग पहुँचकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर रजिस्ट्री के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सरकार की अधिकांश कृषि योजनाएँ, सब्सिडी, खाद-बीज वितरण तथा अन्य लाभकारी सुविधाएँ केवल उन्हीं किसानों को उपलब्ध होंगी जिनकी फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण होगी। इससे वास्तविक किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी तथा योजनाओं का लाभ सही पात्र तक पहुँच सकेगा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा किए जा रहे रजिस्ट्री कार्य की गुणवत्ता और प्रक्रिया की समीक्षा की। मौके पर उन्होंने ग्राम बभनौली के किसानों–बैजनाथ एवं योगेन्द्र–को फार्मर रजिस्ट्री प्रमाणपत्र प्रदान किया। उन्होंने उपस्थित सभी किसानों से बिना विलंब अपनी रजिस्ट्री पूर्ण कराने की अपील की। जिलाधिकारी ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों से फॉर्म 6, 7 और 8 भरकर बीएलओ के पास जमा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में सही नाम जुड़े रहने से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित होती है। किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरक क्षमता घटती है, उत्पादन प्रभावित होता है और पर्यावरण को नुकसान पहुँचता है। उन्होंने पराली के वैज्ञानिक प्रबंधन और वैकल्पिक उपयोग के प्रति किसानों को जागरूक किया। निरीक्षण कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी ने ग्राम स्थित गौ आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एक गाय द्वारा बछिया को जन्म दिए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और नवजात बछिया को दूध पिलाकर उसके स्वास्थ्य की कामना की। आश्रय स्थल में वर्तमान में 36 पशु रखे जाने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने परिसर को छोटा पाते हुए इसके विस्तार की आवश्यकता बताई और जगह बढ़ाकर इसे और व्यवस्थित बनाने का सुझाव दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नीरज सिंह, सज्जन कुमार (फार्मासिस्ट) सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पराली जलाने पर डीएम सख्त ग्राम प्रधानों की जवाबदेही तय

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**

जनपद में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए ग्राम प्रधानों की प्रत्यक्ष जवाबदेही तय करने का निर्देश जारी किया है। डीएम के आदेशों के अनुपालन में जिला पंचायतराज अधिकारी श्रेया मिश्रा ने उन गांवों को 95(1)जी के तहत नोटिस जारी किए हैं, जहां पराली जलाने की शिकायतें मिली हैं। संबंधित ग्राम प्रधानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

इसी क्रम में दिनांक 17 नवंबर 2025 को जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इस सभा में किसानों को पराली जलाने के दुष्परिणामों के साथ-साथ वैकल्पिक प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पराली जलाने पर लगने वाली विधिक एवं दंडात्मक कार्यवाहियों से भी किसानों को अवगत कराया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। जिलाधिकारी ने कृषि, राजस्व, पुलिस सहित सभी संबंधित विभागों को पराली जलाने की घटनाओं पर तुरंत और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर पराली जलाने पर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पराली सुलगते ही डीएम पहुँचे खेत, किसानों को दी सख्त चेतावनी

### फार्मर रजिस्ट्री व मतदाता पुनरीक्षण की जांच के दौरान पराली जलने की मिली सूचना

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**



जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने रविवार को चौरी गांव में फार्मर रजिस्ट्री तथा एसआईआर/विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यों की पारदर्शिता परखने के लिए औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ द्वारा फार्म वितरण व संकलन की प्रक्रिया का विस्तृत जायजा लिया। इसी बीच डीएम को सूचना मिली कि गांव के कुछ किसान खेतों में पराली जला रहे हैं। मामला गंभीर देखते हुए वे तुरंत मौके पर पहुंचे और खेत में जाकर किसानों से सीधे संवाद किया। जिलाधिकारी के पहुंचते ही पराली को तुरंत बुझा दिया गया। डीएम शर्मा ने किसानों को पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय दुष्परिणाम व लागू कानूनी प्रावधानों की सख्त चेतावनी के साथ जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी हालत में खेत में पराली न जलाएं। उन्होंने कहा कि पराली को एकत्र कर स्थानीय गौसदन व गो-आश्रयों तक पहुंचाने की व्यवस्था ग्राम प्रधान तथा खंड विकास अधिकारी के माध्यम से प्रशासन सुनिश्चित करेगा। किसानों से अपील करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पराली प्रबंधन सभी की साझी जिम्मेदारी है और प्रशासन किसानों के सहयोग को हमेशा तत्पर है। उन्होंने दोहराया कि पराली जलाना पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने के साथ दंडनीय अपराध भी है, इसलिए किसान वैकल्पिक उपाय अपनाकर स्वच्छ वातावरण के निर्माण में योगदान दें।

# एएसपी ने की बैठक: आरटीसी प्रशिक्षण को लेकर रिक्रूटों को दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले में पुलिस लाइन स्थित सभागार में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय द्वारा सीओ लाइन शिवनारायण वैस के साथ रविवार को प्रशिक्षणाधीन रिक्रूटों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। एएसपी पश्चिमी बृज नंदन राय द्वारा प्रशिक्षुओं के संपूर्ण पाठ्यक्रम की समीक्षा कर प्रशिक्षण के प्रत्येक मॉड्यूल की अद्यतन प्रगति जानी गई। इस दौरान आउटडोर प्रशिक्षण, ड्रिल, पीटी, फायरिंग, हथियार संचालन, परेड दक्षता एवं शारीरिक फिटनेस पर विशेष बल दिया गया गया। इसके साथ ही उन्होंने अनुशासन, समय-पालन एवं वर्दी की एकरूपता बनाए रखने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान करते हुए कानून एवं व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, अपराध नियंत्रण एवं फील्ड प्रैक्टिकल विषयों पर प्रशिक्षुओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान व्यावसायिक दक्षता, कर्तव्यपरायणता एवं पुलिस सेवा की मर्यादा का पालन सर्वोपरि रखने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु विभागीय संसाधनों के समुचित उपयोग पर बल दिया गया। बैठक में प्रशिक्षण व्यवस्था की समग्र समीक्षा की गई तथा आवश्यकतानुसार दिशा-निर्देश जारी किए गए। सीओ लाइन शिवनारायण वैस द्वारा प्रशिक्षण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई एवं प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी एवं शारीरिक दक्षता बढ़ाने के लिए किस प्रकार के नवाचार किए जा सकते हैं, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया जा सके।

## सुकरौली नगर पंचायत के तीतिला में बनेगा पार्क, खर्च होंगे 28 लाख

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

कस्बा तीतिला कुटी के पास हाटा विधायक की पहल पर पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कस्बा के लोगों को योगा और व्यायाम करने में सहूलियत होने के साथ मोहल्ले के युवाओं और बच्चों को खेलने में सहुलियत होगी। इस निर्माण कार्य पर नगर पंचायत की तरफ से 28 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। तीतिला में चल रहे पार्क परिसर में चारो तरफ इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके बाद वहां लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाने के साथ पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए चारों तरफ से कई प्रजाति के फूल लगाए जाएंगे। इसके अलावा पार्क रात में भी गुलजार रहे इसके लिए हाईमाक्स लाइट लगाए जाएंगे। पार्क में लगे फूल पौधों और वहां लगाए गए उपकरणों की सुरक्षा के लिए चारो तरफ से बाउंड्रीवाल के साथ गेट भी बनाए जाएंगे।

# पट्टी का ऐतिहासिक मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर: पूर्व मंत्री मोती सिंह

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले की तहसील पट्टी के ऐतिहासिक मेले का रविवार को शुभारंभ हुआ। सदियों से लगने वाले तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह ÷मोती सिंह÷ ने फीता काटकर किया। इस दौरान एसडीएम पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र, सीओ मनोज रघुवंशी, मेला समिति के अध्यक्ष लाल जुग्गीलाल, महामंत्री अशोक श्रीवास्तव व चैयरमैन पट्टी समेत काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, व्यापारी व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। उद्घाटन के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने कहा कि पट्टी का यह ऐतिहासिक मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। यहां आना हमेशा गर्व की बात होती है। प्रशासन और समिति ने मिलकर मेले को सुरक्षित, भव्य और व्यवस्थित बनाने की सराहनीय तैयारी की है। उन्होंने कहा कि पट्टी का मेला सिर्फ आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-जोल, परंपरा और आस्था का प्रतीक है। मेला समिति के अध्यक्ष लाल जुग्गी लाल जायसवाल ने कहा कि समिति वर्षों से मेले को सफलतापूर्वक आयोजित करती आ रही है। इस बार सुरक्षा, स्वच्छता और व्यापारिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। हम सभी आगंतुकों का स्वागत करते हैं। नगर पंचायत द्वारा मेले में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की बेहतर व्यवस्था की गई है। बता दें कि सदियों से लगने वाला पट्टी का ऐतिहासिक मेला सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल है। यहां मेले की आयोजन समिति में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भागीदारी गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूती प्रदान करती है। यह आयोजन दिलों को सभी को भावनात्मक रूप से जोड़ता है। सौ साल पुराने इस मेले की विविधता, सद्भाव और समसता ने लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है। यही वजह रही कि समरसता का पाठ पढ़ाने वाले इस मेले की उम्र के साथ रौनक भी बढ़ती गई और चाहने वाले भी जुड़ते चले गए। खाने-पीने के स्वादिष्ट लजीज व्यंजनों के साथ ही मेले में घर गृहस्थी के सारे सामनों के अलावा बच्चों के मनोरंजन के झूले, सर्कस यहां सबकुछ मिलेगा। यह मेला तनावपूर्ण होते रिश्तों के दौर में आपसी सद्भाव, प्रेम का बड़ा संदेश भी देता है। कई जनपदों के दुकानदार यहां के आपसी भईचारे और सौहार्द्र को देखकर कहते हैं कि मेले ने मिल-जुलकर रहना सिखाया। पट्टी का मेला दिलों का मेला है।

# साहब ! पत्थर नसब के बाद भी नहीं मिला कब्जा

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**




कप्तानगंज। तहसील सभागार में शनिवार को सीडीओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कुल 16 मामले आए, जिसमें से चार मामलों का निस्तारण कर शेष को शीघ्र निस्तारण के निर्देश के साथ संबंधित विभागों में भेज दिया गया। यहां एक फरियादी ने पत्थर नसब के बाद भी कब्जा नहीं मिलने की शिकायत की। जिस पर अधिकारियों ने कार्रवाई का निर्देश दिया।

सीडीओ बंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुसार मामलों का निस्तारण संवेदनशीलता के साथ करें। पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों से तालमेल कर शिकायतों की जांच करे सही तथ्य सामने लाते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करें। उनके समक्ष राजस्व के 11, पुलिस एक, विकास के एक, स्वास्थ्य एक और अन्य विभागों के दो समेत कुल 16 मामले आए, जिसमें से राजस्व के चार मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम विनोद गुप्ता, तहसीलदार चंदन शर्मा, नायब तहसीलदार एकता त्रिपाठी, सीओ कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

## सास और देवर पर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

बनकटा थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने में शिकायती पत्र देकर सास और देवर पर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में बताया है कि 26 जुलाई की रात में उसे व उसके पति को उसकी सास एवं देवर ने घर से बाहर निकाल दिया। अलग-अलग सोशल मीडिया पर आईडी बनाकर उसका गलत फोटो आपत्तिजनक व अश्लील कमेंट के साथ वायरल किया जा रहा है तथा तलाक की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा है। थानाध्यक्ष बनकटा गोरखनाथ सरोज ने बताया कि इस मामले में पुलिस गई थी। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।

# बारात में शामिल होने घर से निकला युवक, सुबह झाड़ियों में मिला शव

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले के देल्हूपुर थाना इलाके के भावलपुर गांव में विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशन के समीप झाड़ियों में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। किसी राहगीर ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

मिली जानकारी के अनुसार रानीगंज थाना इलाके के रघवापुर गांव निवासी चंद्रप्रकाश मिश्रा ( 20 वर्ष ) शनिवार रात गांव से एक बारात में शामिल होने के लिए निकले थे। कुछ समय बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और उनसे संपर्क नहीं हो पाया। रविवार सुबह देल्हूपुर थाना इलाके में चंद्रप्रकाश का शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर पर थे। परिजनों का कहना है कि चंद्रप्रकाश का किसी से कोई विवाद नहीं था। ऐसे में उनकी अचानक मौत कई सवाल खड़े करती है। चर्चा है कि युवक के सिर पर गंभीर चोटों के निशान दिखे जिससे मौत को संदिग्ध माना जा रहा है। सूचना मिलते ही देल्हूपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस युवक के मोबाइल की अंतिम लोकेशन, बीती रात की गतिविधियों और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी देल्हूपुर ने बताया कि युवक बारात में शामिल होने के लिए शनिवार शाम को घर से निकला था। सुबह स्टेशन के समीप झाड़ियों में उसका शव मिलने के बाद मौके पर जाकर अन्य विधिक कार्रवाई करने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया। मामले की छानबीन की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। बाकी मौत के वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होंगे।

# श्रीमद्भागवत कथा: श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को सुनकर श्रोता भाव विभोर

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**




जिले के बाबा बेलखरनाथ धाम विकास खण्ड के बीरमऊ गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भागवताचार्य श्री भूषण मिश्र महाराज के मुखारविंद से श्रोतागण श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर प्रसंग सुनकर भाव विभोर हो गये। उन्होंने कथा पंडाल में भगवान श्री कृष्ण द्वारा पूतना वध, माखन चोरी, गोवर्धन पर्वत धारण आदि का प्रसंग सुनाया। आचार्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म होने की सूचना जब कंस को लगी तो वह उन्हें बाल रूप में समाप्त करने का षडयंत्र रचने लगा और उसने भगवान श्रीकृष्ण का मारने के लिए पूतना नाम की राक्षसी को भेजा। पूतना ने अपने वक्ष पर जहर लगा लिया और श्री कृष्ण को अपना दूध पिलाने के बहाने अपने साथ ले गई। इधर कान्हा के घर में न होने पर माता यशोदा परेशान हो गईं। पूतना उठाकर श्रीकृष्ण को कुछ दूर लेकर गई उन्हें जैसे ही दूध पिलाने लगी। भगवान ने उसके प्राण ही ले लिए। जिससे पूतना अपने असली रूप में आ गई और विशालकाय रूप के साथ रूदन करने लगी। भगवान के हाथों पूतना का वध होने से वह भी स्वर्गधाम को गई। उन्होंने बताया कि भगवान ने इस धरा पर आकर कई लोगों को उद्धार किया। उन्होंने भगवान की बाल लीलाएं, माखन चोरी, गोपियों को मटकी तोड़ने, माटी खाने, माता यशोदा की ओर से उन्हें माखन चोरी करने पर ओखली में बांधने की कथा सुनाई। इस दौरान मुख्य यजमान श्यामा देवी, मुनींद्र दत्त, सिद्धार्थ पांडे, अविनाश पांडे, नीलेश पांडे, कैलाश मणि त्रिपाठी, श्याम पांडे, विमलेश पांडे, राकेश शुक्ला समेत काफी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

## शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

बनकटा मिश्र में विष्णु महायज्ञ के दौरान चल रही श्रीराम कथा में अयोध्या से आईं कथा वाचिका किशोरी प्रिया ने शनिवार को शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि पार्वती जब बड़ी हुईं तो पर्वतराज हिमालय को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। एक दिन देवर्षि नारद पर्वतराज हिमालय से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने माता पार्वती को देखने के बाद उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया। कठोर तपस्या से पार्वती ने शिव को प्राप्त कर लिया। बरात जब राजा हिमालय के यहां पहुंची तो बरात में भूत-पिशाच, सांप, बिच्छुओं के झुंड देखकर लोग भयभीत हो गए थे।

# गहमागहमी के बीच हुई नगरपालिका परिषद की बैठक

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**



नगरपालिका परिषद परिसर में शनिवार को बोर्ड की बैठक गहमागहमी के बीच हुई। इसमें कुछ सदस्यों ने एक वार्ड सदस्य के क्रिया-कलाप पर रोष जताया। जबकि सोशल प्लेटफार्म पर किए जा रहे आपत्तिजनक टिप्पणी पर निंदा प्रस्ताव किया गया।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्वेता जायसवाल की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें विभिन्न कार्यक्रमों में निकलने वाले कूड़ा आदि के निस्तारण के लिए 500 रुपये का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर वार्ड सदस्य बलवंत सिंह ने विरोध जताते हुए 200 रुपये करने के लिए मांग किया। सुदामा वर्मा ने लोगों द्वारा नक्शा मांग पर अतिशीघ्र उपलब्ध कराने, अभिषेक सिंह बिट्टू ने राजनगर में मेन रोड के सही कराने की मांग किया, जबकि वार्ड सदस्य रतन सोनकर ने नामांतरण शुल्क वृद्धि पर विरोध जताया।

बैठक में ई-रिक्शा चालकों को लाइसेंस देकर 200 रुपये टैक्स लगाने का प्रस्ताव किया गया। मौके पर बलवंत सिंह, मुहर्रम अली उर्फ़ जुगनू राईन, राजन कुमार सोनकर उर्फ़ रतन सोनकर, सुदामा वर्मा, मीना देवी, रेनू यादव, अंजू यादव, जसोदिया देवी, रामप्रवेश यादव, अभिषेक सिंह बिट्टू, विकास मद्देशिया, दीपक कन्नौजिया, सुरजावती देवी, उमा देवी, पूनम देवी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने किया देश के साथ पाप: कौशलेंद्र पटेल

■ एकता पदयात्रा के बाद आयोजित विशाल जनसभा में गरजे नेता

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रविवार को आयोजित एकता पदयात्रा के उपरांत ब्लॉक मुख्यालय पर विशाल जनसभा संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल ने अपने उद्बोधन में कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में कांग्रेस ने सबसे बड़ा पाप देश के साथ यह किया कि लौहपुरुष सरदार पटेल को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तविक हकदार थे। कौशलेंद्र पटेल ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में सरदार पटेल का नाम ही सबसे उपयुक्त था, क्योंकि उन्होंने ही अखंड भारत की नींव रखी और 562 रियासतों का विलय कर देश को एक सूत्र में पिरोया। लेकिन तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के चलते पंडित नेहरू को आगे कर दिया गया, जो इतिहास की सबसे बड़ी भूल थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का यह निर्णय न केवल पटेल जैसे महापुरुष के प्रति अन्याय था, बल्कि स्वतंत्र भारत की दिशा और दशा को भी दशकों तक प्रभावित करने वाला साबित हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जिस पार्टी ने नेहरू से लेकर राजीव गांधी, संजय गांधी तक पूरे खानदान के स्मारक दिल्ली में बनवाए, वही पार्टी सरदार पटेल का स्मारक बनवाने की बात तक भूल गई। यह देश के लौहपुरुष के गौरव और उनके योगदान का घोर अपमान है। उन्होंने कहा कि आज देश उनके आदर्शों पर चल रहा है, तभी ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ का सपना साकार हो पा रहा है। सभा में विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने भी सरदार पटेल के जीवन और उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पटेल न केवल भारतीय एकता के शिल्पी थे, बल्कि वे प्रशासनिक दक्षता, दृढ़ इच्छाशक्ति और अदम्य साहस के प्रतीक थे। बिहार के हालिया जनादेश का उल्लेख करते हुए विधायक ने कहा कि बिहार की जनता ने बता दिया है कि अब देश जाति, धर्म और मजहब की संकीर्ण राजनीति को नकार चुका है। जनता विकास, सुशासन और पारदर्शिता चाहती है। इससे पूर्व एकता पदयात्रा का शुभारंभ लालापुर से किया गया। लगभग चार किलोमीटर लंबी पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पूरे मार्ग में ÷एकता÷, ÷अखंडता÷ और ÷राष्ट्रहित÷ के नारों से क्षेत्र गूंज उठा। पदयात्रा ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर जनसभा में परिवर्तित हो गई। सभा का संचालन राकेश वर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अजीत प्रजापति ने दिया। इस दौरान किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय, खुटहन ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रकाश दुबे, लक्ष्मी साहू, बेचन सिंह, पवन पाल सहित सैकड़ों विशिष्टजन उपस्थित रहे। पदयात्रा के जिला संयोजक सुनील तिवारी, राम खेलावन वर्मा एवं अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और लोगों से सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में अपनाने की अपील की। सभा के अंत में उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जनता में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# अन्याय की पराकाष्ठा: सरयू में जल-समाधि देने को मजबूर हुई पीड़िता

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



कलवारी थाना क्षेत्र के वैष्णोपुर गांव की रहने वाली सावित्री देवी पत्नी जोखन ने प्रशासनिक उपेक्षा और वर्षों से न मिलने वाले न्याय के खिलाफ अपनी सबसे कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी सहित जिले के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। सात साल से अपने ही घर से बेघर होकर दर-दर भटक रहे इस परिवार का दर्द अब असहनीय हो चुका है। सावित्री देवी का कहना है कि वह लंबे समय से अपने मूल निवास से बाहर खानाबदोश जिंदगी जीने को मजबूर है। वर्षों की दौड़-धूप, अनेक अधिकारियों से मुलाकात और लगातार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि हल्का लेखपाल दिनेश सिंह द्वारा गलत रिपोर्ट लगा देने के कारण उसका मामला आज तक समाधान नहीं पा सका, जिससे उसका पूरा परिवार बेघर होकर भटक रहा है। लगातार अन्याय और उपेक्षा से टूटी हुई सावित्री देवी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 26 नवम्बर तक उसे न्याय नहीं दिया गया तो वह 27 नवम्बर को सरयू नदी में जल-समाधि लेने को मजबूर होगी। उनका कहना है कि ऐसी गंभीर स्थिति बनने के लिए पूरी तरह लेखपाल जिम्मेदार होंगे, क्योंकि सत्य छिपाकर और गलत तथ्य प्रस्तुत कर उन्होंने उसके जीवन को संकट में डाल दिया है। यह संवेदनशील प्रकरण जिलास्तर के प्रशासनिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़ा करता है कि आखिर एक महिला को अपने अधिकारों के लिए इतने लंबे समय तक दर-दर क्यों भटकना पड़ा? पीड़िता की चेतावनी के बाद अब स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है कि वह समय रहते इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय सुनिश्चित करे, ताकि एक और परिवार विनाश के कगार पर न पहुँचे।

# कांग्रेस आर.टी.आई. विभाग की चेयरमैन बनी नगमा खातून



**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने नगमा खातून को संतकबीर नगर जनपद के चेयरमैन का दायित्व सौंपा है। उनसे आग्रह किया गया है कि वे कांग्रेस के नीति, कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने, उन्हें पार्टी से जोड़ने के साथ ही सूचना अधिकार को हथियार बनाकर लोगों को न्याय दिलाने में सहयोग करें। यह जानकारी देते हुये कांग्रेस आर.टी.आई. विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्वान्चल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि निश्चित रूप से नगमा खातून अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। नगमा खातून को संतकबीर नगर जनपद का चेयरमैन बनाये जाने पर संतकबीर नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, वेदपाल सिंह श्रीनेत्र, अजय सिंह, पप्पू चौबे, अशोक, उमेश, रीता साहनी, शान्ती देवी, नीलम चतुर्वेदी, सरिता, सोनगुना, दुर्गावती, नमिता, रोशन जहां, हसीना खातून, अफसाना, तब्बसुम आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# पोस्टर में दिखा रचनात्मकता और जागरूकता का संगम



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन उत्साहपूर्ण एवं रचनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति की डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ। छात्र-छात्राओं ने सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और समसामयिक मुद्दों पर आधारित प्रभावशाली पोस्टर प्रस्तुत कर अपनी कलात्मक प्रतिभा तथा विषयगत समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शान्या मौर्य ने प्रथम, गुंजन विश्वकर्मा ने द्वितीय तथा प्रिया मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पोस्टरों में रचनात्मकता, रंग संयोजन और संदेश की स्पष्टता विशेष रूप से देखने को मिली। संकाय सदस्यों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों की कलात्मक क्षमता को निखारते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक सरोकारों के प्रति अधिक जागरूक भी बनाते हैं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. प्रियंका कुमारी एवं डॉ. राजन तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ छात्रों में कलात्मक दृष्टि, सामाजिक चेतना और प्रस्तुतीकरण कौशल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन डॉ. शुभम सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियाँ विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति का सशक्त मंच प्रदान करती हैं तथा उन्हें सामाजिक मुद्दों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती हैं

# बैनामे की जमीन देखने गए युवक की पिटाई, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

■ जफराबाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन महिलाओं सहित चार नामजद किए

जौनपुर नगर पंचायत कजगांव बाजार में बैनामे की जमीन देखने गए एक युवक को स्थानीय लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कस्बा निवासी मिथिलेश सोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की सुबह वह अपनी दुकान पर जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने हाल ही में रजिस्ट्री कराई गई अपनी जमीन को देखने का निर्णय लिया और वहां पहुंच गए। आरोप है कि जैसे ही मिथिलेश जमीन पर पहुंचे, कजगांव निवासी खुशवंद मौर्य और उनके परिवार की महिलाएं वहां आ गईं और गाली-गलौज करने लगीं। विरोध करने पर सभी ने मिलकर मिथिलेश को लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने खुशवंद मौर्य, माला देवी, खुशी और रंजना के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जयदीप को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी

# बेसमेंट अस्पतालों पर कार्रवाई ठप? पत्रकारों द्वारा सौंपे गए वीडियो के बाद भी मंडरा रहे सवाल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




जौनपुर जिलाधिकारी द्वारा हाल ही में जारी उस आदेश को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं, जिसमें निर्देश दिए गए थे कि जिले में बेसमेंट में संचालित अस्पतालों को बंद कराया जाए तथा ऐसे सभी चिकित्सालयों पर आवश्यक कार्रवाई हो जो निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे। आदेश के बावजूद अब तक कुछ अस्पतालों पर कार्रवाई न होने के कारण यह मुद्दा चर्चा में है। सूत्रों के अनुसार, तीन दिन पहले पत्रकारों के एक दल ने सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह को दो अस्पतालों के वीडियो बतौर प्रमाण सौंपे थे। वीडियो में कथित रूप से बेसमेंट में उपचार होता दिखने और रजिस्ट्रेशन न होने की बात सामने आई थी। इनमें पहला अस्पताल नन्द हॉस्पिटल, सिद्दीकपुर बताया गया, जहाँ कथित रूप से बेसमेंट में आईसीयू संचालित होने का दावा किया गया था। दूसरा मामला समृद्धि हॉस्पिटल, रसूलाबाद का था, जिसके बारे में रजिस्ट्रेशन न होने की शिकायत प्रस्तुत की गई थी। मौके पर मौजूद पत्रकारों के अनुसार, सीएमओ ने निर्देश दिए थे कि जिन संस्थानों में अनियमितताएँ पाई जाएँगी, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित टीम को नन्द हॉस्पिटल और समृद्धि हॉस्पिटल में जाकर जांच एवं आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया था। हालाँकि, समाचार लिखे जाने तक नन्द हॉस्पिटल पर कार्रवाई न होने की बात सामने आई है, जिससे प्रशासनिक मशीनरी की तत्परता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों व पत्रकारों का कहना है कि यदि जिलाधिकारी और सीएमओ के आदेशों का समयबद्ध अनुपालन नहीं हुआ, तो यह गंभीर प्रशासनिक चूक मानी जाएगी। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग के कुछ सूत्रों का कहना है कि जांच प्रक्रिया औपचारिकता के तहत समय ले सकती है, जबकि कुछ का मानना है कि जनपद में कई ऐसे अस्पताल व क्लीनिक हैं जिनकी जांच आवश्यक है, परंतु उपलब्ध संसाधनों और स्टाफ की कमी के चलते कार्रवाई में विलंब होता है। फिलहाल, जिले में संचालित अस्पतालों की वास्तविक स्थिति, रजिस्ट्रेशन, बेसमेंट संचालन और मानकों के अनुपालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की भूमिका और कार्यवाही की गति पर जनता की निगाहें टिकी हुई हैं। प्रशासन पर यह दबाव बढ़ रहा है कि वह जांच में पारदर्शिता रखे और जिलाधिकारी के आदेशों का पालन सुनिश्चित करे–ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी न होने पाए।

# डी-8 व डी-21 गैंग के दो सदस्य तथा हिस्ट्रीशीटर धुरन्धर चौहान गिरफ्तार

■ जफराबाद पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कसा शिकंजा, न्यायालय भेजा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर थाना जफराबाद पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय डी-8 और डी-21 गैंग के दो सक्रिय सदस्यों तथा एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में काफी राहत और संतोष का माहौल देखने को मिल रहा है। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित भ्रमण और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि डी-8 गैंग का सदस्य अर्जुन मौर्या, डी-21 गैंग का सदस्य चन्द्रशेखर चौहान और हिस्ट्रीशीटर धुरन्धर चौहान अपने घरों पर मौजूद हैं और आसपास के लोगों को डराने-धमकाने की गतिविधियों में लगे हुए हैं। उनके पुराने आपराधिक इतिहास और दबंगई के कारण आम नागरिकों में काफी भय व्याप्त था। स्थानीय लोग इनके आतंक से परेशान थे और कोई भी इनके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपित क्षेत्र में भय और तनाव का वातावरण बना रहे थे, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। अपराध रोकथाम एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से इन आरोपितों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

**गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम-पते**

अर्जुन मौर्या, पुत्र जियालाल, निवासी पिण्डरा, थाना जफराबाद, जौनपुर चन्द्रशेखर चौहान, पुत्र बलिराम, निवासी गोण्डा खास, थाना जफराबाद, जौनपुर धुरन्धर चौहान, पुत्र स्व. अभिमन्यु चौहान, निवासी हौज पोखर, थाना जफराबाद, जौनपुर

# शिविर में सिखाई गईं स्काउटिंग की विधाएं

**जन एक्सप्रेस । आज़मगढ़**

कोटिला चेकपोस्ट स्थित आजमगढ़ पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा आयोजित पांच दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना व टीमवर्क के गुणों का विकास करना रहा। शिविर का संचालन लीडर ऑफ द कोर्स मोहम्मद सादिक के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण कार्य में बेसिक ट्रेनर गोविंदा चौहान तथा बेसिक ट्रेनर एवं स्काउट यूनिट लीडर मोहम्मद शाहिद ने सहयोग किया। पांच दिनों के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों, अभ्यासों एवं व्यावहारिक कार्यों के माध्यम से स्काउटिंग की महत्वपूर्ण विधाएं सिखाई गईं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अवधेश यादव डीओसी स्काउट्स एंड गाइड्स ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्राचार्या रूपल पांडेया, उप-प्रधानाचार्या रूना खान, गाइड यूनिट लीडर उज्मा खान, कब यूनिट लीडर मोहम्मद जाहिद सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जौनपुर जिला कांग्रेस कमेटी शहर कांग्रेस कमेटी




**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर ज़िला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री नदीम जावेद ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार लोकतंत्र को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। सरकार चाहती है कि पूरा लोकतंत्र एक तरह के स्.द्ध.क्रसिस्टम में बदल जाए, जहाँ जनता की आवाज़ को दबा दिया जाए और संस्थाओं पर राजनीतिक दबाव बनाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पर बीजेपी और आरएसएस का अनुचित प्रभाव लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर रहा है। श्री जावेद ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में जिस तरह चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया गया, वह लोकतंत्र के लिए अत्यंत चिंताजनक है। बिहार में तो हद पार करते हुए चुनावी रिकॉर्ड को तोड़कर उसे ÷डकैती÷ की तरह नष्ट किया गया जो देश के इतिहास में अभूतपूर्व है।उन्होंने स्पष्ट कहा कि बीजेपी और ओवैसी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, दोनों ही जाति-विशेष और धर्म-विशेष की राजनीति करके समाज को बांटने की राजनीति को बढ़ावा देते हैं। इसके उलट, कांग्रेस पार्टी सर्व धर्म, सर्व समाज और सर्व समुदाय को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी जी के साथ आज देश का आम जनमानस खड़ा है, जिसका प्रमाण पूरे देश ने भारत जोड़ो यात्रा और वोट चोरी यात्रा के दौरान देखा है। जिला कांग्रेस और शहर कांग्रेस की टीमों द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए किए जा रहे कार्यों की भी उन्होंने सराहना की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग की पक्षपातपूर्ण भूमिका के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन खड़ा करेगी, ताकि जनता के मूल अधिकार वोट का अधिकार की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। अंत में श्री जावेद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और जनता की आवाज़ की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार सिंह , शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ़ ख़ान ,पूर्व अध्यक्ष लालजी चौहान , प्रदेश कांग्रेस सचिव सत्यवीर सिंह , लाल प्रकाश पाल, इरशाद खान, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भारत अब किसी पर निर्भर नहीं, अपनी ताकत से आगे बढ़ रहा है: अनामिका चौधरी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर भारतीय जनता पार्टी का सीहीपुर कार्यालय में आयोजित आत्मनिर्भर भारत प्रोफेशनल मीट का कार्यक्रम आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया ने की और मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी उपस्थित रहीं सर्वप्रथम कार्यक्रम का सुभारंभ पार्टी के पुरोधा पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया उसके बाद वंदेमातरम गीत गाया गया। इस कार्यक्रम में जौनपुर के व्यवसायी, शिक्षाविद, चिकित्सक, इंजीनियर, महिला उद्यमी और युवा प्रोफेशनल्स बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नीति नहीं, बल्कि यह भारत की नई पहचान है एक ऐसा भारत जो अपनी जरूरतों के लिए किसी दूसरे देश पर निर्भर नहीं रहेगा उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में आत्मनिर्भर भारत अभियान चला रही है इसके तहत सभी जिला मुख्यालयों पर बैठकें की जा रही हैं, जहां लोगों को यह संकल्प दिलाया जा रहा है कि हम स्वदेशी वस्तुएं अपनाएंगे और वोकल फॉर लोकल बनेंगे जैसा कि प्रधानमंत्री जी की सोच है, साल 2047 तक हमारा देश आत्मनिर्भर बने, इसी दिशा में हम सभी को मिलकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है केंद्र सरकार ने छोटे व्यापारियों, स्टार्टअप्स और स्थानीय उद्योगों को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं इससे न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी तेजी से आत्मनिर्भर बन रही है आज भारत विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है हमारे पड़ोसी देश और विदेशी ताकतें भारत की प्रगति देखकर चकित हैं लेकिन अब भारत किसी भी दबाव या प्रभाव में आने वाला नहीं है नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत की आत्मा को पुनः जगाने का काम किया है। युवाओं से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें और ÷लोकल के लिए वोकल÷ बनें। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति यदि अपने क्षेत्र के उद्योग और उत्पादों को आगे बढ़ाने का संकल्प ले, तो भारत जल्दी ही दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और वैश्विक मंच पर देश की स्थिति को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया है आज भारत चौतरफा विकास कर रहा है और भारत के आस पड़ोस के जो देश हैं। लगातार भारत की समृद्धि को देखकर यह सोच रहे हैं कि किस प्रकार हम या विदेशी ताकत भारत पर अपना नियंत्रण कर सकें परंतु नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब ऐसा संभव नहीं है। केंद्र की सरकार ने अधिक से अधिक व्यापारियों को मजबूत करने का काम किया है। उद्योगों को मजबूत करने का काम किया है जिससे रोजगार के नए-नए अवसर भी पैदा हो रहे है कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ङ्घद्बस्रङ्ग1जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि 'मेड इन इंडिया' की सोच को मजबूत बनाना है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, स्स्स्थ्य सेक्टर को सशक्त बनाना और नवाचार को प्रोत्साहित करना इस अभियान की मुख्य दिशा है आत्मनिर्भर भारत से देश के ग्रामीण इलाकों में भी नए अवसर बन रहे हैं कारीगर, बुनकर और छोटे उद्यमी अब अपनी पहचान बना रहे है आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है भारत को अपनी आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर बनाना, ताकि वह अपनी आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर न रहे।

# लायन ओम अग्रवाल बने अध्यक्ष लायन सुनील अग्रवाल बने सचिव

**जन एक्सप्रेस । आज़मगढ़**

लायंस क्लब का 25वां अधिष्ठान समारोह रविवार को बड़ी ही गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इसमें नए पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों का कार्यभार संभाला। इसके बाद निवर्तमान अध्यक्ष लायन अशोक श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। नए अध्यक्ष लायन ओम अग्रवाल, सचिव लायन सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन रवि जायसवाल और पीआरओ लायन संजय डालमिया बनाए गए। प्रयागराज से पधारे मंडल अध्यक्ष लायन डॉ. अर्पण धर दुबे ने अधिष्ठान की विधिवत घोषणा करते हुए लायंस क्लब आजमगढ़ की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह क्लब समाज के उन वर्गों तक सेवा पहुंचाता है जिन्हें सामान्यतः मदद नहीं मिल पाती। उन्होंने लायंस क्लब के संस्थापक मेलविन जोन्स को याद करते हुए सभी से उनके आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। समारोह में चार नए सदस्यों लायन सुदर्शन दास अग्रवाल, लायन नितिन गौर, लायन विजय कुमार एवं लायन सोमनाथ गोयल को उप मंडलाध्यक्ष द्वितीय लायन उमेश चंद्र कक्कड़ द्वारा दीक्षा दिलाई गई। उप मंडलाध्यक्ष प्रथम लायन उदय चंदानी ने क्लब के नए पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। अध्यक्ष लायन ओम अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष क्लब द्वारा स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण, डायबिटीज एवं नेत्र चिकित्सा सहित स्वच्छता पर विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शंकर नेत्रालय वाराणसी के सहयोग से हर महीने गरीब एवं असहाय लोगों के लिए नेत्र जांच व दवा शिविर लगाए जाएंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन होम्योपैथी डॉ. भक्तवत्सल एवं डॉ. सीजी मौर्य ने मंडल अध्यक्ष लायन डॉ. अर्पण धर दुबे एवं लायन डॉ. एसके शुक्ला का सम्मान किया।

# पूर्व सपा नेता नवाब सिंह पर लूट का केस

## भट्टा संचालक की शिकायत पर बीस लोगो पर हुई एफआईआर, रेप के आरोप में जेल में है बंद

- भट्टा संचालक की शिकायत पर बीस लोगो पर हुई एफआईआर, रेप के आरोप में जेल में है बंद

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



नाबालिग से रेप के आरोपी पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव समेत 20 लोगों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की गई है।
यह मामला ईंट भट्टा संचालक की शिकायत पर लूटपाट, हमला और प्रतिष्ठान पर कब्जे से संबंधित संगीन धाराओं में दर्ज हुआ है।
सदर कोतवाली क्षेत्र के छिपट्टी मोहल्ला निवासी विशाल यादव ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 19 नवंबर 2023 को दोपहर 2 बजे वह अपने पार्टनर देवेश कटियार और मुनीम रंजीत यादव के साथ देवधरापुर गांव स्थित कृष्णा ब्रिक फील्ड पर मौजूद थे। तभी वीरपाल यादव उर्फ नीलू, सचिन यादव, सुरजीत यादव, प्रदीप यादव, विराट मौर्या और शिवम दुबे अपने साथ 12-13 अज्ञात लोगों को लेकर वहां पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने अवैध असलहे दिखाते हुए रंगदारी मांगी और गोलक में रखे डेढ़ लाख रुपए जबरन ले लिए। हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला किया और फायरिंग भी की। विशाल यादव ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद हमलावरों ने उनके प्रतिष्ठान पर कब्जा कर लिया। विशाल यादव के अनुसार, उन्होंने उसी दिन सदर कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी, लेकिन नवाब सिंह यादव और नीलू यादव के क्षेत्र में दबदबे के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवार को कई तरह से प्रताड़ित किया गया, जिसकी शिकायतें शासन, प्रशासन और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गईं। कोई कार्रवाई न होने पर डर के कारण विशाल को शहर छोड़ना पड़ा।
बाद में, नवाब सिंह यादव की शह पर भट्टे से लगभग 20 लाख रुपए की ईंटें, 15 लाख रुपए का अन्य सामान और चाचा विपिन यादव के नाम पंजीकृत एक पल्सर बाइक भी लूट ली गई। यह बाइक अभी भी लापता है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर 7 नामजद और 13 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 395 (लूट), 447 (अतिक्रमण), 327 (जबरन वसूली), 427 (नुकसान), 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### समाजसेवियों ने दिव्यांगो को बांटे कम्बल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। विकलांग जन कल्याण सेवा संस्थान के सैकड़ो दिव्यांगों को गोविंद राम एंड सन्स द्वारा कंबल का वितरण किया गया। गौरतलब हो कि अनिल अग्रवाल द्वारा वर्षों से विकलांगों को कंबल वितरण का आयोजन किया जाता है विकलांग जन कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष परशुराम रावत ने बताया कि विगत 15 वर्षों से प्रतिवर्ष 50 से 100 विकलांग जनों को कंबल वितरण का किया जाता रहा है। हमारा सभी का प्रयास रहता है कि दिव्यांगो के हित में जो भी संभव हो वो मदद मिल सके। जिसके चलते हमारा संस्थान निरंतर विकलांग भाइयों के सहयोग में कार्य कर रहा है। संस्थान की उपाध्यक्ष रंजीता देवी ने कंबल वितरण कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए बताया कि बीते शनिवार को एक सैकड़ो दिव्यांगों को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण गोविंद राम एंड संस के अनिल अग्रवाल द्वारा किया गया है। जिससे दिव्यांग जनों को ठंड से राहत मिलेगी। अनिल अग्रवाल ने कहा-प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकलांग भाइयों को कंबल वितरण किया गया है। हमारा प्रयास है रहता है कि जो भी मदद संभव हो सकती है हम निरंतर विकलांग भाइयों की सेवा में तत्पर है। इस मौके पर सुरजनी, रामबरन, अशोक, सुनीला, रामसिंह, सत्यदीन, उर्मिला, रामनरेश, केवला, सारथ, पप्पू, सरस्वती, ऊषा, ममता, फूलमती, रिमा, सुरस्ती आदि लोग शामिल रहे।

# अखिल भारतीय पाल महासभा उन्नाव एवं पाल विकास शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति द्वारा

## मेधावी छात्र-छात्राओं का किया जायेगा सम्मान

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



रविवार को अखिल भारतीय पाल महासभा उन्नाव एवं पाल विकास शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति द्वारा आगामी 25 दिसंबर को मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह एवं विशाल पाल सम्मेलन के आयोजन के विषय में बैठक हुई अखिल भारतीय पाल महासभा उन्नाव एवं पाल विकास शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति के पदाधिकारियों ने जनपद के सुमेरपुर ब्लाक के गांव कलानी एवं पंचम खेड़ा में गोष्ठी की जिसमें क्रमशः घूरूप्रसाद पाल जी एवं संतू पाल के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई तथा संचालन संतोष पाल जिला महामंत्री अखिल भारतीय पाल महासभा के द्वारा किया गया समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह एवं विशाल पाल सम्मेलन के आयोजन हेतु परिचर्चा करते हुए सभी वक्ताओं ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आगामी 25 दिसंबर को उन्नाव में आयोजित होने वाले विशाल पाल सम्मेलन में पहुंचने तथा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं जिन्होंने वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में 75त्न से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं को लाने के लिए प्रेरित किया तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वास एवं पाखंड से दूर रहने एवं शिक्षा पर जोर देने जैसी जरूरी बातों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर नारायण पाल, रामकृपाल पाल, कमलेश पाल, दिनेश पाल नवल पाल, कमलेश पाल पंचमखेड़ा, धनंजय पाल, पुष्पराज पाल, रामशंकर पाल, रामसिंह पाल एडवोकेट, सुखरानी पाल, शिवलाल पाल, नन्हकऊ पाल, सुशील पाल सिकरी, सत्यम पाल, दयाराम पाल, सुन्दर पाल, राजाराम पाल, ठाकुरदीन पाल, राकेश पाल, रामश्री पाल, पूजा पाल, शिवकुमारी पाल, बिटाना पाल, पाल विकास शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर पाल एडवोकेट, महासचिव रामसजीवन पाल, अखिल भारतीय पाल महासभा के जिला अध्यक्ष रामनारायण पाल, महामंत्री संतोष पाल, राघवेन्द्र पाल एडवोकेट सहित कार्यक्रम में पानकुंवर खेड़ा, सधारन खेड़ा, रिशाल खेड़ा, भैया खेड़ा, सुल्तानपुर, कलानी, लालपुर, देवीपुर, कीरतपुर, बाबूखेड़ा, पंचम खेड़ा आदि गांवों के सैकड़ो लोग एवं मातृशक्तियां उपस्थित रहीं

# जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा आरोग्य मेला, 2739 मरीजो का परीक्षण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ.प्र. लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद के समस्त 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 03 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आज मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।
मेले के प्रभावी संचालन हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किया गया। मेले में आने वाले नागरिकों को कई प्रकार की मुफ़्त स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिनमें विभिन्न रोगों की निःशुल्क जाँच एवं उपचार, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण से संबंधित परामर्श, हेपेटाइटिस बी एवं सी कार्ड परीक्षण, टी.बी. संभावित रोगियों की जाँच, नेत्र रोगियों की जाँच, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनवाने की सुविधा आदि महत्वपूर्ण सेवाएँ शामिल रहीं। आज आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में कुल 2739 मरीजों (पुरुष 1127, महिलाएँ 1105 एवं बच्चे 507) ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 13 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर लाभार्थियों को वितरित किए गए। प्रत्येक केंद्र पर चिकित्सकों के साथ पर्याप्त संख्या में पैरामेडिकल कर्मी उपस्थित रहे, जिससे सभी लाभार्थियों को सहज, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हो सकीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य मेलों का उद्देश्य आमजन को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर ही समग्र स्वास्थ्य सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े और समय पर उपचार सुनिश्चित हो सके।

# एसपी ने 8 दरोगाओं का कार्यक्षेत्र बदला

## 15 दिन पहले लाइन हाजिर दरोगा को साइबर थाने में मिली तैनाती



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

एसपी ने देर रात आठ दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस फेरबदल में एक ऐसे दरोगा को भी नई तैनाती मिली है, जिन्हें 15 दिन पहले एडीजी के निर्देश पर लाइन हाजिर किया गया था। अब उन्हें साइबर थाने में तैनात किया गया है।
एसपी बिनोद कुमार ने राजकीय कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करने के उद्देश्य से इन आठ दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले हैं। इस सूची में एसआई शशिकांत कनौजिया का नाम भी शामिल है। शशिकांत कनौजिया इससे पहले तालग्राम के थाना प्रभारी के पद पर कार्यरत थे।
उन्हें 31 अक्टूबर को एडीजी आलोक सिंह के निर्देश पर लाइन हाजिर किया गया था। लगभग 15 दिन पुलिस लाइन में बिताने के बाद, एसपी ने उन्हें साइबर थाने में तैनाती दी है। अन्य तबादलों में, पुलिस लाइन से रामकृष्ण मिश्रा को सरायमीरा का चौकी इंचार्ज बनाया गया है। वहीं, सरायमीरा चौकी इंचार्ज प्रशांत सिंह भदौरिया को कन्नौज कोतवाली भेजा गया है। गुरसहायगंज थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिनोद कुमार कश्यप को मझपुरवा चौकी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जसोदा चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह को गुरसहायगंज की इंद्रा नगर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। उनकी जगह इंद्रानगर चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह को जसोदा चौकी का चार्ज दिया गया है। विशेष जांच प्रकोष्ठ प्रभारी विनय कुमार को कुसुमखोर चौकी इंचार्ज नियुक्त किया गया है, जबकि कुसुमखोर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह को तालग्राम थाने की अमोलर चौकी का इंचार्ज बनाया गया है।

# महादेवा महोत्सव का जिलाधिकारी आज करेंगे शुभारम्भ



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सुप्रसिद्ध सप्तदिवसीय महादेवा महोत्सव की सभी तैयारियां चाकचैबंद हो गई है भव्य सांस्कृतिक पंडाल सहित सभी व्यवस्थाएं पूर्ण हो गई। कल सोमवार को दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी विष्व कल्याण द्वारा पर फीता काटकर महोत्सव का आगाज करेंगे। मेला प्रशासन द्वारा भव्य दिव्य सांस्कृतिक पाण्डाल भी बनाया जा चुका है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण केंद्र 40 फीट ऊंची अमरनाथ गुफा भी दुर्गा जागरण समिति रानीगंज के अध्यक्ष एवं समाज सेवी पूर्व ब्लाक प्रमुख ज्ञानू सिंह व महामंत्री दुर्गेश मिश्रा के अथक प्रयासों से तैयार की जा चुकी हैं। सूचना एवं जनसंपर्क तथा विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के द्वारा लगाई जाने वाली प्रदर्शनी के स्टाल भी बन चुके हैं। युवा व बच्चों के मनोरंजन के साधन रेलगाड़ी ड्रैगन चकरी छोटे बड़े झूले महोत्सव में चार चांद लगाएगे। पूरा मेला परिसर चमचमाता नजर आ रहा है। मंदिर के मुख्य द्वार व मन्दिर का रंग रोगन करके फूलों से सजाया गया। मेला परिसर की साफ सफाई पेयजल प्रकाश शौचालय सीसीटीवी कैमरा आदि की व्यवस्थाएं पूर्ण हो गई हैं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। रविवार को एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गूंजिता अग्रवाल तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने मेला मैदान में पहुंचकर सभी व्यवस्थाओ का बारीकी से निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी मौके पर रहकर व्यवस्थाओं को आकर्षक बनाने में लगे हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजन तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सिंह नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार आदि लोग मौजूद रहे। इस वर्ष होने वाले महोत्सव की तैयारियों को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि कार्यक्रम बहुत ही यादगार रहेगा।

### महादेवा महोत्सव की सुरक्षा पुख्ता करने को प्रशासन मुस्तैद

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज ब्लॉक इलाके के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेष्वर महादेवा धाम में सोमवार से शुरू होने वाले महादेवा महोत्सव को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। रविवार दोपहर अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत,पुलिस क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कनौजिया तथा रामनगर इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय ने पुलिस टीम के साथ महादेवा महोत्सव पंडाल का आकस्मिक निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेले के चारों ओर मजबूत बैरिकेडिंग बनाने के निर्देश दिए। जिसके साथ ही अधिकारियों ने अमरनाथ गुफा की मजबूती को परखा और गुफा के ऊपर चढ़कर सुरक्षा मानकों की विस्तृत जांच की। अमरनाथ गुफा की सुरक्षा संबंधी सभी बिंदुओं की जानकारी अधिकारियों ने गुफा निर्माण की देखरेख कर रहे दुर्गेश मिश्र से ली। अधिकारियों ने बताया कि इस बार महादेवा महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा रहा है। मेले के प्रत्येक हिस्से पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहेगी। बम निरोधक दस्ते, अग्निशमन वाहनों सहित पुलिस और पीएसी बल की व्यापक तैनाती सुनिश्चित की गई है। महोत्सव की सुरक्षा व्यवस्था में 12 इंस्पेक्टर, बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन टीम, वर्दीधारी और सादी वर्दी में पुलिसकर्मी लगातार गश्त करेंगे।

# युवा उद्यमी और लखपति दीदी योजना में कम प्रगति से डीएम नाखुश

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान, पीएम सूर्य घर योजना एवं लखपति दीदी योजना की प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया और योजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।
जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप प्रगति न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। बताया कि विगत माह की तुलना में जनपद की मंडलीय रैंकिंग में गिरावट आई है, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद को आवंटित 1057 लक्ष्यों में से 885 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जो संतोषजनक उपलब्धि है। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष लक्ष्यों को भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि जनपद की ऊर्जा उत्पादन क्षमता और हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा सके।
लखपति दीदी योजना पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो महिलाएँ स्वयं का व्यवसाय शुरू करने की इच्छुक हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर योजना से जोड़ा जाए और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त डीसी एनआरएलएम राज कुमार लोधी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, यू.पी. नेडा परियोजना अधिकारी अनुपम राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति टीम महिलाओं को कर रही सशक्त

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

मिशन शक्ति टीम ने रेलवे स्टेशन पर बालिकाओं एवं महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों के साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह के नेतृत्व मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल सुमन मौर्य, आशा यादव के द्वारा रेलवे स्टेशन पर नारी सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर बालिकाओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन हेतु घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पास्को एक्ट, गुड टच बैड टच, साइबर क्राइम संबंधी अपराध, महिला मिशन शक्ति केंद्र, यातायात के नियमों, बारे में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम ने हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपात कालीन सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा,102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी देकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन योजनाओं के बारे में जानकारी देकर पंपलेट वितरित किया गया।

# जनपद में जीरो फेटैलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम शुरू

**पुलिस लाइन सभागार में इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित 10 क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों की ब्रीफिंग की गई**



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से ज़ीरो फेटैलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पुलिस लाइन सभागार में इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित 10 क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों की ब्रीफिंग की गई, जिसमें क्रिटिकल पुलिस स्टेशन प्रभारी और यातायात पुलिस उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान पिछली सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों के आधार पर छह क्रिटिकल कॉरिडोर चिन्हित किए गए हैं। इन कॉरिडोर से संबंधित थानों, जिनमें कोतवाली नगर, देवा, फतेहपुर, कुर्सी, सफदरगंज, रामनगर, मसौली, हैदरगढ़, लोनीकटरा और रामसनेहीघाट शामिल हैं, के अंतर्गत आने वाले मार्गों पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए 10 क्रिटिकल कॉरिडोर टीमें ) गठित की गई हैं। यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस को क्रिटिकल कॉरिडोर, क्रिटिकल क्रैश लोकेशन और हैंडओवर टाइम जैसे विभिन्न मानकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्हें ओवर-स्पीडिंग, ड्रंकन ड्राइविंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, रैश ड्राइविंग और बिना नंबर प्लेट वाले डंपर ट्रकों व भारी वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है। दुर्घटनाओं की रोकथाम, त्वरित सहायता और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन आवर के भीतर सहायता उपलब्ध कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके लिए डायल-112, एंबुलेंस सेवा और हाईवे पेट्रोलिंग के बीच समन्वय को मजबूत करने तथा प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। एनएचएआई, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग एवं स्थानीय निकायों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर सड़क सुधार, प्रकाश व्यवस्था व संकेतक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के तहत गुड सेमिरिटन को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।
गुड सेमिरिटन वह व्यक्ति है जो मोटर वाहन दुर्घटना के पीड़ित को तत्काल सहायता प्रदान करता है और उसे गोल्डन आवर के भीतर अस्पताल या ट्रॉमा केयर सेंटर तक पहुंचाकर चिकित्सा उपचार दिलाने में मदद करता है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर लगा जन आरोग्य मेला

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



सिरौलीगौसपुर। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। सिरौलीगौसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के नेतृत्व में तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की जांच की गई और उन्हें दवाएं वितरित की गईं।कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला, फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा, वार्ड ब्वॉय त्रिभुवन सिंह, एसएम धीरेंद्र वर्मा, एलटी शुभम अवस्थी और एनएम ज्योति यादव की मौजूदगी में 33 मरीजों की जांच की गई। इन मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार से संबंधित दवाएं दी गईं। इसी क्रम में, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ. अन्विता पांडे, फार्मासिस्ट उमेश कुमार मिश्रा, एसएलए रामतीरथ गौतम और वार्ड ब्वॉय राजबहादुर की उपस्थिति में 52 मरीजों को देखा गया और उन्हें आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डॉ. संजय गुप्ता, फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, वार्ड ब्वॉय शिवाकांत सिंह, स्वास्थ्य सलाहकार अनूप कुमार जायसवाल और पुरुष नर्स शैलेंद्र कुमार की मौजूदगी में 35 मरीजों की जांच की गई। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के कारण जुकाम और बुखार जैसी बीमारियां फैल रही हैं। इसलिए सभी लोग साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें और उबला हुआ पानी पिएं।डॉ. सिंह ने यह भी सलाह दी कि घरों के फूलदानों, पुराने टायरों और कचरे में पड़े डिब्बों में पानी जमा न होने दें। मच्छरों से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और मच्छरदानी का प्रयोग करें। बार-बार बुखार आने की शिकायत होने पर अपनी जांच अवश्य कराएं, ताकि समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या है, तो उन्हें समय रहते सूचित करें, समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# नूरापुर में 70 लाख की पुलिया को मंजूरी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिद्धौर। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के जैदपुर कोठी मार्ग से जुड़े नूरापुर गांव स्थित नवाबगंज रजबहा पर पुलिया निर्माण को मंजूरी मिल गई है। यह पुलिया 75 लाख रुपये की लागत से बनेगी। ग्रामीण सालों से यहां पुलिया निर्माण की मांग कर रहे थे। लेकिन कोई जनप्रतिनिधि ठोस कदम नहीं उठाया। लोग नवाबगंज रजबहा पर दो खंभों के सहारे पैदल आवागमन करने को मजबूर थे। मगर भाजपा के क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत ने इस समस्या को समझा और समाधान का आष्वासन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने मुद्दा उठाया। उनकी मांग पर अब इस पुलिया के निर्माण को स्वीकृति मिली है। इसके लिए एस्टीमेट और प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। विधायक दिनेश रावत ने बताया कि विधानसभा में समुचित विकास उनका संकल्प है। उन्होंने पुष्टि की कि नूरापुर स्थित पुलिया का निर्माण 75 लाख रुपये से कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त, हैदरगढ़ ब्लाक क्षेत्र में गौरी शंकर मंदिर से रुकमुद्दीन तक लिंक रोड के लिए एक करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाली एक और पुलिया को भी मंजूरी मिली है। विधायक ने यह भी बताया कि पुलिया निर्माण की इस मांग को संबंधित विभाग में प्राथमिकता के आधार पर भेजा गया था। पुलिया निर्माण की मंजूरी पर स्थानीय ग्रामवासियों और नूरापुर के प्रधान प्रतिनिधि विनोद सिंह ने विधायक दिनेश रावत का आभार व्यक्त किया है।

# कई डीसीएम आतिशबाजी बरामद, सालो पहले समाप्त हो चुका है आतिशबाजी का लाइसेंस

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

पुलिस ने शहर के जैदपुर मार्ग स्थित पल्हरी में एक भवन में लाखों रूपये की आतिशबाजी का जखीरा बरामद होने से हड़कंप मच गया यह छापेमारी बीते दिनों टिकैतनगर थाना क्षेत्र के सराय बरई में आतिशबाजी बनाते समय विस्फोट होने से दो लोगों की मौत होने और पांच लोगों के घायल होने के बाद की जा रही है। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत पल्हरी में रविवार शाम कोतवाली नगर पुलिस व प्रशासनिक अमले ने एक भवन में दबिश दी भवन के अंदर दाखिल होते ही पुलिस के होश उड़ गए वहां लाखों रूपये की आतिशबाजी का सामान पटाखे ठूंस-ठूंसकर रखे हुए दिखे तो पुलिस ने डीसीएम मंगवाई और उसी में उक्त पटाखों को रखवाकर अन्य स्थान पर लेकर गयी।
छापेमारी के दौरान सीओ सिटी संगम कुमार अगुवाई कर रहे थे, सीओ सिटी संगम कुमार ने बताया की यह भवन किसी विनोद जायसवाल ने ले रखा था और उसका आतिशबाजी का लाइसेंस वर्षों पहले समाप्त हो चुका है इसने पुनः नवीनीकरण नही कराया है अब तक पांच डीसीएम पटाखों को यहां से लेकर जाया गया है छापेमारी जारी है बात की जाए इस भवन की तो यह आबादी के बीच बना हुआ है और यहां पर इतना विस्फोटक अगर एक चिंगारी भी लग जाये तो बड़ी आबादी को जान माल का खतरा हो सकता है,
फिलहाल विनोद जायसवाल पर पुलिस के द्वारा विधिक कार्रवाई अवश्य की जायेगी।

# अनुसूचित जाति में भी लागू होना चाहिए क्रीमी लेयर : सीजेआई

- एक आईएएस अफसर के बच्चे और गरीब किसान मजदूर के बच्चों को एक ही स्तर पर नहीं रखा जा सकता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि वे अब भी इस विचार के पक्ष में हैं कि अनुसूचित जातियों (एससी) को मिलने वाले आरक्षण में क्रीमी लेयर यानी आर्थिक-सामाजिक रूप से आगे बढ़ चुके वर्ग को बाहर किया जाना चाहिए। एक कार्यक्रम इंडिया एंड द लिविंग इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन ऐट 75 इयर्स में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक आईएएस अफसर के बच्चे और गरीब किसान मजदूर के बच्चों को एक ही स्तर पर नहीं रखा जा सकता। उनका कहना था कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचना चाहिए जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

### मेरी सेवानिवृत्ति में बचा है सिर्फ एक हफ्ता

सीजेआई गवई ने बताया कि उन्होंने अतीत में भी इंद्रा साहनी (मंडल आयोग) मामले के आधार पर यही राय दी थी कि जैसे ओबीसी समुदाय में क्रीमी लेयर की पहचान की जाती है, वैसे ही यह व्यवस्था एससी समुदाय के लिए भी होनी चाहिए, भले ही इस विचार की काफी आलोचना हुई हो। उन्होंने मुस्कराकर कहा कि न्यायाधीशों को आम तौर पर अपने फैसलों का बचाव नहीं करना चाहिएज और मेरे पास सेवानिवृत्ति तक सिर्फ एक हफ्ता ही बचा है।

### महिलाओं और समानता पर बदलता भारत

सीजेआई ने कहा कि देश में वर्षों के दौरान महिलाओं के अधिकारों और समानता को लेकर जागरूकता बढ़ी है, और भेदभाव की पुरानी सोच को पीछे छोड़ा जा रहा है। उन्होंने भावुक होकर याद किया कि उनके कार्यकाल का पहला कार्यक्रम महाराष्ट्र के अपने गृह नगर अमरावती में था और आखिरी कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के अमरावती में, मानो उनकी यात्रा एक पूरा चक्र पूरा कर रही हो।

### संविधान- बदलता, सांस लेता दस्तावेज

सीजेआई गवई ने कहा कि भारतीय संविधान स्थिर नहीं है, बल्कि एक जीवंत, विकसित होने वाला दस्तावेज है। डॉ. भीमराव आंबेडकर की सोच पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन की प्रक्रिया इसीलिए रखी गई ताकि समय के साथ जरूरतें बदलने पर देश आगे बढ़ सके। उन्होंने बताया कि आंबेडकर के भाषण, विशेषकर जब वे मसौदा संविधान प्रस्तुत कर रहे थे, हर कानून के विद्यार्थी को पढ़ने चाहिए। आंबेडकर के तीन शब्द- समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व- को उन्होंने भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति की रीढ़ बताया।

**संविधान ने बदली लाखों की जिंदगी-मेरा भी सफर इसका उदाहरण**

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान की वजह से ही आज भारत में दो राष्ट्रपति अनुसूचित जाति से हुए हैं और वर्तमान राष्ट्रपति एक अनुसूचित जनजाति की महिला हैं। अपनी यात्रा याद करते हुए उन्होंने कहा, अर्ध-झुग्गी जैसे इलाके और नगरपालिका स्कूल में पढ़ने वाला एक बच्चा भी जब देश की सर्वोच्च न्यायिक कुर्सी तक पहुंच सकता है, तो यह संविधान की ही ताकत है।

## दलगत राजनीति से दूर हूं, भावनाओं पर नियंत्रण बेहद जरूरी : उपराष्ट्रपति

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को बिहार चुनाव-2025, कथित वोट चोरी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह दलगत राजनीति से दूर हूं। मेरी अपने सभी मित्रों से अपील है कि जो भी सार्वजनिक जीवन में हैं, उन्हें हमेशा अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए। यह बेहद जरूरी है। लोग हमेशा उसी पेड़ पर पत्थर फेंकते हैं, जिस पर फल ज्यादा होते हैं। इसलिए सार्वजनिक जीवन में धैर्य जरूरी है। हमें हर सवाल का जवाब देने की जरूरत नहीं। उन्हें सवाल पूछने का अधिकार है और हमें जवाब देने या न देने का अधिकार है। बिहार चुनाव 2025 के नतीजों के बाद सांविधानिक संस्थाओं पर विपक्ष के हमले पर उपराष्ट्रपति ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह ठीक है। हर किसी की अपनी राय होती है, लेकिन लोग खुद जानते हैं कि सही क्या है। दिल्ली में हुए आतंकी हमले पर उन्होंने कहा, पुलिस और खुफिया एजेंसियों को हर बार सतर्क रहना पड़ता है। आतंकियों को सिर्फ एक बार सफल होना होता है। यह (विस्फोट) बहुत दर्दनाक था, लेकिन इससे सभी एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। वे अपनी पूरी कोशिश करेंगी और भविष्य में ऐसे मामलों पर रोक लगाएंगी।

## नौसेना की ताकत में होगा इजाफा, 24 नवंबर को सेवा में शामिल होगा पनडुब्बी-रोधी युद्धपोत माहे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पनडुब्बी-रोधी युद्ध के लिए युद्धपोत माहे 24 नवंबर को भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह एक शैलो-वॉटर क्राफ्ट है। यानी यह युद्धपोत समुद्र की बजाय तटीय जल क्षेत्र या नदी मुहाने जैसे उथले पानी वाले क्षेत्रों के लिए डिजाइन किया गया है। यह टॉरपीडो, कई भूमिका वाली पनडुब्बी-रोधी मिसाइल, उन्नत रडार और सोनार से सुसज्जित है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड पनडुब्बी रोधी युद्ध के लिए युद्धपोत बना रहा है, जिनमें यह पहला है, जिसका नाम माहे है। यह नाम पुडुचेरी के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर माहे के नाम पर रखा गया है और भारत की समृद्ध समुद्री विरासत का प्रतीक है। नौसेना प्रवक्ता ने कहा, अपनी ताकत, छिपकर काम करने की क्षमता और गतिशीलता के साथ यह जहाज पनडुब्बियों का शिकार करने, तटीय गश्त करने और भारत के अहम समुद्री मार्गों की सुरक्षा करने के लिए डिजाइन किया गया है। टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी रॉकेट से सुसज्जित माहे-श्रेणी का पहला जहाज 23 अक्तूबर को नौसेना को सौंपा गया था। नौसेना प्रवक्ता ने कहा कि 24 नवंबर को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में माहे को शामिल करने के साथ ही नौसेना की देशी जहाज निर्माण की यात्रा में एक और मील का पत्थर छूने वाला है। उन्होंने कहा, माहे आत्मनिर्भर भारत पहल में नौसैनिक जहाज डिजाइन और निर्माण की अत्याधुनिक तकनीक का प्रतिनिधित्व करता है। छोटा होने के बावजूद यह जहाज शक्तिशाली है और तेजी, सटीकता का प्रतीक है। ये सभी गुण तटीय क्षेत्रों में दबदबा बनाए रखने के लिए अहम हैं। 80 फीसदी से अधिक देशी सामग्री के साथ माहे-श्रेणी भारत की युद्धपोत डिजाइन, निर्माण और एकीकरण में बढ़ती महारत को दर्शाता है। मलाबार तट के ऐतिहासिक तटीय शहर के नाम पर रखे गए इस जहाज के प्रतीक चिह्न में उरुनी, केरल की मार्शल आर्ट कलारिप्पायट्टु की तलवार दिखाई देती है, जो तेजी, सटीकता और मारक क्षमता का प्रतीक है। नौसेना ने कहा, माहे का कमीशन होना नई पीढ़ी के देशी शैलो-वॉटर युद्धपोतों के आगमन का प्रतीक होगा।

## गाजियाबाद यातायात जागरूकता माह के अन्तर्गत जागरूकता अभियान आयोजित

- सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर भव्य वॉकथान

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता माह के तहत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर यातायात पुलिस द्वारा एक भव्य वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सुरक्षित सड़कें, सुरक्षित जीवन यह वॉकथॉन मुख्य रूप से नागरिकों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने, सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें अपनाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। गाजियाबाद पुलिस की ओर से बताया गया कि बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत है, जो लोगों में जागरूकता फैलाएं और जीवन रक्षा को प्राथमिकता दें। नेताओं और अधिकारियों की भागीदारी कार्यक्रम की खासियत रही कि इसमें स्थानीय सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, पुलिस कमिश्नर रविंद कुमार गौड़, डीसीपी और एसीपी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। सभी ने जनता के लिए उत्सवर्धन के लिए दौड़ लगाई और आम नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भाग लिया। यह दृश्य न केवल प्रेरणादायक था, बल्कि यह संदेश भी देता है कि सड़क सुरक्षा सभी की साझा जिम्मेदारी है। वॉकथॉन में स्कूली बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने प्लेकार्ड और बैनर के माध्यम से हेलमेट पहनो, सीट बेल्ट लगाओ, ओवरस्पीडिंग नहीं, जीवन बचाओ जैसे संदेश दिए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा यातायात नियमों पर जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई।

## शराब दुकान के विरोध में आई महिलाएं

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



अर्थला में स्कूल-मंदिर के बीच चल रहे शराब ठेके के विरोध में महिलाओं ने रविवार को धरना दिया। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन के दबाव में ठेका बंद रहा। महिला मंडल ने चेतावनी दी कि ठेका हटे बिना आंदोलन खत्म नहीं होगा।स्थानीय निवासियों के अनुसार इस ठेके को हटाने की मांग पहली बार 2017 में उठी थी। महिलाओं ने कई बार ज्ञापन दिए, अधिकारियों से मिलकर सुरक्षा संबंधी चिंताएँ बताईं, पर हर बार केवल आश्वासन मिला। लोगों का कहना है कि शराब बिक्री से स्कूल आने-जाने वाली बच्चियों असहज माहौल से गुजरती हैं। मंदिर के सामने शराब की कतारें लगना धार्मिक आस्था के विपरीत माना जा रहा है, जबकि बैंक पर आने वाली महिलाओं को भी असुरक्षा महसूस होती है। रविवार सुबह महिलाओं ने तय किया कि अब प्रतीक्षा नहीं, सीधी कार्रवाई होगी। ठेके के सामने दरी डालकर बैठ गईं और नारे लगाने शुरू कर दिए ÷ठेका हटाओ, माहौल बचाओ।÷ धीरे-धीरे पुरुष और युवा भी समर्थन में जुड़ गए। प्रदर्शन के दबाव में दिनभर ठेका बंद रहा। महिलाओं का कहना है कि संघर्ष अब सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि हटाने की अंतिम लड़ाई है, और जब तक लिखित आदेश नहीं मिलता, धरना नहीं हटेगा। धरना बढ़ने की सूचना पर पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने लोगों से बातचीत की और मामले की रिपोर्ट भेजने की बात कही। प्रदर्शनकारी लिखित प्रतिबद्धता की मांग कर रहे हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि ठेका बंद है।

## बच्चियों ने वर्कशॉप की कमाई बाढ़ पीड़ितों को दान की, सीएम भगवंत मान ने की सराहना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



एक ऐसी उम्र जिसमें जहां बच्चे खिलौनों और मिठाइयों के सपने देखते है, अमृतसर की दो छोटी बच्चियों ने अलग सपने देखने का फैसला किया। सिर्फ 7 साल की मोक्ष सोई और 6 साल की श्रीनिका शर्मा ने जन्मदिन के तोहफे या नई गुड़िया नहीं मांगी। इसके बजाय, उनके छोटे-छोटे हाथों ने क्रोशिया की सुइयों से अथक मेहनत की, धागे ही नहीं बल्कि उम्मीद बुनी। उनकी प्रदर्शनी का नाम था ÷क्रोशिए ऑफ काइंडनेस÷ (दयालुता की बुनाई)। यह कला दिखाने के लिए नहीं थी, बल्कि इंसानियत दिखाने के लिए थी। उनके द्वारा बनाई गई हर रंगीन चीज में उनके मासूम दिलों की गर्माहट थी। और जब प्रदर्शनी खत्म हुई, तो इन दोनों फरिश्तों ने कुछ ऐसा किया जो बड़ों को भी एहसास करवा गया के समाज को ऐसी संवेदना की बहुत जरूरत है। उन्होंने पंजाब की बाढ़ पीड़ितों के लिए अपनी कमाई का एक-एक पैसा दान कर दिया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इन अद्भुत बच्चियों से मुलाकात की और उनकी आंखों में वो खुशी दिखी की जो वो अपने लोगों को समझाना चाहते है लोग उसे समझ रहे है। उन्होंने इनके निस्वार्थ कदम की सराहना करते हुए कहा कि ये पंजाब की असली भावना की दूत है।

# गाजियाबाद का श्रीदूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर

- प्राचीन एवं समृद्धशाली श्रीमहंत परम्परा से संबंधित है महादेव का मंदिर'
- छत्रपति शिवाजी महाराज ने यहां की थी श्री दूधेश्वर नाथ महादेव की आराधना
- रावण ने दूधेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर प्राप्त की थी सोने की लंका





जन एक्सप्रेस। राजेंद्र बहादुर सिंह

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के करीब ग़ाज़ियाबाद स्थित श्री दूधेश्वर नाथ मठ दूधेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। यहां श्री दूधेश्वर नाथ शिवलिंग का प्राकट्य सोमवार, कार्तिक शुक्ल, वैकुन्ठी चतुर्दशी संवत् 1511 वि0 तदनुसार 3 नवंबर, 1454 ई0 को हुआ था। इस दिव्य शिव लिंग की प्राकट्य कथा भी बड़ी अद्भुत है। कलियुग में प्राकट्य कैला गाँव श्री दूधेश्वर नाथ महादेव ज्योतिर्लिंग के निकट ही है। पुराणों में वर्णित हरनंदी (हिन्डन) आज भी पास ही बहती है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि भगवान् दूधेश्वर अपने जिस भक्त पर अति प्रसन्न होते हैं, उसे स्वर्ण प्रचुर मात्रा में मिलता है। ऋषि विश्वेश्रवा और रावण को भी तो दूधेश्वर की पूजा-अर्चना से ही सोने की लंका प्राप्त हुई थी। भगवान दूधेश्वर की कृपा और मठ के सिद्ध संत-महंतों के निर्मल आशीर्वाद से लाखों लोग कष्टों से मुक्ति पा रहे हैं। यह सिलसिला त्रेता युग से आज तक निरंतर जारी है।

### धर्मपाल गर्ग और उनके परिवार जनो ने मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया

लगभग 350 वर्ष पूर्व औरंगजेब काल में मराठा वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी अपने लाव लश्कर के साथ यहाँ पधारे थे। मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया और यज्ञशाला भी बनवाई थी जो आज भी मौजूद है और इच्छित मनोकामना पूर्ण होने के बाद वर्तमान में धर्मपाल गर्ग जी और उनके परिवार जनो ने मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया है। वहीं, भगवान् दूधेश्वर लिंग के दर्शन कर छत्रपति महाराज धन्य हो गये। उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया। शिवाजी महाराज ने यहाँ हवन भी किया था। उनके द्वारा जमीन खुदवा कर गहराई में बनवाया गया हवन-कुंड आज भी यहाँ मौजूद है। इसी हवन-कुंड के निकट वेद विद्यापीठ की स्थापना वर्तमान श्रीमहंत नारायण गिरी जी महाराज ने की है, जिसमे देश के कोने-कोने से आये विद्यार्थी वेद का ज्ञान अर्जित कर रहें हैं। कहा जाता है कि औरंगजेब के कारागार से निकल भागने के बाद छत्रपति शिवाजी यहाँ आये थे और यहाँ एकांत में हवन-पूजन व भगवान् दूधेश्वर का अभिषेक करने के बाद ही मराठा सैनिक मुगलों के दांत खट्टे करने के लिये निकला करते थे । यह क्रम काफी लम्बे समय तक चला था । पण्डित गंगा भट्ट द्वारा राजतिलक किये जाने के उपरांत शिवाजी ने श्री दूधेश्वर नाथ महादेव की महिमा से प्रभावित होकर महाराष्ट्र में एक गाँव बसाकर उसका नाम दूधेश्वर ग्राम रखा ,जो आज भी स्थित है । यह भी कहा जाता है कि शिवाजी महाराज ने महाराष्ट्र प्रस्थान से पूर्व पूर्ण विधि-विधान से श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था।



### मठ-मंदिर का संचालन एवं पीठाधीश्वर नारायण गिरी का योगदान

मठ का संचालन श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा से संबंध महंत परंपरा से होता है। ऐतिहासिक सिद्ध पीठ श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर की श्रीमहंत परम्परा अति प्राचीन एवं समृद्धशाली है। इस परम्परा में ऐसे-ऐसे सिद्ध संत-महात्मा हुए हैं, जिन्होंने न केवल मंदिर के उत्थान के लिये कार्य किया बल्कि आध्यात्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में ऐसे अभूतपूर्व कार्य किये जो आम आदमी को अचंभित कर देने वाले हैं। लगभग 560 वर्ष पूर्व ज्ञात प्रथम श्रीमहंत वेणी गिरी जी महाराज से लेकर वर्तमान श्रीमहंत नारायण गिरी जी महाराज तक समस्त सोलह श्रीमहंत विद्वान, सहज और मठ के प्रति पूर्ण समर्पण का भाव रखने वाले हुए हैं। नारायण गिरी जी ने अपना जीवन मंदिर के लिए समर्पित कर रखा है। पीठाधीश्वर नारायण गिरी जी का बचपन भी अद्भुत रहा जिस उम्र बचपन में लोग खेलने में निकाल देते है, उस उम्र में इन्होने सन्यास लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक पद यात्रा की। और श्री महंत जी ने जन जीवन को बहुत नज़दीक से देखा, समझा और जाना है। उन्होंने अपने पिता जी से मूल शिक्षा प्राप्त की। वहीं, साधनहीन मनुष्यों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा सुलभ कराने के उद्देश्य से श्रीमहंत नारायण गिरी जी महाराज ने अपने गुरूजी की पावन स्मृति में 'श्रीमहंत रामगिरी औषधालय' की स्थापना की। आने वाले साधुओं के विश्राम के लिये मंदिर परिसर में गौशाला के पास बरामदे में रुकने की व्यवस्था पूज्य श्रीमहंत नारायण गिरी जी ने बना रखी है। पीठाधीश्वर ने नित्य प्रति साधु-महात्माओं, अभ्यागतों के लिये अन्पूर्णा भंडार प्रात: चाय-नाश्ता, मध्यान्ह भोजन, सांयकालीन चाय-नाश्ता व रात्रि भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क मंदिर समिति की ओर से कराई है। नारायण जी ने कहा यह हमारी विरासत की छोटी सी कोशिश है जो हमारे भारतीय संतों की, महंतों की महापुरुषों की महानता को आने वाली पीढ़ियों को दिखा सके।


### मुख्यमंत्री ने किया रुद्राभिषेक

महंत नारायण गिरी ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई मुख्यमंत्री कावड़ मेले के दौरान दूधेश्वर नाथ मंदिर में तैयारी का जायजा लिया हो। मंदिर का महंत रहते हुए मुझे 40 साल हो गए। मुख्यमंत्री ने कावड़ मेल को लेकर हो रही तमाम तैयारियां के बारे में जानकारी ली थी। मुख्यमंत्री योगी ने इस मंदिर में रुद्राभिषेक भी किया। इसके बाद कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। सावन के महीने में लाखों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने को पहुंचे है।

### अब तक हुए मठ-मंदिर के महंत

दूधेश्वरनाथ महादेव मठ-मंदिर की श्रीमहंत परम्परा से अब तक 16 महंत हुए। इसकी शुरुआत 1511 में श्री श्री 1008 श्रीमहंत वेणी गिरी जी महाराज से शुरु हुई जो वर्तमान में श्री श्री 1008 श्रीमहंत नारायण गिरी जी महाराज इस परंपरा को अपना जीवन समर्पित कर आगे बढ़ा रहे हैं।







### दूधेश्वर नाथ की महिमा एवं प्राकट्य

मान्यता है कि गांव कैला की गायों को चरवाहे टीले पर चराने के लिये लाते थे । गायों को चरने के लिये छोड़कर ग्वाले पेड़ों के नीचे विश्राम करते थे। टीले के निकट ही एक तलाब था ,उससे गायें जल पिया करतीं थी। जब गायें टीले पर एक स्थान विशेष पर पहुंचतीं तो उनके थनों से स्वत: दूध टपकने लगता था। यह बड़ी विचित्र बात थी, जिसकी ओर ग्वालों ने कभी ध्यान ही नहीं दिया था । लेकिन कभी-न-कभी तो किसी का ध्यान इस ओर जाना ही था । हुआ यूं कि जब शाम के समय गायें अपने-अपने मालिकों के घर पहुंचतीं और उनका दूध निकालने का उपक्रम किया जाता तो कई गायें बिल्कुल दूध नहीं देती थीं अथवा बहुत कम दूध देती थीं। जब किसी न किसी गाय के साथ ऐसा होता पाया गया तो चर्चा शुरू हुई । चर्चा मे सबसे पहली बात तो यही कही गयी कि यह चरवाहों की करतूत हो सकती है । गायों को घर पहुंचाने से पहले ही वे उनका दूध निकाल लेते हैं। लेकिन सभी लोग इस बात से सहमत नहीं थे। क्योंकि ज्यादातर चरवाहे पीढियों से नगरवासियों की गायें चरते आ रहे थे और कभी किसी की ऐसी शिकायत नहीं मिली थी। लगातार चर्चा के बाद यही निर्णय हुआ की हो न हो चरवाहे ही गायों का दूध निकाल कर पी जाते हैं , इसलिये उन्हें धमकाया जाये ताकि वे अपनी हरकत से बाज आयें। इस विचार के साथ ही गांव वालों ने ग्वालों को धमकाया कि 'तुम गायों का दूध निकालकर पी जाते हो ,ऐसा करते तुम्हें शर्म नहीं आती । गाय के दूध की चोरी जैसा पाप क्यों करते हो ?' ग्वालों ने कहा कि 'हम कसम खा कर कहते हैं कि गायों का एक बूंद दूध भी हमने आज तक नहीं निकाला। हम पर ऐसा लांछन मत लगाओ, हम बिल्कुल निर्दोष हैं। चरवाहे थे तो बिल्कुल निरपराध ,निर्दोष मगर मामला उन्हें ही सुलझाना था। ग्वालों ने परस्पर विचार-विमर्श किया और निर्णय किया कि सभी ग्वाले गाय चराते समय पूरी तरह से सजग व सतर्क रहेंगे। समस्त ग्वाले दिनभर चौकस रहते। पेड़ों के नीचे बैठते जरुर ,मगर सोते नहीं थे। उन्होंने इस बात का पता लगाना शुरू किया कि कौन उन्हें बदनाम करने के लिये यह नीच हरकत कर रहा है। एक दिन अचानक ग्वालों ने देख की गायें इधर-उधर चरती रहीं तो कुछ नहीं हुआ लेकिन जैसे ही टीले के ऊपर एक स्थान विशेष पर पहुँची तो उनके थानों से दूध स्वत: ही टपकने लगा। कुछेक गायों के थनों से तो बाकायदा दूध की धार ही बहने लगी । जैसे ही गायें उस स्थान विशेष से अलग हटीं उनके थनों से दूध टपकना बन्द हो गया। इस अनोखी घटना को देख सभी चरवाहे हतप्रभ रह गये । यह महान आश्चर्यजनक घटना थी। चकित ग्वालों को एक बात की तो तसल्ली हो गयी कि अब उनपर लगा दूध चोरी का लांछन हट जायेगा ।शाम को लोटकर चरवाहों ने गाँवमें गायों के मालिकों से उक्त घटना के बारे में बताया तो सभी ने उनकी इस बात को मानने से इंकार कर दिया । गाँव वालों ने ग्वालों से कहा कि 'तुम एक झूठ को छिपाने के लिये अब दूसरा झूठ बोल रहे हो। ऐसी मनगढंत कहानी किसी और को सुनाना । हम क्या तुम्हें इतने मूर्ख दिखाई देते हैं कि तुम्हारी इस बे सिर-पैर की कहानी को सच मान लेंगे। काफी बहस के बाद तय हुआ कि अगले दिन ग्वालों के साथ गोपालक भी जायेंगे और घटना की सत्यता की स्वयं जाँच करेंगे। दूसरे दिन गायों के साथ ग्वाले व गाँव वाले भी टीले की ओर चल पड़े। टीले के पास गायों को चरने के लिये छोड़ दिया गया। गायें टीले पर इधर-उधर बिखर गयीं । ग्वालों के साथ ही उत्सुक गाँव वाले भी पेड़ों की छांव में बैठ गये। काफी देर के इंतजार के बाद गाँव वालों ने अपनी आँखों से उस चमत्कार को अपने सामने होते देखा ,जिसके बारे में चरवाहों ने उन्हें बताया था। टीले के स्थान विशेष पर पहुँची कुछ गायों के थानों से स्वत: ही दूध टपकने लगा। बाद में कुछ गायों के थानों से दूध की धार भी बहते देखी । गाँव वालो को ग्वालों की बात पर विशवास हो गया था ,उन्होंने ग्वालों से क्षमा मांगी और उन्हें गाँव में पहुँच कर सबके सामने दोषमुक्त कर दिया। इस विचित्र चमत्कारी घटना की खबर जंगल में आग की तरह आस-पास के तमाम क्षेत्रों में फैल गई। गाँव वालों ने फैसला किया की उस स्थान की खुदाई करके इस अदभुत दैवी रहस्य से पर्दा उठाया जाये। उधर कोट नामक गाँव में उच्चकोटि के ,दसनामी जूना अखाड़े के एक जटिल सन्यासी सिद्ध महात्मा को स्वप्न मे भगवान् शिव ने दर्शन देकर इस महत्वपूर्ण स्थान पर पहुँचने का आदेश दिया । भगवान् शंकर के आदेश का पालन करते हुए सिद्ध संत शिष्यों सहित इस पावन स्थल पर पहुँच गये। खुदाई का काम शुरू हुआ, शीघ्र ही एक जलहरी और एक दिव्य शिवलिंग द्रष्टिगोचर हुआ । गाँव वाले इस अदभुत शिवकृपा से अभिभूत थे । इस दिव्य स्थान पर जल स्रोत भी होना चाहिए कृऐसा बुजुर्गों ने विचार किया । खुदाई करने पर पास ही एक अनोखा कुआं निकला । जिसका जल कभी गंगाजल जैसा ,कभी दूध जैसा सफ़ेद तो कभी मीठा होता था। यह कुआँ आज भी सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में विधमान है।